ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष त्रयोदशी 09:36 उपरांत चतुर्दशी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 9 जून 2025
वर्ष 5, अंक 108, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



किसानों के हितों की रक्षा करेगा भारत 12

जयशंकर यूरोप रवाना, द्विपक्षीय संबंध होगा प्रमुख मुद्दा 14

## जातिवाद से मुक्त हो समाज : भागवत

### संघ प्रमुख बोले-मंदिर, जलाशय, श्मशान पर सभी का समान अधिकार

- कहा-हिंदुओं को एकजुट व सनातन परंपरा को दोबारा स्थापित करेंगे
- पूर्वी यूपी क्षेत्र कार्यकर्ता विकास वर्ग और शिक्षा वर्ग में किया प्रतिभाग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



**अमृत विचार :** शहर प्रवास पर आए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत ने रविवार को स्वयंसेवकों से कहा कि संघ अपने शताब्दी वर्ष में है। पंच परिवर्तन के आधार पर सम्पूर्ण समाज एक बड़े परिवर्तन की ओर जा रहा है।

ऐसा समाज जो राष्ट्र के प्रति अपने दायित्व के लिए जागरूक हो, ऐसा समाज जो पर्यावरण के अनुकूल अपनी जीवन शैली का निर्माण करे, ऐसा समाज जो जातिवाद की विषमता से मुक्त हो, जहां मंदिर, जलाशय, श्मशान पर संपूर्ण समाज का समान अधिकार हो। पं. दीनदयाल उपाध्याय विद्यालय आजाद नगर में पूर्वी यूपी क्षेत्र के कार्यकर्ता विकास वर्ग, सामान्य-विशेष और संघ शिक्षा वर्ग में सरसंघचालक ने भाग लिया। रविवार सुबह उन्होंने प्रशिक्षण वर्ग के लोगों के साथ शाखा की।

इस दौरान उन्होंने कहा कि संघ द्वारा समाज हित में किए गए कार्यों से जुड़े साहित्य को हर घर तक पहुंचाना है। पंच परिवर्तन पर विशेष जोर देते हुए कहा, सभी हिंदुओं को एकजुट करने का काम करना है। हर घर में संस्कार हों और लोग परिवार में एकजुट हों जिससे सनातन परंपरा को हर घर में दोबारा स्थापित किया जा सके।

## राजग सरकार ने 11 साल में महिलाओं को आगे बढ़ाया

- सरकार के तीसरे कार्यकाल का एक साल पूरा होने पर बोले प्रधानमंत्री मोदी
- कहा-सभी क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर लोगों के लिए प्रेरणा बन रहीं महिलाएं

नई दिल्ली, एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी सरकार के तीसरे कार्यकाल का एक साल पूरे होने से एक दिन पहले रविवार को कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार ने अपने 11 साल के कार्यकाल में महिला नीत विकास को पुनः परिभाषित किया है।

प्रधानमंत्री मोदी ने 'एक्स' पर कहा कि विज्ञान, शिक्षा, खेल, स्टार्टअप और सशस्त्र बलों सहित सभी क्षेत्रों में महिलाएं उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं और लोगों के लिए प्रेरणा बन रही हैं। प्रधानमंत्री ने कई कल्याणकारी कार्यक्रमों का हवाला देते हुए कहा कि इनसे महिलाओं को काफी लाभ हुआ है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि स्वच्छ भारत के माध्यम से गरिमा सुनिश्चित करने से लेकर जन धन खातों के जरिए वित्तीय समावेशन तक, विभिन्न पहलों में महिलाओं को सशक्त बनाने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। उन्होंने कहा कि जहां धुआं मुक्त रसोई प्रदान करते हुए उज्ज्वला योजना के माध्यम से गरीब परिवारों को गैस सिलेंडर मिले, वहीं मुद्रा ऋण ने लाखों महिला उद्यमियों को खुद की शर्तों पर अपने सपने पूरे करने में सक्षम बनाया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना में महिलाओं के नाम पर बने घरों ने भी उल्लेखनीय प्रभाव डाला है। मोदी ने कहा कि 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' कार्यक्रम ने बालिकाओं की सुरक्षा के लिए एक राष्ट्रीय आंदोलन की लौ जगाई।

प्रधानमंत्री ने सरकार द्वारा संचालित उन पहलों संबंधी पोस्ट भी साझा किए जिनमें सरकारी योजनाओं द्वारा महिलाओं को दिए गए लाभों को सूचीबद्ध किया गया। इन पोस्ट में कहा गया है कि देश में जीवित जन्मों पर मातृ मृत्यु अनुपात 2011-13 में प्रति लाख 167 से घटकर 2019-21 में प्रति लाख 93 हो गया और नल से जल प्राप्त करने वाले घरों की संख्या अगस्त 2019 में 3.23 करोड़ से बढ़कर मई 2025 में 15.64 करोड़ हो गई।

### हर क्षेत्र में कायम कर रहीं मिसाल

पोस्ट में महिलाओं के लिए कई अन्य कल्याणकारी कदमों पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि उज्ज्वला योजना के तहत 10 करोड़ से अधिक रसोई गैस कनेक्शन दिए गए। प्रधानमंत्री ने कहा कि माताएं-बहनें आज विकसित भारत के संकल्प में भागीदारी निभा रही हैं, बल्कि शिक्षा-व्यवसाय से लेकर हर क्षेत्र में मिसाल कायम कर रही हैं।

## एक नजर

### धोखाधड़ी में तकनीकी विशेषज्ञ गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने 24 वर्षीय एक तकनीकी विशेषज्ञ को एक मोबाइल एप्लीकेशन विकसित करने के आरोप में गिरफ्तार किया है, जिसका इस्तेमाल लोगों को उनके क्रेडिट कार्ड की सीमा बढ़ाने के बहाने धोखा देने के लिए किया जाता था। पुलिस ने रविवार को बताया कि आरोपी की पहचान गाजियाबाद निवासी जय किशन के रूप में हुई है।

### संदेशखालि केस में महिला का बयान दर्ज

**कोलकाता।** सीबीआई की एक टीम रविवार को पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखालि पहुंची और उसने तृणमूल कांग्रेस के पूर्व नेता शेख शाहजहां के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने वाली एक स्थानीय महिला का बयान दर्ज किया। अधिकारी ने बताया कि सीबीआई ने शिकायतकर्ता झुमा मंडल का बयान दर्ज किया और अब इसकी जांच की जाएगी।

### फर्जी वीजा से स्पेन भेजने में एजेंट गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** पंजाब के तीन लोगों को फर्जी शैंगेन वीजा एवं जाली टिकटों के जरिए स्पेन भेजने के आरोपी को पुलिस ने दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से गिरफ्तार किया है। दिल्ली हवाई अड्डे पर तीनों व्यक्तियों को उनके दस्तावेज़ और टिकट नकली पाए जाने के बाद गिरफ्तार कर लिया गया था।

# उत्तराखंड में भ्रष्टाचार करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा

### यूसीसी लागू करने पर मुख्यमंत्री ने मंगलौर में किया रैली को संबोधित

- कार्यक्रम स्थल पर खुद ट्रैक्टर चलाकर पहुंचे सीएम, लोगों पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को चेतावनी दी कि प्रदेश में भ्रष्टाचार करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को बख्शा नहीं जाएगा और उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू किए जाने पर हरिद्वार जिले के मंगलौर क्षेत्र के लिब्बरहेड़ी में आयोजित धन्यवाद रैली को संबोधित करते हुए यह चेतावनी दी।

धन्यवाद रैली में सीएम धामी खुद ट्रैक्टर चलाकर कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। रैली में शामिल हुए लोगों पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की गयी। इस दौरान उन्होंने हरिद्वार में करोड़ों रुपये के जमीन घोटाले के संबंध में हाल में की गई सख्त कार्रवाई का जिक्र करते हुए कहा कि इस मामले में आईएएस और पीसीएस समेत कई अधिकारियों और कर्मचारियों को निलंबित कर दिया गया है।



धन्यवाद रैली में खुद ट्रैक्टर चलाकर कार्यक्रम स्थल पर पहुंचते मुख्यमंत्री धामी।

### ट्रैक्टर की सवारी कर दिया संदेश

मुख्यमंत्री धामी ने जब पारंपरिक मंच से उतरकर ट्रैक्टर की स्टेयरिंग संभाली तो सड़क पर उत्साह की लहर दौड़ गई। किसान, महिलाएं, बुजुर्ग और युवा, सभी यह दृश्य देखने को उमड़ पड़े। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान हमारे देश की रीढ़ हैं। जब मैं ट्रैक्टर चलाता हूं, तो यह केवल एक ड्राइव नहीं, बल्कि हमारे अन्नदाता भाइयों के परिश्रम को नमन करने का एक छोटा-सा प्रयास है। इस दृश्य ने यह स्पष्ट किया कि मुख्यमंत्री का नेतृत्व केवल योजनाओं और घोषणाओं तक सीमित नहीं, बल्कि धरातल पर उतरकर सहभागी बनना उनकी शैली का अभिन्न अंग है।

सीएम ने कहा कि, चाहे छोटा हो या बड़ा (अधिकारी), अगर प्रदेश में कोई भ्रष्टाचार करेगा तो उसे बख्शा नहीं जाएगा। पिछले तीन वर्ष में भ्रष्टाचार में संलिप्त 200 से अधिक अधिकारियों, कर्मचारियों को जेल की सलाखों के पीछे पहुंचाया जा चुका है।

मुख्यमंत्री ने यूसीसी के बारे में कहा कि प्रदेश में इस कानून के लागू होने से संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर का सपना साकार हुआ है क्योंकि इसमें सभी वर्गों एवं धर्मों के लिए एक समान कानून है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यूसीसी किसी धर्म या पंथ के खिलाफ नहीं बल्कि समाज से सभी कुप्रथाओं को मिटाने के लिए एक संवैधानिक उपाय है। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस का नाम लिए बिना आरोप लगाया कि देश में छह दशकों तक शासन करने वाली पार्टी ने यूसीसी के लिए कभी प्रयास नहीं किया और वह केवल वोट बैंक की राजनीति करती रही। अनेक मुस्लिम देशों सहित विश्व के अधिकतर देशों में सभी नागरिकों के लिए एक समान कानून लागू है। प्रदेश में इस वर्ष 27 जनवरी से यूसीसी लागू हुआ और ऐसा करने वाला उत्तराखंड आजादी के बाद देश का पहला राज्य है। यूसीसी लागू करने के लिए धन्यवाद रैली का आयोजन उनका नहीं बल्कि सवा करोड़ उत्तराखंडवासियों का सम्मान है।

## मणिपुर में कई जिलों में कर्फ्यू पांच दिन के लिए इंटरनेट बंद

### राज्य में एटी नेता की गिरफ्तारी के बाद भड़की हिंसा

- प्रदर्शनकारियों ने कई वाहन फूंके, झड़पों में 10 जख्मी

इंफाल, एजेंसी

मणिपुर में सामाजिक-सांस्कृतिक संगठन अरामबाई टेंगोल (एटी) नेता और चार अन्य की गिरफ्तारी के विरोध में बड़े पैमाने पर हुए प्रदर्शन के बाद इंटरनेट सेवाएं पांच दिनों के लिए निलंबित कर दी गई और अनिश्चितकाल के लिए कर्फ्यू लगा दिया गया है। राजधानी इंफाल सहित पांच जिलों में इंटरनेट सेवा निलंबित कर दी गई है और शनिवार रात से हिंसा भड़कने के कारण अनिश्चितकाल के लिए कर्फ्यू लगा दिया गया है। मणिपुर के आयुक्त-सह-सचिव (गृह) एन अशोक कुमार ने कहा कि इंफाल पश्चिम, इंफाल पूर्व, थौबल, काकचिंग और बिष्णुपुर जिलों में इंटरनेट सेवा निलंबित की है।

सामाजिक-सांस्कृतिक संगठन अरामबाई टेंगोल ने अपने नेता कानन और चार अन्य की सीबीआई द्वारा गिरफ्तारी के विरोध में रविवार से मणिपुर में 10 दिवसीय बंद की घोषणा की है। गिरफ्तारी के बाद हिंसक प्रदर्शन हुए और अब तक प्रदर्शनकारियों ने सुरक्षाकर्मियों के वाहनों समेत करीब पांच वाहनों को आग लगा दी। सुरक्षाकर्मियों और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़पों में अब तक करीब दस लोग घायल हो चुके हैं, जिनमें एक पत्रकार भी शामिल है। गौरतलब है कि सीबीआई सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार मणिपुर हिंसा मामलों की जांच कर रही है। प्रदर्शनकारियों ने सड़कों पर टायर जलाए, पत्थर और लकड़ियां जमा कीं। हिंसा को देखते हुए राजभवन और एयरपोर्ट की ओर जाने वाली सड़कों पर सेना, असम राइफल्स, सीआरपीएफ, बीएसएफ, पुलिस और अन्य सुरक्षा बल तैनात हैं।



हिंसा के बाद राजधानी इंफाल में तैनात सुरक्षाबल। ● एजेंसी

### राज्यपाल ने की सुरक्षा समीक्षा बैठक

**इंफाल।** मणिपुर के राज्यपाल अजय कुमार भल्ला ने रविवार को वरिष्ठ अधिकारियों के साथ सुरक्षा समीक्षा बैठक की। इस बीच विधायकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने भी राज्यपाल से मुलाकात कर राज्य की मौजूदा कानून व्यवस्था की स्थिति से अवगत कराया और सामान्य स्थिति बहाल करने में हस्तक्षेप का आग्रह किया। समीक्षा बैठक के दौरान राज्य में मौजूदा कानून-व्यवस्था की स्थिति से संबंधित विभिन्न मामलों पर व्यापक चर्चा और समीक्षा की गई। बैठक में सुरक्षा सलाहकार, डीजीपी, आयुक्त (गृह) सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## अल्मोड़ा में खाई में गिरी कार, दो की मौत

- मरने वालों में पूर्व सैनिक और कार चालक

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** अल्मोड़ा में जैंती के पास रविवार सुबह एक कार अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी। हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया।

पुलिस के अनुसार, ग्राम बक्सवाड जैंती निवासी पान सिंह बिष्ट (37) पुत्र स्व. शिव सिंह, मेहरबान सिंह करायत (57) पुत्र स्व. जगत सिंह, निवासी ग्राम सुरचौरा जैंती और राहुल राय (19) पुत्र हरीश राय निवासी ग्राम बक्सवाड जैंती कार से जवाहरनेड़ी की तरफ जा रहे थे। इस दौरान चालक ने अचानक संतुलन खो दिया और कार करीब 200 मीटर खाई में जा गिरी। हादसे की जानकारी पर स्थानीय लोग और पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से खाई से तीनों लोगों को निकाला लेकिन तब तक पान सिंह की मौके पर ही मौत हो चुकी थी जबकि पूर्व सैनिक मेहरबान सिंह ने रास्ते में दम तोड़ दिया।



जैंती में गहरी खाई में गिरी कार।

गंभीर रूप से घायल राहुल राय को लमगड़ा अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। एसओ राहुल राठी ने बताया कि हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

वहीं, मसूरी-देहरादन मार्ग पर रविवार को एक कार कोलुखेत पानी बैंड के पास खाई में जा गिरी। हादसे में ग्रेटर नोएडा उत्तर प्रदेश निवासी नैतिक और देहरादून निवासी अनुराग चौधरी गंभीर रूप से घायल हो गए।

## केदारधाम पहुंचे थलसेना अध्यक्ष

**देहरादून।** थलसेना अध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने रविवार को उत्तराखंड में बाबा केदारनाथ के दर्शन किए। श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के मीडिया प्रभारी डॉ. हरीश गौड़ ने बताया कि जनरल द्विवेदी पूर्वाह्न केदारनाथ धाम पहुंचे और मंदिर में भगवान शिव का रुद्राभिषेक कर देश की सुख समृद्धि के लिए प्रार्थना की। मंदिर में दर्शन के बाद मंदिर समिति की ओर से जनरल द्विवेदी को भगवान केदारनाथ का प्रसाद भेंट किया गया। थलसेना अध्यक्ष ने बाद में सीमांत क्षेत्र में सैनिकों से मुलाकात की। उन्होंने ज्योतिर्मठ में सेना द्वारा संचालित होने वाले रेडियो स्टेशन आईबैक्स तराना एफएम का उद्घाटन भी किया।

## नेता विपक्ष निर्वाचन आयोग को भेजें पत्र, तभी देंगे जवाब

- राहुल गांधी के आरोपों पर निर्वाचन आयोग की दो टूक

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में धांधली का आरोप लगाने वाले अपने लेख पर निर्वाचन आयोग से जवाब मांगे जाने के एक दिन बाद आयोग के सूत्रों ने रविवार को कहा कि संवैधानिक निकाय तभी जवाब देगा, जब विपक्ष के नेता उसे सीधे पत्र लिखेंगे।

सूत्रों ने साथ ही कहा कि अपने संपर्क अभियान के तहत निर्वाचन आयोग ने सभी छह राष्ट्रीय दलों से अलग-अलग बातचीत के लिए उन्हें आमंत्रित किया था, जबकि अन्य पांच दलों ने आयोग के शीर्ष अधिकारियों से मुलाकात की, लेकिन कांग्रेस ने 15 मई की बैठक रद्द कर दी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने महाराष्ट्र में पिछले साल हुए विधानसभा चुनाव में धांधली के आरोपों को निर्वाचन आयोग के सूत्रों द्वारा खारिज किए जाने के बाद उस पर पलटवार करते हुए शनिवार को कहा था कि उसकी विश्वसनीयता बात छिपाने से नहीं, बल्कि सच बोलने से बचेगी।

## अयोध्या में 20 जून से कर सकेंगे राम दरबार के दर्शन

- रोजाना 750 श्रद्धालुओं को मिलेगा मौका
- रामजन्मभूमि ट्रस्ट जारी करेगा मुफ्त पास

कार्यालय संवाददाता, अयोध्या

**अमृत विचार :** राम मंदिर में विराजमान रामलला के साथ राम दरबार के भी दर्शन भक्त सकेंगे। इसके लिए प्रथम तल पर रेलिंग को लगाने का कार्य शुरू हो गया है।

माना जा रहा है कि 20 जून से दर्शन की प्रक्रिया प्रारंभ हो सकती है। वहीं दर्शन करने के लिए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट एक दिन में लगभग 750 भक्तों को पास जारी करेगा। औसतन प्रति घंटे के मुताबिक 50 पास जारी होंगे। इस पास को राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट अपनी वेबसाइट से जारी करेगा। दर्शन के लिए सुगम दर्शन पास की तरह प्रथम तल के दर्शन का पास भी निशुल्क जारी किया जाएगा। मंदिर निर्माण समिति की दो दिवसीय बैठक के अंतिम दिन समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि अगले 10 दिन के अंदर राम दरबार के दर्शन शुरू हो सकते हैं।



## सरकारी जमीन पर कब्जे का पुनर्वास दावों से संबंध नहीं

- दिल्ली हाईकोर्ट ने अतिक्रमण के मामले में दी हिदायत

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा है कि अतिक्रमणकारी केवल इस आधार पर सरकारी जमीन पर कब्जा जारी रखने के अधिकार का दावा नहीं कर सकते कि उनके पुनर्वास दावों का समाधान नहीं हुआ है, क्योंकि इससे सार्वजनिक परियोजनाओं में अनावश्यक बाधा उत्पन्न होगी।

हाईकोर्ट ने यह टिप्पणी दिल्ली विकास प्राधिकरण को दक्षिण दिल्ली के कालकाजी स्थित भूमिहीन कैंप में कानून के अनुसार ध्वस्तीकरण की कार्रवाई करने की अनुमति देते हुए की। न्यायमूर्ति धर्मेश शर्मा ने कहा कि रिट याचिकाएं न केवल कई पक्षों के गलत तरीके से जुड़े होने के कारण त्रुटिपूर्ण थीं, बल्कि दिल्ली झुग्गी और झुग्गी-झोपड़ी पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन नीति द्वारा निर्धारित आवश्यक मानदंडों को भी पूरा नहीं करती थीं।

अदालत ने छह जून को सुनाए गए आदेश में कहा कि किसी भी याचिकाकर्ता को जेजे. क्लस्टर पर लगातार कब्जा बनाए रखने का कोई कानूनी अधिकार नहीं है, जिससे आम जनता को नुकसान हो।

## चारधाम यात्रा : अब तक 5 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं की स्वास्थ्य जांच

### केदारनाथ धाम में खुला 17 बेड का अस्पताल, उच्च जोखिम वाले श्रद्धालुओं को राहत

- यात्रा मार्ग पर इस बार बरत रहे डिजिटल सतर्कता

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार :** उत्तराखंड की प्रतिष्ठित चारधाम यात्रा इस बार सशक्त स्वास्थ्य ढांचे से जहां आसान हो रही है। वहीं, उच्च जोखिम वाले श्रद्धालुओं की जान बच रही है। स्वास्थ्य विभाग ने यात्रा के दौरान संभावित स्वास्थ्य जोखिमों को कम करने के लिए व्यापक तैयारियां की हैं।

स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार के अनुसार, यात्रा मार्ग पर अब तक 5 लाख से अधिक श्रद्धालुओं की स्वास्थ्य जांच (स्क्रीनिंग) की जा चुकी है।

अब तक की स्क्रीनिंग में कई श्रद्धालु हाई ब्लड प्रेशर, सांस संबंधी समस्याएं या अन्य स्वास्थ्य स्थितियों से ग्रस्त पाए गए हैं। करीब 29 श्रद्धालुओं को आगे यात्रा न करने की सलाह देकर उन्हें सुरक्षा के दृष्टिकोण से वापस भेजा गया। वहीं, 369 श्रद्धालुओं को एंबुलेंस से और 33 को हेली एंबुलेंस सेवा से रेफर कर इलाज के लिए भेजा गया। सचिव डॉ. कुमार का कहना है कि, केदारनाथ धाम में श्रद्धालुओं की सुविधा को इस बार 17 बेड का नया अस्पताल भी सेवा में लाया गया है। चारधाम यात्रा मार्ग पर विशेषज्ञ डॉक्टरों और मेडिकल स्टाफ की रिकॉर्ड तैनाती सरकार की गंभीरता को दर्शाती है। यात्रा मार्ग पर सशक्त स्वास्थ्य ढांचे के तहत सरकार की प्राथमिकता इस वर्ष केवल तीर्थयात्रियों की संख्या ही नहीं, बल्कि प्रत्येक श्रद्धालु की सुरक्षा और स्वास्थ्य सुनिश्चित करना है। इसके लिए हम तकनीक, विशेषज्ञता और मानव संसाधन तीनों पर समान रूप से कार्य कर रहे हैं। रुद्रप्रयाग, चमोली और उत्तरकाशी जैसे चारधाम जिलों में इस बार 49 स्थायी स्वास्थ्य केंद्र और 20 मेडिकल रिलीफ पोस्ट को सक्रिय किया गया है। वहीं, ट्रांजिट जिलों, हरिद्वार, देहरादून, टिहरी और पौड़ी में भी मजबूत स्वास्थ्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। यात्रा प्रारंभ बिंदुओं पर 57 स्क्रीनिंग कियोस्क लगाए गए हैं, जिनमें हरिद्वार और ऋषिकेश में 2-2, विकासनगर में 2 और पौड़ी के कालियासौड़ में 1 नया स्क्रीनिंग सेंटर जोड़ा गया है।



### ट्रेनिंग, जागरूकता और जनसहभागिता

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग ने केवल मेडिकल स्टाफ ही नहीं, बल्कि होटल, धर्मशाला स्टाफ, खच्चर चालकों और कुलियों को भी प्रशिक्षित किया है ताकि वे हाई रिस्क लक्षणों को पहचान सकें और समय पर रेफरल सुनिश्चित कर सकें। साथ ही, हाइपोथर्मिया जैसे जोखिम से बचाव हेतु भी विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया है। ई-स्वास्थ्यधाम पोर्टल के माध्यम से स्वास्थ्य डेटा की निगरानी और आपात स्थिति की त्वरित प्रतिक्रिया संभव हो पाई है। यात्रा मार्ग पर 154 एंबुलेंस तैनात हैं, जबकि पहली बार एम्स ऋषिकेश के सहयोग से हेली एंबुलेंस सेवा भी संचालित है।

# सप्ताहंत पर नैनीताल और कैंची धाम में उमड़ा सैलाब

## विदेशी श्रद्धालुओं ने भी किए नीम करौरी महाराज के दर्शन, सरोवर नगरी में अधिकांश होटल हुए पैक, होम स्टे व गेस्ट हाउस भी फुल

संवाददाता, नैनीताल



कैंची धाम जाने को बस में सवार होने के लिए जद्दोजहद करते श्रद्धालु।


नैनीताल के किलबरी मार्ग पर लगा जाम। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** सप्ताहंत पर नैनीताल और आध्यात्मिक स्थल कैंची धाम में भारी संख्या में पर्यटक उमड़ पड़े। हजारों की संख्या में देश-विदेश के श्रद्धालु व पर्यटक नैनीताल की वादियों और कैंची धाम में बाबा नीम करौरी महाराज के दर्शन के लिए पहुंचे।

नैनीताल में रविवार सुबह से ही बड़ी संख्या में पर्यटकों के वाहन पहुंचने लगे। भीमताल, काठगोदाम, हल्द्वानी और भवाली मार्गों पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। पार्किंग स्थलों के फुल हो जाने के कारण कई पर्यटकों को अपने वाहन सड़क किनारे खड़े करने पड़े, जिससे ट्रैफिक व्यवस्था और अधिक बाधित हो गई। कैंची धाम में भी बाबा नीम करौली महाराज के वार्षिक मेले के चलते श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। मंदिर प्रशासन और पुलिस प्रशासन ने व्यवस्था बनाए रखने के लिए पहले से तैयारियां की थीं, लेकिन भारी भीड़ के आगे ये व्यवस्थाएं भी नाकाफी साबित हुईं। पर्यटकों को नैनी झील, स्नो व्यू, टिफिन टॉप और माल रोड जैसे प्रमुख पर्यटक स्थलों पर पहुंचने में मुश्किलों का सामना करना पड़ा। इधर, अधिकांश होटल पैक रहे। होम स्टे और गेस्ट हाउस भी अधिकांश फुल हो गए।

कैंची धाम में रविवार सुबह आरती में हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। बाबा के भक्तों में बड़ी संख्या में विदेशी नागरिक भी शामिल थे। ट्रैफिक पुलिस ने विभिन्न जगहों पर बैरियर लगाकर ट्रैफिक को डायवर्ट करने की कोशिश की, लेकिन भीड़ इतनी ज्यादा थी कि किसी भी उपाय का तत्काल असर नहीं हुआ। कैंची धाम जाने के लिए श्रद्धालुओं को मशक्कत करनी पड़ी। श्रद्धालु बसों में जगह बनाने के लिए जद्दोजहद करते दिखाई दिए।

### टैक्सी संचालकों पर अवैध वसूली का आरोप

नैनीताल और कैंची धाम घूमने आए पर्यटकों ने भवाली से कैंची धाम के लिए संचालित हो रही सटल सेवा संचालकों पर अवैध वसूली का आरोप लगाया। मुरादाबाद से कैंची धाम पहुंची महिला पर्यटक निशा ने बताया करीब 3 घंटे से कैंची धाम जाने के लिए लाइन में लगे, लेकिन इसके बावजूद भी उनका नंबर नहीं आ रहा है। महिलाओं के लिए किसी प्रकार की व्यवस्था नहीं है। कैंची धाम के लिए पर्यटकों से 3 हजार रुपये तक मांगे जा रहे हैं।

> कैंची धाम जाने के लिए करीब 3 घंटे से इंतजार कर रहे हैं, लेकिन गाड़ी वाले ढाई हजार से तीन हजार में टैक्सी बुक कर ले जा रहे हैं। सिंगल सवारी को ले जाने के लिए कोई तैयार नहीं है। ऐसे में उन्हें दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।
> **-दिनेश सिंह,** श्रद्धालु

### चरमराई यातायात व्यवस्था

**नैनीताल :** सप्ताहंत पर यातायात व्यवस्था भी धड़ाम हो गई। सूखाताल से बारापत्थर तक दिन भर वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं और किलबरी मार्ग भी पूरे दिन जाम के हवाले रहा। स्नोव्यू मार्ग में भी कई बार जाम लगने से सैलानी परेशान रहे। लोअर मालरोड में भी ट्रैफिक रेंगता नजर आया। हल्द्वानी रोड, भवाली आदि रोड पर भी जाम में वाहन फंसे रहे।

# नैनीताल की आबोहवा एक बार फिर हुई खराब

- धुंधला नजर आया आसमान
- जंगलों में भी लग रही आग

संवाददाता, नैनीताल



**अमृत विचार :** बेहिसाब वाहन और जंगलों की आग से नैनीताल की आबोहवा फिर खराब हो चली है। पॉल्यूटेड मैटर ( पीएम) 2.5 के साथ पॉल्यूटेड मैटर ( पीएम) 10 सामान्य से अधिक बढ़ चला है। जिसके चलते रविवार को आसमान धुंधला नजर आया।

मई के महीने बारिश के चलते जंगलों की आग को विराम मिल गया था, मगर तीन दिन पहले मौसम सुधरते ही जंगलों में आग लगनी शुरू हो गई हैं। साथ ही पर्यटन सीजन के चढ़ने से बेहिसाब पर्यटक वाहन पहुंचने लगे हैं, जिससे नगर की हवा खराब हो रही है। रविवार को नगर की सुंदर वादियां धुंध के आगोश में रही। सामने की पहाड़ियों का दीदार मुश्किल हो गया। नगर में धुंध सुबह से ही पसरी हुई थी, जो शाम तक छाई रही।

आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के वरिष्ठ वायुमंडलीय वैज्ञानिक डॉ. नरेंद्र सिंह ने बताया कि जंगलों में आग लगनी शुरू हो गई है। साथ ही अत्याधिक वाहनों के पहुंचने से वातावरण को नुकसान पहुंच रहा है। पीएम 10 की मात्रा 89 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर जा पहुंची है, जो सामान्य से 39 अधिक है और पीएम 2.5 की मात्रा 36 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर रही, जो सामान्य से 16 अधिक है। जब तक बारिश नहीं हो जाती, तब तक वातावरण दूषित ही रहेगा और इसमें वृद्धि जारी रहेगी।

# राजभवन में 11 को होगी एक शाम सैनिकों के नाम

- वीरता, शौर्य और सेवा को मिलेगा सम्मान

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** नैनीताल राजभवन में 11 जून को एक शाम सैनिकों के नाम कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) की पहल पर यह कार्यक्रम हो रहा है।

राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखंड राज्य एक सैन्य बाहुल्य प्रदेश है। हर घर से सेना में सेवा देना यहां के युवाओं का जज्बा रहा है। राज्य के स्वतंत्रता से पूर्व के इतिहास में भी क्षेत्र के युवाओं ने महत्वपूर्ण योगदान देकर अपनी वीरता का लोहा मनवाया है। हर वर्ष तकरीबन 20-30 सैन्य अधिकारियों-सैनिकों को वीरता पदकों से नवाजा जाता है। कार्यक्रम में वीरता पदक प्राप्त सैनिकों, सेवानिवृत्त सैन्य कर्मियों एवं सामाजिक क्षेत्र में योगदान देने वाले पूर्व सैनिकों को सम्मानित किया जाएगा। अति विशिष्ट अतिथि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और विशिष्ट अतिथि सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी रहेंगे।


राज्यपाल गुरमीत सिंह।

# सिख समाज के हितों की रक्षा को प्रतिबद्ध

- गुरु तेग बहादुर साहिब के 350वें बलिदान वर्ष को समर्पित कार्यक्रम में बोले मुख्यमंत्री धामी
- कहा- गुरु साहिब ने राष्ट्र की एकता और सामाजिक समरसता को दिया सर्वोच्च बलिदान

मुख्य संवाददाता, देहरादून


कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र और राज्य सरकार सिख समाज के हितों की रक्षा तथा उनके धार्मिक स्थलों के विकास हेतु प्रतिबद्ध हैं। करतारपुर कॉरिडोर, श्री हरमंदिर साहिब को विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम (एफसीआरए) पंजीकरण, वीर बाल दिवस की घोषणा, 1984 दंगा पीड़ितों को न्याय और हेमकुंड साहिब रोपवे परियोजना जैसे निर्णय ऐतिहासिक हैं।

उत्तराखंड सिख कोऑर्डिनेशन कमेटी और श्री गुरु तेग बहादुर चैरिटेबल चिकित्सालय द्वारा रविवार को दून मेडिकल कॉलेज सभागार में गुरु तेग बहादुर साहिब के 350वें बलिदान वर्ष को समर्पित नाट्य मंचन 'हिन्द दी चादर' कार्यक्रम आयोजित किया गया। सीएम ने कहा कि गुरु तेग बहादुर साहिब ने उस समय प्राणों की आहुति दी, जब देश की संस्कृति, आस्था और आत्मसम्मान पर संकट गहराया हुआ था।

उन्होंने धर्म और मानवता की रक्षा के लिए जो बलिदान दिया, वह आने वाली पीढ़ियों को सदैव प्रेरित करता रहेगा। उन्होंने राष्ट्र की एकता, धर्म की स्वतंत्रता और सामाजिक समरसता के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया। उनका साहस, बलिदान और उनका संदेश आज भी उतना ही प्रासंगिक है।

### 45 मिनट में यात्रा होगी सुलभ

सीएम ने कहा कि उत्तराखंड सरकार ने गुरु तेग बहादुर के 350वें बलिदान दिवस को राज्यभर में भव्य रूप से मनाने हेतु दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। गोविंद घाट से हेमकुंड साहिब तक 12 .5 किलोमीटर लंबे रोपवे का कार्य प्रगति पर है, जिससे श्रद्धालुओं को 45 मिनट में यात्रा सुलभ होगी। इस अवसर पर दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री स. मनजिंदर सिंह सिरसा, विधायक विनोद चमोली, गुरुदेव सिंह मौजूद रहे।

## पारा पहुंचा 38 डिग्री पार, बारिश की दरकार

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** बारिश थमने के बाद मैदानी इलाकों में लगातार पारा चढ़ता जा रहा है। दिन के समय चिलचिलाती गर्मी का अहसास हो रहा है। बारिश रुकने का असर पारे पर पड़ रहा है। हल्द्वानी में पारा लगातार चढ़ता जा रहा है। रविवार को अधिकतम तापमान 38 .4 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। जून में पहली बार पारा 38 डिग्री पार हुआ है। न्यूनतम तापमान 24 .3 डिग्री रहा। पारा एक सप्ताह पहले तक सामान्य से कम चल रहा था तो वहीं अब यह सामान्य से 1 .8 डिग्री ज्यादा है। मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून के अनुसार मैदानी इलाकों में 11 जून तक गर्मी का असर रहेगा। पारे में बढ़ोत्तरी होगी। इसके बाद 12 जून से बारिश हो सकती है। पहाड़ों में अब दिन के समय पारे में उछाल आ रहा है। मुक्तेश्वर में अधिकतम तापमान 26 .5 डिग्री रहा जो सामान्य से 2 .2 डिग्री ज्यादा है।

## मार्ग पर कराया जाए डामरीकरण

**भीमताल, अमृत विचार :** भीमताल के समीप सिलौटी पंत और सिलौटी पांडे को जाने वाले मोटर मार्ग में बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। इससे मार्ग पर दुर्घटना होने का अंदेशा बना हुआ है। पूर्व प्रधान गोपाल बिष्ट ने बताया कि करीब आठ वर्ष पूर्व लोक निर्माण विभाग की ओर से डामरीकरण कराया गया था। उसके बाद से न तो पैच वर्क किया गया और न ही मरम्मत के कार्य किए गए हैं। उन्होंने लोक निर्माण विभाग से मार्ग का डामरीकरण कराए जाने की मांग की है।

ADMISSION OPEN (2025-26)
SURAJMAL AGARWAL GIRLS P.G. COLLEGE
Kishanpur, Kichha, U.S.Nagar-263148, Uttarakhand
(Approved by: NCTE, Govt. of India (Affiliated to Kumaun University, Nainital, UAU & HNB Uttarakhand Medical University DDN)
Website : www.sapkam.org
Email: sapkm.edu@gmail.com
COURSES OFFERED
UG COURSES
- BBA • B.Com (Hons.) • BCA • B.Sc. (IT) • B.Sc. (PCM, ZBC, PSM)
- B.Sc. (Biotechnology) • B.Sc. Home Science
- B.Sc. (Food Technology) • B.Lib. • B.Ed.

SCHOLARSHIP AS PER GOVT. RULE
PG COURSES
- M.Com • M.Sc. (Microbiology) • M.Sc. (Biotechnology)
- M.Sc. (Food Technology) • M.Lib.
- M.Sc. (Physics, Botany, Zoology, Chemistry, Mathematics)
- M.Sc. Home Science (Foods & Nutrition, Textile & Apparel Designing)

No.1 GIRLS COLLEGE IN UTTARAKHAND
BUS FACILITY AVAILABLE FROM RAMPUR
OTHER COURSES
- Computer Basics • Tally Complete • CCC

SURAJMAL AGARWAL COLLEGE OF NURSING AND PARAMEDICAL SCIENCES
- GNM • Post Basic B.Sc. (Nursing) • B.Sc. Nursing • M.Sc. Nursing (Medical Surgery, Community Health Nursing, Mental Health Nursing, Child Health Nursing)
- Bachelor in Medical Lab Technology (BMLT) • B.Sc in Optometry
- B.Sc. in Medical Radiology & Imaging Technology (BMRIT)

SURAJMAL MEDICAL COLLEGE OF AYURVED & HOSPITAL
- Bachelor of Ayurvedic Medicine and Surgery (BAMS) Mob.: 9758643374

100% Placement Assistance | Transport Facility Available | Safe Hostel with Air Cooler
LIMITED SEATS
Safest Girl Hostel (24x7 Security, Electricity Back up, Wifi Campus)
CONTACT SOON FOR ADMISSION
9412920331, 9837242760, 7902103001
7902103002, 8192801031, 7500005217, 8650079393

# समय से पूरा करें मानसिक अस्पताल का निर्माण: भट्ट

- गेठिया में निर्माणाधीन अस्पताल के निरीक्षण में सांसद ने कार्यदायी संस्था को दिए निर्देश
- 4456.92 लाख की लागत से बनाया जा रहा है कुमाऊं का पहला मानसिक अस्पताल

संवाददाता, नैनीताल


गेठिया में अस्पताल का निरीक्षण करते सांसद अजय भट्ट। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** सांसद अजय भट्ट ने रविवार को भवाली के गेठिया स्थित 100 बेड के निर्माणाधीन मानसिक अस्पताल का स्थलीय निरीक्षण किया।

सांसद भट्ट ने बताया कि 4456.92 लाख की लागत से कुमाऊं का पहला मानसिक अस्पताल बनाया जा रहा है। इसके लिए शासन ने 1492.97 लाख रुपए जारी कर दिए हैं। अब तक राज्य के सेलाकुई में एकमात्र मानसिक अस्पताल है, गेठिया में इस अस्पताल के बन जाने के बाद राज्य में दो मानसिक अस्पताल हो जाएंगे। कुमाऊं मंडल के लोगों के लिए यह अस्पताल किसी वरदान से कम नहीं होगा।

उन्होंने अधिकारियों और कार्य संस्था से गुणवत्तापूर्ण कार्य किए जाने के निर्देश दिए। कार्यदायी संस्थान ने बताया कि वर्तमान स्थिति में अस्पताल का 20 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है, वर्ष 2026 तक यह अस्पताल बनकर तैयार हो जाएगा। इसमें 36-36 बेड महिला-पुरुष, 10-10 बेड बालक-बालिका के अलावा पांच बेड अतिरिक्त होंगे। सांसद भट्ट ने कहा कि कार्यदाई संस्था को तय समय पर कार्य पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। इस दौरान नैनीताल विधायक सरिता आर्या, वरिष्ठ नेता हरीश बिष्ट आदि रहे।

## हरीशचंद्र की लीला का मंचन किया

**भीमताल :** नैनीताल के ओखलकांडा विकासखंड की ग्रामसभा डालकन्या के डेफ्टा में सत्यवादी महाराजा हरीशचंद्र की लीला का आयोजन हो रहा है। पांचवें दिन कलाकारों ने लीला का आकर्षक मंचन किया। लीला के माध्यम से सत्य, स्वाभिमान और अपने कर्म के प्रति निष्ठता की शिक्षा समाज को प्राप्त होती है। विगत कई वर्षों से इस लीला का मंचन प्रदेश में एकमात्र डालकन्या ग्रामसभा में हो रहा है। कमेटी के अध्यक्ष केशव भट्ट ने बताया कि इस लीला से सत्यवादी महाराजा हरीशचंद्र जी की दानशीलता, सत्यनिष्ठा, त्याग व कर्त्तव्यनिष्ठा की प्रेरणा मिलती है। आयोजन में लीला कमेटी अध्यक्ष केशव दत्त भट्ट, कोषाध्यक्ष रमेश पनेरू, संचालक सुरेश चंद्र जोशी, निर्देशक दिनेश चंद्र पनेरु, गिरीश बुंगियाल, तारादत्त भट्ट, उमेश पनेरु, नरेश भट्ट, प्रकाश जोशी, चंदन पनेरू, उमेश भट्ट, कमल पनेरु, भुवन पनेरू आदि शामिल हैं।

**पर्यटन** | झील में कमल खिलने के कारण स्थानीय कारोबारी व बोट संचालक उत्साहित

# अब आकर्षण का केंद्र बन गई कमलताल झील

संवाददाता, भीमताल


कमलताल झील का दृश्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** भीमताल नगर से मात्र 3.5 किलोमीटर की दूरी पर स्थित कमलताल झील खिले कमल के कारण पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बन गई है। यह स्थिति 2 वर्ष पूर्व यहां पर ऐसी नहीं थी। क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ताओं और कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत के द्वारा झील का विशेष संज्ञान लेते हुए इसका पुनरुद्धार किया गया है।

क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता और प्रशासक जिला पंचायत सदस्य अनिल चनौतिया बताते हैं कि अब से करीब छह महीने पहले कमलताल में नकुचियाताल से आई खरपतवार खाने वाली ग्रास कॉर्प को पूरी झील खाली करके हटाया गया।

नए कमल के बीज भी इसमें डाले गए। अब अब भीमताल पहुंचने वाले पर्यटक इस कमलताल का लुफ्त लेने के लिए यहां पहुंच रहे हैं। इधर, कमल ताल में कमल खिलने के कारण स्थानीय पर्यटन कारोबारी व बोट संचालक उत्साहित है। लगातार यहां पर पर्यटकों की संख्या में इजाफा हो रहा है।

### झील हो रही प्रदूषित

नगर पालिका की उदासीनता एक बार फिर कमल ताल में देखने को मिल रही है। लाखों रुपए खर्च करके पुन: अपने पुराने रूप में आए कमलताल के चारों तरफ घुडसवारी भी हो रही है। गंदगी कमल लाल और नकुचियाताल में समा रही है। जिससे क्षेत्र में गंदगी और बदबू फैल रही है। दिल्ली से आए पर्यटक मंजू श्रीवास्तव, अलका व विनोद आदि बताते हैं कि नगर पालिका का दायित्व है की झील को स्वच्छ रखा जाए।



> कमलताल में खिले कमलों की तुलना मानसरोवर के कमलों से की जाती है। इसका धार्मिक महत्व भी है। कुमाऊं आयुक्त ने झील का पुनरुद्धार करवाया है। **-प्रशासक,** जिला पंचायत सदस्य अनिल चनौतिया

**आज का मौसम**

आसमान में चटख धूप खिली रहेगी।

| 36.0° | 27.0° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 05.12 | सूर्यास्त 19.10 |

**आज के कार्यक्रम**

- भाजपा की ओर से केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूरे होने पर कार्यालय में कार्यक्रम 11 बजे
- आरएसएस के संघ शिक्षा वर्ग एवं घोष वर्ग के समापन पर एपीएस स्कूल में कार्यक्रम 5.30 बजे

### जिला प्रशासन ने टैक्सी भाड़ा और फूड आइटम्स के नाम पर मनमाना शुल्क नहीं वसूले जाने को लेकर बनाई टीमें

# पर्यटकों से टैक्सी चालक न कर सकें मनमानी, दो टीमें करेंगी निगरानी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी



**अमृत विचार :** जिला प्रशासन अब पर्यटकों से टैक्सी भाड़ा व फूड आइटम्स के मनमाने दाम वसूले जाने पर सख्त हो गया है। प्रशासन ने दो टीमें गठित की हैं इनमें एक टैक्सी भाड़ा व दूसरी टीम फूड वैन, रेस्टोरेंट में आइटम्स के दामों की निगरानी करेगी ताकि पर्यटकों से मनमानी वसूली नहीं हो।

अधिकारियों के अनुसार, नैनीताल जनपद में खासकर भवाली कैंचीधाम में पर्यटकों की संख्या में दिन ब दिन इजाफा हुआ है। प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु बाबा के धाम में दर्शन के लिए पहुंचते हैं। इस बीच शिकायतें मिलती हैं कि हल्द्वानी या काठगोदाम में कहीं पर भी विभिन्न पर्यटन स्थलों के शेयरिंग टैक्सी, निजी बुकिंग आदि के रेट की कोई सूची चस्पा नहीं है। ऐसे में टैक्सी चालक पर्यटकों से मनमाना भाड़ा वसूलते हैं। बाद में इसको लेकर पर्यटकों से विवाद होता है, इसकी शिकायत भी प्रशासन से की जाती है। इतना ही नहीं, यह भी शिकायतें मिलती हैं कि फूड आइटम्स चाय, नींबू पानी, नूडल्स जैसे आइटम्स में अत्यधिक दामों में बेचे जाते हैं तो कहीं-कहीं एमआरपी से अधिक दाम लिए जाते हैं। इसकी रोकथाम के लिए प्रशासन ने कवायद की है।इसकी पहल बाबा की नगरी श्री कैंचीधाम तहसील से हुई है। जहां प्रशासन ने दो टीमें गठित की हैं। इन टीमों की जिम्मेदारी होगी कि निगरानी रखें कि टैक्सी चालक पर्यटकों से अनुमन्य से अधिक भाड़ा नहीं वसूलें। साथ ही फूड आइटम्स के मनमाने दामों पर रोकथाम का जिम्मा दूसरी टीम पर होगा। इसके लिए हेल्प डेस्क बनाई जाएगी जिससे पर्यटक ओवर रेटिंग की शिकायत भी कर सकेंगे। किसी भी शिकायत पर टीमें तत्काल एसडीएम को सूचना देंगी और एसडीएम तत्काल कड़ी कार्रवाई करेंगे।

**भवाली सैनिटोरियम व कैंचीधाम में तैनात होंगी ये टीमें**

अधिकारियों के अनुसार, प्रत्येक टीम में दो-दो सदस्य होंगे। एक टीम को भवाली सैनिटोरियम में तैनात किया जाएगा जहां टैक्सी स्टैंड है। यह टीम रैंडमली टैक्सी से आने वाले चालकों से भाड़े को लेकर पूछताछ करेगी। वहीं दूसरी टीम को कैंचीधाम परिसर के आसपास तैनात किया जाएगा उक्त स्थान पर रेस्टोरेंट, फूड वैन्स वगैरह पर बिकने वाले आइटम्स के रेट की निगरानी करेगी।



पर्यटकों से टैक्सी भाड़ा व फूड आइटम्स के नाम पर अत्यधिक रुपये लिए जाते हैं। इससे पर्यटकों में राज्य की प्रतिकूल छवि जाती है। इसमें सुधार लाने के लिए दो टीमें गठित की हैं। ये टीमें पर्यटकों से टैक्सी का भाड़ा और फूड आइटम्स के लिए जाने वाले दामों की निगरानी करेंगी। साथ ही यह सुनिश्चित करेंगी कि किसी से भी अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जाएगा। यदि कोई शिकायत मिलती है तो वे तुरंत हमें सूचना देंगे, आरोपियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई होगी। साथ ही टैक्सी स्टैंड व होटल-रेस्टोरेंट्स पर विभिन्न स्थानों व फूड आइटम्स के रेट चस्पा करने के निर्देश दिए गए हैं। **-तुषार सैनी**, एसडीएम श्री कैंचीधाम

**हर साल स्थापना दिवस पर पहुंचते हैं एक लाख से अधिक श्रद्धालु**

भवाली स्थित श्री कैंचीधाम में पर्यटकों की संख्या प्रतिदिन बढ़ रही है। रोजाना सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु कैंचीधाम में दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। 15 जून को कैंचीधाम का 61वां स्थापना दिवस है। इस स्थापना दिवस पर एक भव्य समारोह होता है। इसमें हर साल लगभग एक लाख के पास श्रद्धालु पहुंचते हैं। पिछले वर्ष भी एक लाख से अधिक श्रद्धालु पहुंचे थे। 15 जून की सुबह से ही भवाली में श्रद्धालुओं की कतार लग जाती है।

# वार्ड 36 में 36 माह से सड़कों की मरम्मत नहीं हुई

### दमुवाढूंगा क्षेत्र के इस वार्ड में सड़कों के जर्जर होने से क्षेत्रवासियों को हो रही दिक्कत, पार्षद ने नगर निगम पर लगाया अनदेखी का आरोप

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी




दमुवाढूंगा के वार्ड-36 में लगभग तीन वर्षों से मरम्मत व नवीनीकरण नहीं होने सड़कों की हालत बदतर हो गई है।



रकसिया नाले की दीवार से सटा कर किया गया निर्माण। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** दमुवाढूंगा... मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी इस क्षेत्र में लोगों को भूमि का मालिकाना हक देने की कवायद कर रहे हैं, वहीं स्थानीय स्तर पर अधिकारियों की हीलाहवाली से यहां रहने वालों का जीना मुश्किल हो रहा है। यहां बात हो रही है दमुवाढूंगा के वार्ड-36 की। इस वार्ड में सबसे बुनियादी जरूरतों में एक सड़कें बदतर हैं। तीन-चार साल पूर्व बनीं सड़कों की न तो मरम्मत हुई और न ही नवीनीकरण किया गया इस वजह से स्थिति दिन ब दिन बदतर होती गई।

दमुवाढूंगा के वार्ड नंबर 36 में शिवपुरी, हिमालयन कॉलोनी, कुमाऊं कालोनी, टिनशेड आदि क्षेत्र आते हैं। इस वार्ड में गैर राजस्व के साथ ही राजस्व क्षेत्र भी आता है। क्षेत्र में पेयजल के बाद दूसरी बड़ी समस्या सड़कों की है। उत्तर प्रदेश के समय दमुवाढूंगा के इन क्षेत्रों में पहले सड़कों का अभाव था। राज्य गठन के कुछ साल बाद यहां सड़कों का निर्माण शुरू हुआ। क्षेत्र की सबसे बड़ी दिक्कत बारिश के समय पानी का बहाव है। पहाड़ों की तलहटी में बसे दमुवाढूंगा में बारिश का पानी तेज बहाव के साथ ऊपर से नीचे की ओर बहता है। नगर निगम में शामिल हुए दमुवाढूंगा को 10 साल से भी ज्यादा का समय हो गया है। इसके बाद यहां ड्रैनेज सिस्टम नहीं बनाया गया है। बारिश का पानी इस गली से उस गली होते हुए नीचे की ओर बहता है। बहाव की तेजी की वजह से सड़कें खराब हो जातीं हैं। इस वजह से सड़कें बर्बाद हो जाती हैं, वार्ड में लगभग तीन-चार साल पूर्व सड़कें बनी थीं लेकिन पिछले दो-तीन वर्षों में अतिवृष्टि के बाद से यहां सड़कें नहीं बनीं। जिस वजह से जर्जर सड़कें बदतर होती गईं। लोगों का कहना है कि मानसून की बारिश में सड़कों के बचे हुए हिस्से भी खराब हो जाएंगे।

**सीसी सड़कें और नालियों की दरकार**

**हल्द्वानी :** दमुवाढूंगी भौगोलिक स्थिति को देखते हुए कहा जा सकता है कि यहां डामर वाली सड़कें ज्यादा सफल नहीं हैं। इससे अच्छा विकल्प यह है कि यहां पर अच्छी गुणवत्ता की सीमेंट वाली सड़कें बनाईं जाएं। ये सड़कें डामर वाली सड़कों की अपेक्षा ज्यादा दिनों तक चल सकती हैं। साथ ही जिन गलियों में बारिश के पानी का बहाव आता है वहां नालियों का निर्माण भी किया जाना चाहिए। जिससे बहाव को कम किया जा सके।



पार्षद ने सड़कों की समस्या से अवगत कराया है। हमारी पूरी कोशिश है कि अगले 15 दिनों के अंदर दमुवाढूंगा में सड़कों के गड्ढों को भर दिया जाए। इसके लिए प्रस्ताव बना रहे हैं। **-ऋचा सिंह**, नगर आयुक्त, नगर निगम

**आरोप-नगर निगम नहीं सुन रहा**



**हल्द्वानी :** पार्षद तनुजा जोशी ने कहा कि वह कई बार वार्ड 36 में सड़कों के निर्माण की बात को लेकर नगर निगम से संपर्क कर चुकी हैं लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ है। यहां सड़कें इतनी खराब हो चुकी हैं कि वाहनों का चलना भी मुश्किल हो गया है।

**रकसिया नाले में होते रहे निर्माण सो रहे जिम्मेदार**

**हल्द्वानी :** दमुवाढूंगा में रकसिया नाले के किनारे भवनों का निर्माण तेजी के साथ हुआ है। ये निर्माण अब खतरे का सबब बन रहे हैं। बारिश में रकसिया नाले में बहाव तेज हो जाता है। साथ ही नाले का बहाव क्षेत्र भी बढ़ जाता है। ऐसे में नाले किनारे बने भवन बहाव की जद में आ जाते हैं। जिसके बाद दुर्घटनाएं होती हैं। साथ ही कई जगह नाले को पाटकर उसके ऊपर अतिक्रमण करके भी भवन बनाए गए हैं, जिस वजह से नाला कई जगह सिमट गया है।

# कैंचीधाम व नैनीताल रूट पर लगाईं अतिरिक्त बसें

संवाददाता, हल्द्वानी

- हल्द्वानी डिपो से 9 और काठगोदाम डिपो से भेजी गईं 14 बसें, भवाली, रामनगर की बसों को भी इस रूट पर भेजा

**अमृत विचार:** रोडवेज स्टेशन में रविवार को भी शनिवार की तरह कैंची धाम और नैनीताल जाने वाले यात्रियों की भीड़ उमड़ी रही। इस वजह से हल्द्वानी डिपो से अतिरिक्त बसें भेजने के साथ ही अन्य मार्गों की बसों को भी नैनीताल रुट पर भेजना पड़ा।

वीकेंड के चलते सुबह से ही नैनीताल जाने वाले यात्रियों का रोडवेज स्टेशन पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। दोपहर से यात्रियों की भीड़ में बड़ा इजाफा हुआ और शाम तक यात्रियों के रोडवेज स्टेशन पहुंचने का सिलसिला चलता रहा। दोपहर के समय रोडवेज स्टेशन में बसों में सीट पाने को लेकर यात्रियों के बीच मारामारी देखने को मिली। सीट पाने को लेकर यात्रियों में धक्कामुक्की भी हुई।

हल्द्वानी डिपो से एकअतिरिक्त बस सहित कुल 9 बसें नैनीताल के लिए भेजी गईं। काठगोदाम डिपो से 1 अतिरिक्त बसों सहित कुल 14 बसें भेजी गई। वीकेंड के चलते नैनीताल जाने वाले यात्रियों की संख्या सामान्य दिनों की तुलना में बहुत अधिक रही। जिस वजह से बसें कम पड़ने पर अन्य मार्गों की बसों को नैनीताल भेजना पड़ा। भवाली और रामनगर जाने वाली बसों को भी वापस नैनीताल भेजा गया। हल्द्वानी डिपो के एआरएम संजय पांडे ने बताया कि रविवार को दोपहर 12 बजे बाद यात्रियों की भीड़ उमड़ी। तब अतिरिक्त बस लगाई गई, शाम चार बजे बाद यात्रियों की संख्या सामान्य रही।

**डिपो की आय में भी हुई बढ़ोत्तरी**

**हल्द्वानी :** यात्रियों की संख्या बढ़ने से हल्द्वानी डिपो की आय में भी बढ़ोत्तरी हुई है। चार से पांच दिन पहले डिपो की आय 14 से 18 लाख के बीच चल रही थी। जो बढ़कर शनिवार को 21.35 लाख पहुंच गई है। आय में गिरावट होने के कारण उत्तराखंड परिवहन निगम के कर्मचारियों को वेतन मिलने में भी देरी हो रही है। इधर, आय बढ़ने से हल्द्वानी डिपो के अधिकारी-कर्मचारियों ने खुशी जताई है।



ज्योलीकोट क्षेत्र में स्थित ढकियाताल (हिडन फॉल)। ● अमृत विचार

# जान ले रहा ढकियाताल मस्ती पर भारी पड़ रही मौत

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** मौज-मस्ती के लिए लोग जान देने से भी नहीं कतरा रहे और ये तब है जब ढकियाताल (हिडन फॉल) हर साल लोगों की जान ले रहा है। यहां लोग रहस्यमय तरीके से डूब रहे हैं, जबकि इसकी गहराई भी ज्यादा नहीं है। पुलिस ने इस ओर जाने से पाबंदी लगाई है, लेकिन किसी को जाने से रोकती नहीं। अपने कतर्व्यों की इतिश्री पुलिस ने यहां से संकेतक लगाकर कर दी है। अभी हाल ही में बैंक का मैनेजर इसी ताल में डूब कर मर गया था। वो यहां दोस्तों के साथ मौज-मस्ती करने गया था और फिर जिंदा लौट कर घर नहीं पहुंचा।

हल्द्वानी से करीब 21 किलोमीटर नैनीताल की ओर ढकियाताल ज्योलीकोट क्षेत्र में स्थित है। यहां जाने के लिए रास्ता नहीं है। जिन्हें इस ताल के बारे में पता है वह अपने वाहनों को ज्योलीकोट में हल्द्वानी-नैनीताल रोड पर खड़ा करते हैं और करीब 20 मीटर के पैदल ट्रैक से चल कर यहां पहुंचते हैं। प्राकृतिक सुंदरता के बीच स्थित यह ताल लोगों को बरबस ही आकर्षित करता है और लोग जोखिम लेकर यहां तक पहुंच जाते हैं। लगातार मौतों के बाद नैनीताल पुलिस ने ताल के पास और रोड पर संकेतक लगाया है, जिस पर लिखा है "कृपया यहां कोई न आए, यह एक प्रतिबंधित क्षेत्र है" "अगर आप अब भी यहां पर आते हैं तो स्वयं जिम्मेदार होंगे" तल्लीताल एसओ रमेश बोरा ने बताया, लोगों को ताल की ओर न जाने की हिदायत दी गई। दो स्थानों पर चेतावनी बोर्ड भी लगाए गए हैं। स्थानीय चौकी को निर्देशित किया गया है कि ताल की ओर जाने वालों पर कार्रवाई करें।

**हाल में और पिछले कुछ वर्षों में हुए हादसे**

1. 7 जून 2025 को हल्द्वानी से पिकनिक मनाने गए कुर्मांचल बैंक के मैनेजर हिमांशु पंत (27 वर्ष) की डूबकर मौत। वह अपने दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने गए थे।
2. 1 जून 2025 को जीवन रावत पुत्र तेज सिंह रावत (21 वर्ष) निवासी बच्चीनगर हल्द्वानी की इस ताल में डूबकर मौत हुई। वह भी दोस्तों के साथ यहां नहाने गए थे।
3. 26 जून 2024 को (23 वर्षीय) मोहित दोस्तों और अपने भाई के साथ ताल में नहाने गए और डूब गए। जब उन्हें निकाला गया तो उनकी मौत हो चुकी थी।
4. 17 जून 2022 को कार्तिक आर्यन (19 वर्ष) पुत्र बसंत लाल चार दोस्तों के साथ यहां पिकनिक मना रहा था और नहाने के लिए ताल में उतर गया। वह भी डूब गया और मौत हो गई।

# फिल्म डायरेक्टर कवल शर्मा मुंबई से गिरफ्तार

संवाददाता, हल्द्वानी



पुलिस गिरफ्त में फिल्म निर्देशक।

- 51 लाख के जुर्माने और कोर्ट की सजा से बचने को हुए थे फरार हल्द्वानी पुलिस ने दबोचा

**अमृत विचार :** लंबे समय से न्यायालय में पेश न होकर फरार चल रहे फिल्म डायरेक्टर कवल शर्मा को पुलिस ने मुंबई से गिरफ्तार कर लिया है। एनआई एक्ट (नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट) के तहत चल रहे एक मामले में कोर्ट ने उन्हें सजा सुनाई थी और 51 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया था।

फिल्म जगत से जुड़े कवल शर्मा के खिलाफ हल्द्वानी कोर्ट ने गैर-जमानती वारंट जारी किया था, जिसके बाद एसआई देवेंद्र राणा के नेतृत्व में एक टीम ने मुंबई में दबिश देकर उन्हें गिरफ्तार किया। पुलिस टीम काफी समय से उनकी तलाश में जुटी थी। आखिरकार, पुख्ता सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने उन्हें कस्टडी में लिया और हल्द्वानी लाकर कोर्ट में पेश किया। बताया जा रहा है कि कवल शर्मा लंबे समय से न्यायालय की कार्यवाही से बचते रहे, जिसके चलते उन्हें भगोड़ा घोषित कर दिया गया था। अब पुलिस की सख्ती और सतर्कता से यह गिरफ्तारी संभव हो पाई।

## संकीर्तन महोत्सव से मोबाइल चोरी

**हल्द्वानी :** एमबी इंटर कालेज के खेल मैदान में आयोजित श्याम संकीर्तन महोत्सव के दौरान तीन लोगों के मोबाइल चोरी हो गए। तीनों ने हल्द्वानी कोतवाली में तहरीर दी है। भगवानपुर

आदर्श कालोनी निवासी सोनू कुमार ने सोमवार को पुलिस को मोबाइल गुम होने की शिकायत की। वह अपनी पत्नी के संग महोत्सव में गए थे। इस बीच उनका मोबाइल गुम हो गया। इसी तरह सुराज सेवा दल के सचिव प्रशांत सनवाल व हिमालय फार्म निवासी नरेश सिंह राजपूत ने भी मोबाइल गुम होने की शिकायत की है। कोतवाल राजेश कुमार यादव का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। जल्द ही मोबाइल चोर को पकड़ लिया जाएगा।

# कारों की भिड़ंत में तिकोनिया चौराहा क्षतिग्रस्त

- रात करीब साढ़े 11 बजे उत्तराखंड और यूपी नंबर की कारों में हुई भिड़ंत
- बाल-बाल बचे कार सवार, तीन लोगों का कराया मेडिकल

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी



तिकोनिया चौराहे से टकराई स्थानीय निवासी की कार।



टक्कर के बाद बेकाबू होकर सड़क किनारे रुकी पर्यटकों की टैक्सी।

**अमृत विचार :** बीते शनिवार की रात नैनीताल रोड पर दो कारों के बीच भीषण भिड़ंत हो गई। कार में सवार लोगों को मामूली चोटें आईं। इस भीषण टक्कर में तिकोनिया चौराहा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुआ है। पुलिस मामले में तहरीर मिलने पर कार्रवाई की बात कह रही है।

भोटियापड़ाव चौकी प्रभारी अनिल कुमार के मुताबिक घटना रात करीब साढ़े 11 बजे की है। यूपी 84 बीटी 0518 टैक्सी नंबर की कार नैनीताल से हल्द्वानी की ओर जा रही थी। जबकि यूके 04एजे 2345 नंबर की हल्द्वानी की ओर से आई और तिकोनिया चौराहे के चक्कर लगाकर वापस हल्द्वानी की ओर जा रहे थे। इसी बीच दोनों कारों में टक्कर हो गई। टक्कर के बाद टैक्सी नंबर की कार अनियंत्रित होकर चौराहे के किनारे राजपुरा की ओर जाकर रुकी। जबकि दूसरी कार चौराहे से बुरी तरह टकरा गई। इससे जहां दोनों कारें क्षतिग्रस्त हुईं, वहीं चौराहा भी बुरी तरह टूट गया। सूचना मिलते ही पुलिस की पीसी-1 वैन मौके पहुंची। एक दरोगा ने कार चालकों का मुंह सूंघकर यह पुष्टि की कि कहीं कार सवारों ने नशा तो नहीं किया। जिसके बाद तीन लोगों को मेडिकल के लिए ले जाया गया। चौकी प्रभारी अनिल कुमार का कहना है कि किसी पक्ष की ओर से मामले में तहरीर नहीं मिली है।



कार सवारों को मेडिकल के लिए ले जाती पुलिस। ● अमृत विचार

**नई राह** पहाड़ों से देशभर तक पहुंची बुरांश की चाय, उत्तराखंड के कई गांवों में खोल दिए स्वरोजगार के नये द्वार

# पहाड़ों में खिलने वाला बुरांश, अब अर्थव्यवस्था बढ़ा रहा

पवन सिंह कुंवर, हल्द्वानी



**अमृत विचार :** उत्तराखंड के ऊंचे पर्वतीय इलाकों में खिलने वाला बुरांश अब केवल प्रकृति की खूबसूरती तक सीमित नहीं रह गया है। यह अब गांवों की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों तक ले जाने वाला एक सशक्त माध्यम बन गया है।

इसकी पंखुड़ियों से बनाई जाने वाली बुरांश की चाय न सिर्फ स्वास्थ्यवर्धक है, बल्कि हजारों ग्रामीणों के लिए रोजगार का साधन भी बनती जा रही है। पहाड़ों में वर्षों से पूजा और पारंपरिक औषधि के रूप में प्रयोग होने वाला बुरांश अब हर्बल उत्पादों के राष्ट्रीय बाजार में अपनी जगह बना चुका है।

विशेष रूप से दिल्ली, मुंबई, बंग्लुरु जैसे महानगरों में इसे हर्बल सुपरड्रिंकके रूप में पहचान मिल रही है। बुरांश की पंखुड़ियों से तैयार चाय में प्राकृतिक एंटीऑक्सीडेंट, एंटी-इंफ्लेमेटरी और हृदय के लिए लाभकारी तत्व पाए जाते हैं। यह चाय रक्तचाप को नियंत्रित रखने, शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने और थकान को दूर करने में प्रभावी मानी जाती है। इसके स्वाद और स्वास्थ्य लाभों ने इसे शहरी जीवनशैली में तेजी से लोकप्रिय बना दिया है। बुरांश की चाय के बढ़ते चलन ने उत्तराखंड के कई गांवों में स्वरोजगार के नए द्वार खोल दिए हैं।

गांव की महिलाएं अब बुरांश के फूलों को इकट्ठा करती हैं, उनकी सफाई और सुखाने की प्रक्रिया के बाद उन्हें चाय के रूप में पैक किया जाता है। यह पूरी तरह जैविक प्रक्रिया है, जिसमें कोई रसायन नहीं होता। अक्सर बाजारों में बुरांश का स्क्वैश तो मिल जाता है, लेकिन उसमें रासायनिक मिलावट होती है। इसके विपरीत, बुरांश की चाय पूरी तरह शुद्ध, प्राकृतिक और स्वास्थ्यवर्धक है। इसकी कीमत 50 रुपये से शुरू होती है। **-मानिक मेहरा**, निवासी निगलाट, नैनीताल

**सरकार और एनजीओ दे भी रहे बढ़ावा**

राज्य सरकार और कई गैर-सरकारी संगठन भी इस पहल को मजबूत कर रहे हैं। स्थानीय स्वयं सहायता समूहों को प्रशिक्षण, पैकेजिंग और मार्केटिंग की मदद दी जा रही है, जिससे यह उत्पाद न केवल घरेलू, बल्कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी पहुंच सके। आज बुरांश की चाय केवल एक औषधीय पेय नहीं, बल्कि उत्तराखंड की प्राकृतिक विरासत, पारंपरिक ज्ञान और आत्मनिर्भरता का प्रतीक बन चुकी है। यह पहाड़ों की गोद से निकलकर देश और दुनिया में अपनी खुशबू फैला रही है।

## सार-संक्षेप



हनुमान धाम में योग करते साधक। ● अमृत विचार

### वेदों में ही मानी जाती है योग की उत्पत्तिः कापड़ी

**रामनगर :** महाविद्यालय की नमामि गंगे इकाई की नोडल अधिकारी डॉ. नीमा राणा के नेतृत्व में हनुमान धाम में आयोजित योग शिविर में साधकों ने वेद पुराणों में योग के महत्व व सोलह संस्कारों के विषय में जानकारी हासिल की। शुभारंभ मंदिर के व्यस्थापक आर गोयल ने किया। आचार्य घनश्याम जोशी ने कहा कि वेद हमारे देश की अमूल्य निधि है। उन्होंने चारों वेद, ऋग्वेद, यजुर्वेद सामवेद, अथर्वेद, पुराणों और 16 संस्कारों के विषय में जानकारी दी। डॉ. कापड़ी ने कहा कि योग की उत्पत्ति वेदों में ही मानी जाती है। वेदों में योग के विभिन्न पहलुओं का वर्णन है, जैसे कि प्राणायाम, आसन, और ध्यान। योग के अभ्यास से मनुष्य अपने मन को शांत कर सकता है। इससे शरीर भी स्वस्थ रहता है। इस दौरान हनुमान धाम में पहुंचे श्रद्धालुओं ने भी योग विद्या के विषय में जानकारी हासिल की।



खिलाड़ी को पुरस्कार देते मुख्य अतिथि। ● अमृत विचार

### टेनिस प्रतियोगिता में प्रवीण, कबीर व रुशिल ने जीते मैच

**कालाढूंगी :** आप्टिमम टेनिस एकडेमी चूनाखान में चल रही प्रथम आइटा अंडर-12 व अंडर-14 बालक-बालिका टेनिस प्रतियोगिता में रोमाचंक मैच हुए। रविवार को भाजपा प्रदेश सह कोषाध्यक्ष साकेत अग्रवाल ने मैच की शुरुआत की। कोर्ट नंबर 1 पर अंडर-12 में प्रवीण गुप्ता लखनऊ उत्तर प्रदेश ने अर्थव अग्रवाल बरेली उत्तर प्रदेश को 7-5,4-1 से पराजित कर मुख्य ड्रा में जगह बनाई। रिषभ जैन मुरादाबाद, उत्तर प्रदेश को मेरांश जैन ने वाकओवर दे दिया। अगले एकल ईवेंट मैच में कबीर हरियाणा ने ओजस को 6-3, 6-4 से हराया। रुशिल सिंघल बरेली ने अभिमन्यु पुणे, महाराष्ट्र को 6-2,6-1 से पराजित किया। डीएस रावत ने बताया सोमवार को 8 बजे से मुख्य ड्रा के मैच शुरू होंगे। विशिष्ट अथिति डिस्ट्रिक्ट टेनिस एसोसिएशन नैनीताल के कोषाध्यक्ष ललित मोहन जोशी व सचिव हेम कुमार पांडे शामिल रहे।

# जंगल में घायल अवस्था में मिला जर्मनी का नागरिक

## पासपोर्ट व आवश्यक दस्तावेज भी हुए गायब, पुलिस जांच में जुटी

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचारः** गर्जिया क्षेत्र के जंगल में एक विदेशी नागरिक घायल अवस्था में पड़ा मिला है। ग्रामीणों के अनुसार, वह व्यक्ति पिछले चार-पांच दिनों से क्षेत्र में घूमते हुए देखा जा रहा था। उसे मेडिकल सहायता के लिए अस्पताल भेजा गया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

पुलिस के मुताबिक, विदेशी नागरिक की पहचान 54 वर्षीय ब्रानीष लॉ के रूप में हुई है ,जोकि जर्मनी का नागरिक है। पुलिस के अनुसार, उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं लग रही है और वह अपने बारे में ठीक से जानकारी नहीं दे पा रहा है। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि उसके पासपोर्ट और अन्य जरूरी दस्तावेज भी गायब है। पुलिस क्षेत्राधिकारी सुमित पांडे ने बताया कि ब्रानीष ला भारत में अध्यात्म की खोज में आए थे।



पुलिस को जानकारी देता विदेशी नागरिक। ● अमृत विचार

वह बोधगया और धर्मशाला जैसे धार्मिक स्थलों का भ्रमण कर चुके हैं और हाल ही में रामनगर में प्रसिद्ध गिरिजा मंदिर आए हैं, यहां आने के कुछ समय बाद ही उनकी स्थिति बिगड़ गई। भाषा संबंधी बाधाओं को देखते हुए पुलिस ने ट्रांसलेटर की मदद ली है। प्राथमिक जांच में यह भी सामने आया है कि वह कई दिनों से भोजन और नींद की कमी से जूझ रहा था। पुलिस अब यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि विदेशी नागरिक भारत में कब आया, किस वीजा पर आया, और उसका संपर्क कहां-कहां हुआ है। यह भी देखा जा रहा है कि उसके साथ किसी प्रकार की ठगी या आपराधिक गतिविधि तो नहीं हुई है। फिलहाल ब्रानीष ला को मेडिकल इमरजेंसी के तहत चिकित्सकीय निगरानी में भेजा गया है। पुलिस द्वारा विदेशी दूतावास से भी संपर्क किया जा रहा है।

## चार दिन से नलकूप खराब, परेशानी

**हल्द्वानीः** लामाचौड़ क्षेत्रों के पदमपुरी निगल्टिया में पिछले चार दिनों से बंद पड़े नलकूप को अब तक ठीक नहीं किया जा सका है। इससे क्षेत्र में पीने के पानी का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। ग्रामीणों को रोजमर्रा के कामों के लिए भी पानी जुटाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों को पानी की आपूर्ति के लिए टैंकरों पर निर्भर होना पड़ रहा है। लोगों ने नलकूप को जल्द ठीक करने की मांग की है। अधिकांश शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में गौला से होने वाली आपूर्ति नहीं पहुंचती है। ऐसे में यहां के लोगों की निर्भरता ट्यूबवेल पर रहती है। नलकूप खराब होने से लोगों को मुसीबतों का सामना करना पड़ यहा है। एक के ठीक होते ही दूसरा ट्यूबवेल खराब हो रहा है। हिम्मतपुर और छड़ायल के ट्यूबवेल अभी तक ठीक नहीं किए जा सके हैं। जल संस्थान के अपर सहायक अभियंता पंकज उपाध्याय ने बताया कि ट्यूबवेल सिचाई विभाग नलकूप खंड का है। उन्हें खराब होने की सूचना दे दी गई है। ट्यूबवेल ठीक होते ही सप्लाई शुरू कर दी जाएगी।

# निगम के यूजर चार्ज कलेक्शन में हुई वृद्धि

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** बैणी सेना के प्रयासों से नगर निगम के यूजर चार्ज कलेक्शन में बढ़ोत्तरी हुई है। बैणी सेना ने फरवरी से मई के शुरुआती सप्ताह तक (तीन माह में) 96 लाख रुपये यूजर चार्ज के शुल्क के रूप में वसूले हैं। वर्तमान में नगर निगम की बैणी सेना में कुल 250 महिलाएं हैं। जिनकी ओर से शहर के 60 वार्डों में वाहनों से कूड़ा उठान के लिए यूजर चार्ज वसूला जाता है। नगर निगम की ओर से मिली जानकारी के अनुसार पूर्व में औसत यूजर चार्ज कलेक्शन 30 लाख रुपये प्रतिमाह था, जो बढ़कर वर्तमान में 32 लाख रुपए प्रतिमाह पहुंच चुका है। बैणी सेना के साथ ही निगम की दगडू बैणी सेना भी कार्य कर रही है। जो नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डों से तहबाजारी वसूल रही हैं। साथ ही उनको स्वच्छता और पर्यावरण को लेकर भी जागरुकता फैलाने की जिम्मेदारी दी गई है। दोनों के प्रयासों से शहर की स्वच्छता के साथ ही नगर निगम की आय में भी बढ़ोत्तरी हो रही है।

**600 आवंटित किरायेदारों को भेजे गए हैं नोटिस**

नगर निगम की ओर से वर्तमान में 600 आवंटित किरायेदारों को अनुबंध के नोटिस भेजे गए हैं। जिसके तहत निगम को कुल 1.36 लाख रुपये वसूलने हैं। निगम की ओर से वर्तमान में 7.53 लाख धनराशि वसूली जा चुकी है। नोटिस के बावजूद बकाया नहीं जमा होने पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

इधर, फरवरी से लेकर मई माह तक टैक्स का भी करीब 44.05 लाख रुपये बकाया वसूला जा चुका है। जबकि वित्तीय वर्ष 2024-25 का कुल बकाया 1.1 करोड़ रुपये है।

उल्लेखनीय है कि बैणी सेना नगर निगम हल्द्वानी की ओर से संचालित एक स्वंय सहायता समूहों का संगठन है। जिसका गठन 31 अक्टूबर 2022 को किया गया था। पूर्व में बैणी सेना को उसके काम के लिए देश में दूसरा स्थान मिला और कूड़ा प्रबंधन और शुल्क लेने की व्यवस्था को राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कार भी मिल चुका है।



कार्यक्रम के दौरान मंचासीन अतिथि। ● अमृत विचार

# कालू सिद्ध मंदिर नवनिर्मित भवन में शिफ्ट

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** शहर के ऐतिहासिक श्री कालू सिद्ध मंदिर को भव्य नवनिर्मित भवन में विधिवत रूप से शिफ्ट कर दिया गया है। शुक्रवार से शुरू हुए प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का समापन रविवार को भंडारे के साथ हुआ। इस अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और धार्मिक उत्सव का माहौल रहा।

शनिवार को आयोजित विशेष पूजा कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी शिरकत की और नवस्थापित मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की खुशहाली की कामना की। नगर निगम और प्रशासन द्वारा नैनीताल रोड चौड़ीकरण परियोजना के तहत प्राचीन मंदिर को सुरक्षित रूप से अन्य स्थान पर स्थानांतरित किया गया। नया मंदिर उत्तर भारतीय नागर शैली में निर्मित किया गया है। नवनिर्मित मंदिर में भगवान हरि विष्णु, शनिदेव, श्री गोल्ज्यू देवता, राम दरबार, शिव परिवार, मां दुर्गा सहित 15 देवी-देवताओं की प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। प्राण-प्रतिष्ठा के तीन दिवसीय अनुष्ठान में सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए।



श्रीमद् देवी भागवत कथा सुनने पहुंचे श्रद्धालु। ● अमृत विचार

**मां भगवती भक्तों की करती हैं रक्षाः जोशी**

**कालाढूंगी :** टीटेश्वरी माता मंदिर में चल रही नौ दिवसीय श्रीमद् देवी भागवत कथा के चौथे दिन कथावाचक पंडित नंद किशोर जोशी ने कहा कि मां भगवती हमेशा अपने भक्तों की रक्षा करती है। इस दौरान माता के भजनों पर महिलाएं जमकर झूमीं। कोटाबाग से 15 किलामीटर दूर उंचे पहाड़ों के घने जंगल में स्थित पौराणिक टिटेश्वरी माता मंदिर में रविवार को कथावाचक जोशी महिषासुर के संहार प्रसंग का वर्णन किया। कहा कि पुत्र कुपुत्र हो सकता है, लेकिन मां कभी कुमाता नहीं हो सकती है। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म की रक्षा के लिए सभी को आगे आना चाहिए। उन्होंने धर्म व संस्कृति के प्रचार-प्रसार पर जोर दिया। इस दौरान मंदिर समिति अध्यक्ष विपिन पंत, उपाध्यक्ष घनश्याम अधिकारी, सचिव जीवन सिंह मेहरा, कोषाध्यक्ष कैलाश डूंगरियाल, जीवन साह आदि मौजूद रहे।

SAHAS Homeo
Homeopathic Clinic & Medical Store
साहस होम्यो मेडिकल स्टोर एवं क्लीनिक
जर्मन तथा सभी प्रकार के होम्योपैथिक व बायोकैमिक दवाईयों के विक्रेता
डॉ. यश पाण्डेय
होम्योपैथिक फिजिशियन
बी.एच.एम.एस., जयपुर
चर्म रोग | गुर्दा रोग | पेट रोग
गुदा रोग | लिवर सम्बन्धी रोग
अन्य रोग • स्पॉन्डिलाइटिस • श्वास रोग • मोटापा • दमा • प्रोस्टेट • माइग्रेन • टान्सिल • एलर्जी • ब्रोनकाइटिस
बच्चों के रोग • पेट का दर्द • अपच • कान में संक्रमण / दर्द • खांसी • जुकाम • निमोनिया • बुखार • दांत निकलना
साहस होम्यो क्लीनिक
निकट गुरुद्वारा, कालाढूंगी रोड, हल्द्वानी
मो. 9456727473, 9410514531 शनिवार अवकाश

# कार्यकर्ता ही संगठन की असली ताकतः प्रताप

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचारः** किसी भी संगठन की असली ताकत कार्यकर्ता होते हैं। कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर घर-घर जाकर जनमानस की समस्याओं का समाधान करना चाहिए। जनता से जुड़ने से ही संगठन को बल मिलेगा। यह बात भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट ने ग्राम टांडा में पीरूमदारा मंडल की नवनियुक्त मंडल कार्यकारिणी का स्वागत करते हुए कही।

विधायक दीवान सिंह बिष्ट ने कहा कि संगठन के द्वारा मिले दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करें और संगठन के आगामी कार्यक्रमों मे बढ़ चढ़कर हिस्सा लें। कहा कि कार्यक्रमों को सफल बनाने की जिम्मेदारी भी प्रत्येक कार्यकर्ता की है। साथ ही सरकार की योजनाओं से जनता को अवगत कराने का काम भी कार्यकर्ताओं को करना चाहिए। इस दौरान मंडल अध्यक्ष बलदेव रावत, प्रदेश मंत्री राकेश नैनवाल, जिला महामंत्री रंजन बर्गली, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य भगीरथ लाल चौधरी, पूर्व राज्यमंत्री दिनेश मेहरा, मंडल महामंत्री कपिल रावत, गौरव धोलाखंडी, अर्जुन सिंह, वासुदेव पांडेय, ज्ञान सिंह, कनिका रोतेला, हरिओम सिंह, पुरुषोत्तम सिंह, दीपा ध्यानी व नीलम गुप्ता मौजूद रहे।

# तैराकी प्रतियोगिता में भार्गवी का चयन

संवाददाता, हल्द्वानी

● राष्ट्रीय खेल में मॉर्डन पेंटाथलॉन और ट्रायथलॉन में भी जीते थे पदक

**अमृत विचारः** एसएफआई (स्विमिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया) के तत्वावधान में रविवार को गौलापार स्थित इंदिरा गांधी अंततरर्राष्ट्रीय स्पोर्ट्स कॉम्प्लैक्स के मानसखंड स्विमिंग पूल में आयोजित नेशनल टीम चयन तैराकी प्रतियोगिता में हल्द्वानी की भार्गवी रावत ने शानदार प्रदर्शन कर पांच स्वर्ण पदक अपने नाम किए हैं। गोविंदपुरम बिठौरिया नंबर-1 की निवासी और वुडलैंड सीनियर सेकेंडरी स्कूल की कक्षा 9 वीं की छात्रा भार्गवी ने विभिन्न वर्गों में कुल 5 स्वर्ण पदक अपने नाम किए। उन्होंने पांच पदकों के साथ प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर आगामी नेशनल तैराकी प्रतियोगिता के लिए भारतीय टीम में अपनी जगह पक्की की। यह राष्ट्रीय प्रतियोगिता 22 से 26 जून तक उड़ीसा में आयोजित होगी।



भार्गवी।

भार्गवी की इस उपलब्धि पर उनके परिवार, विद्यालय और पूरे शहर में खुशी का माहौल है। उल्लेखनीय है कि भार्गवी ने राष्ट्रीय खेलों में मॉर्डन पेंटाथलॉन और ट्राइथलॉन में भी पदक जीते थे। एक बार फिर से राष्ट्रीय स्तर पर अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करने को तैयार हैं।

# युवक पर गोली चलाने में पांच पर मुकदमा दर्ज

संवाददाता, रामनगर

● शनिवार शाम युवक पर हुआ था हमला, आरोपियों की धरपकड़ में जुटी पुलिस

**अमृत विचारः** युवक पर गोली चलाने के मामले में पुलिस ने पांच युवकों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। साथ ही पुलिस आरोपियों की धरपकड़ में जुट गई है।

मोहल्ला इंदिरा कॉलोनी निवासी मुकुल आर्य ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शनिवार शाम वह बाइक से गैस गोदाम रोड की ओर जा रहा था। इस दौरान वह एक दुकान से समान खरीद रहा था। आरोप हैकि नहर के पास ग्राम चिलकिया निवासी फरदीन, मोहल्ला खताड़ी निवासी फारुक, मोहल्ला गूलरघट्टी निवासी अर्श, मोहल्ला गूलरघट्टी निवासी ईशान और मोहल्ला खताड़ी निवासी बिलाल आए और घेरकर उसके साथ मारपीट करते हुए उसका मोबाइल फोन भी छीन लिया। ईशान ने उस पर फायरिंग कर दी।गोली मुकुल के हाथ में लगी और वह लहूलुहान होकर मौके पर गिर गया। इसके बाद हमलावर वहां से फरार हो गए। वहां मौजूद लोगों ने घायल को उपचार के लिए रामनगर के सरकारी अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। वरिष्ठ उप निरीक्षक मनोज नयाल ने बताया कि पांच आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। उन्होंने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए धरपकड़ शुरू कर दी गई है।

### अनामिका को मिली पीएचडी की उपाधि



**लालकुआं :** बिंदुखत्ता इंद्रा नगर प्रथम लालकुआं की निवासी अनामिका धामी पुत्री नरेंद्र सिंह धामी ने कड़ी मेहनत और लगन से जैविक रसायन विज्ञान में डॉक्टरेट (पीएचडी) की उपाधि हासिल की है। मूल रूप से खेला, धारचूला की रहने वाली अनामिका ने यह उपलब्धि लखनऊ स्थित प्रतिष्ठित संस्थान सीएसआईआर-सीडीआरआई (सेंट्रल ड्रग रिसर्च इंस्टीट्यूट) से प्राप्त की। उन्होंने प्रारंभिक शिक्षा पूरी करने के बाद गोविंद बल्लभ पंत विश्वविद्यालय पंतनगर से जैविक रसायन विज्ञान में एमएससी की डिग्री हासिल की थी।

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
FOPS BAREILLY Faculty of Paramedical Sciences Towards Professional Excellence
Faculty of Paramedical Sciences
Approved by : Uttar Pradesh State Medical Faculty, Lucknow
Courses
■ BMLT/BMLS (Intake-80 Seats)
■ BRIT (Intake-80 Seats)
■ BPT (Intake-40 Seats)
■ B.Sc. Optometry (Intake-40 Seats)
■ BOTT (Intake-40 Seats)
■ M.Sc. Clinical Embryology (Intake-40 Seats)
■ MPT (Intake-20 Seats)
■ MMLS (Intake-20 Seats)
Admission Open
Session 2025-26
FACULTY OF FORENSIC SCIENCES
Courses
■ B.Sc. Forensic Sciences (Intake-40 Seats)
■ M.Sc. Forensic Sciences (Intake-20 Seats)
ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE AND HOSPITAL
Courses
■ Diploma in X-Ray (Intake-30 Seats)
■ Diploma in Lab Technician (Intake-30 Seats)
■ Diploma in Radiotherapy Technician (Intake-30 Seats)
Rohilkhand College of Paramedical Sciences
Courses
■ Diploma in Dialysis Technician (Intake-30 Seats)
■ Diploma in M.R.I. Technician (Intake-30 Seats)
■ Diploma in Emergency & Trauma Care Technician (Intake-30 Seats)
■ Certificate in Sanitation (Intake-30 Seats)
Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
E-mail I'd : facultyofparamedicalsciences@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com, rcpsbareilly@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

**प्रेरणादायक** गंदगी का नहीं मिलेगा एक भी तिनका, स्वच्छता पर दिया जा रहा जोर, सीटीआर कर्मी व जिप्सी चालक कर रहे जागरूक

# पर्यावरण संरक्षण का संदेश दे रहा ढिकाला पर्यटन जोन

विनोद पपनै, रामनगर

**अमृत विचारः** कॉर्बेट नेशनल पार्क का ढिकाला पर्यटन जोन अपने प्राकृतिक सौंदर्य के लिए इतना विख्यात है कि पर्यटक इसकी सुंदरता को देखकर मंत्रमुग्ध हो जाते हैं। यह जोन पर्यावरण संरक्षण का भी शानदार उदाहरण है। हमेशा पर्यटकों से भरा रहने के बावजूद यहां पर गंदगी का एक तिनका तक नहीं मिलेगा। सीटीआर कर्मी ही नहीं, बल्कि यहां पर्यटकों को घुमाने वाले जिप्सी चालक, नेचर गाइड भी पर्यटकों को हमेशा स्वच्छता बनाए रखने के प्रति जागरूक करते हैं।

**कई प्रकार के वृक्षों का संगम**



कमर पट्टा रोड पर विश्राम करता चीतल।

कॉर्बेट नेशनल पार्क के पूर्व पार्क वार्डन सतीश चंद्र उपाध्याय की माने, तो पार्क की जैव विविधता का वास्तव में कोई सानी नही है। कहते है कि यहां अनेक प्रकार के वृक्ष पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। साल, रोहिणी, ढाक, बाकुली, बेल, तेंदू, कठबेर, सेमल के अलावा शिवालिक पहाड़ियों के ढलानों पर कुसुम, कचनार, पुला जैसे वृक्ष पर्यावरण को संरक्षित कर रहे है। नमी वाले स्थानों पर जामुन, हल्दू, कंजु और नदी के तट पर खैर, शीशम, सेमल के अलावा ऊंची चोटियों पर चीड़ भी उपस्थिति दर्ज करा रहा है। कॉर्बेट में 275 के आस पास उच्च प्रजाति के वृक्ष, 200 छोटे प्रजाति के पौधे और 180 से अधिक प्रजातियों के फर्न, शैवाल अपनी मौजूदगी का अहसास कराते हैं।

**हरियाली के बीच स्वच्छंद घूमते वन्य जीव**

ढिकाला में कमर पट्टा, लीद खलिया, राम सिंह रोड,मोटा साल, चैंपियन रोड व साभर रोड आदि स्थानों के अलावा सुल्तान, गैरल, ढिकाला, खिनानौली, कांडा में हरियाली के बीच बाघों की दहाड़, हाथियों की चिंघाड़, हिरण के झुंड भी दिखाई देंगे। सांभर, काकड़, घुरड़, जंगली सुअर, नाचते मोर के दृश्य भी आनंदमय करते हैं। विभिन्न प्रकार के पक्षियों कोलाहल भरा संगीत हृदय को आनंदित किए बिना नहीं रहता। बंगाल से अपने परिवार के साथ पहली बार भ्रमण करने आए आशीष भट्टाचार्य कहते हैं ढिकाला वास्तव में धरती का स्वर्ग है।

"कॉर्बेट पार्क में वन्यजीवों के संरक्षण, वनों की सुरक्षा एवं पर्यावरण को सुरक्षित रखने में सीटीआर कर्मियों, अधिकारियों, नेचर गाइडों, जिप्सी चालकों के साथ इससे सटे गांवो के लोगों का भी विशेष योगदान है। सभी मिलकर यहां की जैव विविधता को संरक्षित कर रहे हैं। **डॉ. साकेत बडोला**, निदेशक कॉर्बेट टाइगर रिजर्व

# जहां पुलिस वहां जाम, कागज पर प्लान सड़क पर धड़ाम

## तीन दिवसीय डायवर्जन प्लान और हर दिन लगा जाम, रविवार को गर्मी और उमस से बेहाल हुए पर्यटक, सुबह से लगी वाहनों की कतार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी



रविवार को गौलापार रोड भी पुलिस की बदइंतजामी से वाहनों की कतारें लग गईं। ● अमृत विचार



रविवार को नरीमन तिराहे पर लगा तीन तरफा जाम। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** जहां पुलिस नहीं वहां जाम नहीं और जहां पुलिस की तैनात वहीं लगा जाम। क्या कहें अब हाल ही ऐसा है। दो पल सुकून के लिए अपना शहर छोड़कर वादियों का रूख करने वाले पर्यटकों का पूरा दिन जाम में गुजर जाता है। दुश्वारियां वहां ज्यादा होती हैं, जहां पुलिस ने पेपर वर्क किया होता है। कागज पर हर रोज जाम से निजात पाने के प्लान बनाने वाली पुलिस जब सड़क पर उतरती है तो सारा का सार प्लान धड़ाम हो जाता है। रविवार को भी हल्द्वानी से लेकर पहाड़ी मार्गों तक पर्यटकों के साथ स्थानीय लोगों को फजीहत झेलनी पड़ी।

बकरीद से दो दिन पहले नैनीताल पुलिस ने तीन दिवसीय डायवर्जन प्लान जारी किया था। पुलिस को अनुमान था कि शनिवार को बकरीद की छुट्टी और रविवार को सार्वजनिक अवकाश का असर सड़क पर नजर आएगा। इस असर को कम करने के लिए तीन दिन तक दो पहिया वाहनों की एंट्री पहाड़ की ओर बैन कर दी थी, लेकिन हुआ वैसा ही जैसा पुलिस को अनुमान था। जितने दिन के लिए पुलिस ने डायवर्जन प्लान जारी किया, उतने दिन जाम लगा। जबकि पुलिस का दावा है कि सैकड़ों की संख्या में दो पहिया वाहन सवारों को पहाड़ की तलहटी से ही बैरंग लौटा दिया गया।

शनिवार को भी नैनीताल जिले के लगभग सभी पहाड़ी मार्गों जाम की स्थिति बनी रही और जब रविवार को पर्यटकों की पहाड़ की ओर से घरों के लिए वापसी शुरू हुई तो पर्यटकों के साथ पुलिस की भी फजीहत शुरू हो गई। सुबह से ही पुलिस ने भरसक प्रयास किए, लेकिन जाम को सामान्य करने में दिन गुजर गया। हालांकि दोपहर बाद स्थितियां कुछ सामान्य हुईं, लेकिन यातायात रफ्तार नहीं भर सका। नैनीताल से हल्द्वानी की ओर, हल्द्वानी से नैनीताल की ओर, हल्द्वानी से भीमताल की ओर और नरीमत तिराहे से गौलापार की रोड पर काली चौड़ तक वाहनों की लंबी कतार देखी गई। काठगोदाम थानाध्यक्ष पंकज जोशी का कहना है कि पर्यटक वाहनों की संख्या की वजह से जाम की स्थिति उत्पन्न हुई थी। हालांकि प्रयास के बाद यातायात सामान्य हो गया था।

### जिस रास्ते का पता नहीं, उस पर चल दिए पर्यटक

**हल्द्वानी :** काठगोदाम थाने के ठीक पीछे से खनस्यूं और धारी के लिए हैड़ाखान मंदिर से होते हुए मोटर मार्ग जाता है। यह पहाड़ी मार्ग बेहद संकरा और जोखिम भरा है। जिन्हें पहाड़ पर वाहन चलाने का अनुभव नहीं उन्हें ऐसे मार्ग पर वाहन चलाने से गुरेज करना चाहिए। क्योंकि माहिर वाहन चालक भी इस पर चूक जाते हैं। रविवार को जब नरीमन तिराहे से गौलापार की ओर लंबा जाम लगा था और राहगीर इससे निकल नहीं पा रहे थे तो तमाम ने हैड़ाखान मार्ग का रुख कर लिया। यहां मार्ग शुरू होते ही वन चौकी है, बगल में थाना भी है। मौके पर पुलिस भी तैनात थी, लेकिन किसी ने पर्यटकों को सिंगल रूट पर जाने से नहीं रोका।

> रविवार को नैनीताल, भीमताल में पर्यटक वाहनों का अत्यधिक दवाब था, इन स्थानों पर स्थिति बिगड़ने पर गौलापार फिटनेस सेंटर पर वाहनों को अधो घंटे के लिए रोक दिया था। पर्वतीय रूटों पर स्थिति सामान्य होने के बाद वाहनों को आगे भेजा गया हालांकि पूरे दिन सड़कों पर वाहनों का काफी दवाब था।
> –**शिवराज बिष्ट**, यातायात निरीक्षक

### सड़कें चौड़ी हुईं, लेकिन जाम से मुक्ति नहीं मिली

**हल्द्वानी :** जाम की परेशानी हल्द्वानी और नैनीताल रूट के लिए नई नहीं है। पुलिस के पास पहले बहाना था कि शहर और पहाड़ की सड़कें संकरी है, इस वजह से जाम लगता है। हालांकि सड़कें अब चौड़ी हो चुकी हैं और हो रही हैं। सबसे तंग वो नरीमन तिराहा चौड़ा हो चुका है, जिस पर हल्द्वानी से नैनीताल, नैनीताल से हल्द्वानी और हल्द्वानी व नैनीताल से गौलापार की ओर जाने वाला यातायात प्रभावित होता है। बावजूद इसके जाम वाहनों की संख्या बढ़ते ही सड़कें यातायात के बोझ तले दब जाती हैं। हालांकि नैनीताल और भीमताल की ओर जाने वाले पहाड़ी मार्ग अब भी बेहद संकरे हैं और ये जाम की असल वजह भी हैं।

# भीमताल में जाम का झाम, पर्यटक हुए परेशान

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार:** भीमताल में यातायात व्यवस्था एक बार फिर धड़ाम हो गई। भीमताल के मुख्य मोटर मार्ग समेत लिंक मोटर मार्गों पर वाहनों की लंबी-लंबी कतारें दिखाई दी। इस दौरान वाहन रेंग-रेंग कर चल रहे थे।

कारोबारियों की माने, तो स्थान-स्थान पर पुलिस द्वारा वाहनों को रोका जाना जाम का मुख्य कारण है। व्यापारी बताते हैं कि पुलिस को एक ही स्थान पर शहर से बाहर आने वाले पर्यटकों से पूछताछ कर लेनी चाहिए, ताकि शहर के भीतर व्यवस्था खराब न हो। पुलिस की पूछताछ से पर्यटक परेशान है, वहीं दूसरी तरफ वाहनों की लंबी कतार लगने के कारण स्थानीय लोगों के दैनिक कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। रविवार को भीमताल-नौकुचियाताल, भीमताल-भवाली, भीमताल-हल्द्वानी, भीमताल बाईपास मार्ग, भीमताल से जॉन से स्टेट जाने वाले मार्ग में रुक-रुककर जाम लगता रहा। सबसे लंबा जाम खुटानी से गोरखपुर तक लगा हुआ था।

> यातायात समस्या से निपटने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह नाकाम रहा है। पर्यटकों के वाहन घंटों जाम में फंसे रहे हैं। यदि भीमताल की स्थिति ऐसी रही, तो आने वाले दिनों में भीमताल का पर्यटन समाप्त हो जाएगा।
> –**नितेश बिष्ट**, सामाजिक कार्यकर्ता

> खुटानी तिराहे पर गाड़ियों को रोके जाने से जाम लग गया। पुलिस प्रशासन से अनुरोध है कि कोई वैकल्पिक व्यवस्था करें, जिससे यातायात सुचारू रूप से चल सके और खुटानी तिराहे पर जाम की स्थिति से बचा जा सके।
> –**अखिलेश सेमवाल**, प्रदेश कार्यकारणी सदस्य, प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल



भीमताल में जाम के दौरान फंसे वाहन। ● अमृत विचार

## सार-संक्षेप



नैनीताल तिराहे पर जाम के दौरान फंसे वाहन। ● अमृत विचार

### वीकेंड पर कालाढूंगी में थमी वाहनों की रफ्तार

**कालाढूंगी :** वीकेंड पर नगर में वाहनों की रफ्तार थम गई। वाहन रेंग-रेंग कर चल रहे थे। नैनीताल तिराहे पर जाम में वाहन फंसे रहे। थानाध्यक्ष विजय मेहता ने पुलिस टीम के साथ नैनीताल तिराहे पर कमान संभाल कर यातायात व्यवस्था बनाई। रविवार को पर्यटकों के अधिक वाहनों के पहुंचने से लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। थानाध्यक्ष विजय मेहता ने बताया कि हुड़दंग करने वाले बाइक सवारों के चालान भी किए गए हैं।



रामनगर में लगा वाहनों का जाम। ● अमृत विचार

### 13 किमी का सफर तय करने में लगे ढाई घंटे

**रामनगर :** रविवार को भी राम की नगरी के लोग यातायात व्यवस्था धड़ाम होने से बेहाल रहे। दोपहर में रामनगर से ढिकुली तक नौ किलोमीटर का जाम दिखाई दिया। इस दौरान वाहन रेंग रहे थे। रामनगर से गिरिजा देवी मंदिर जाने वाले वाहनों ने तेरह किलोमीटर का सफर ढाई घंटे में पूरा किया। पुलिस को भी जाम खुलवाने में पसीना बहाना पड़ा। इस समय जाम रामनगर की प्रमुख समस्या बन गया है। लोगों का बाजार जाना भी मुश्किल हो गया है। रानीखेत रोड पर जाम से निजात पाने के स्थानीय प्रशासन के सारे दावे फिलहाल खोखले साबित हो रहे हैं।



साथी संगठन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करते सदस्य।

### साथी संगठन ने लोगों को स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक

**हल्द्वानी :** साथी संगठन की ओर से रविवार को झंडा पार्क में लोगों में शारीरिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता के मकसद से वरिष्ठ नागरिकों ने शारीरिक अभ्यास व विभिन्न आसन व योग किए। अंत में राष्ट्रीय गान गाकर लोगों को देशभक्ति के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान संस्थापक अध्यक्ष आनन्द सिंह ठठोला, शंकर दत्त तिवारी, आनन्द सिंह रावत, डीडी शर्मा, वीरेन्द्र सिंह भाकुनी, सुरेंद्र सिंह बिष्ट, आरएस बोरा, एमएस महरा, जेसी पंतोला रहे।



कौन्ता–हरीशताल मार्ग का लोकार्पण करते विधायक राम सिंह कैड़ा। ● अमृत विचार

### खुशखबरी : कौंता-हरीशताल मोटर मार्ग गांव से जुड़ा

**हल्द्वानी :** हरीशताल झील व गांव में लिंक मोटर मार्ग को सड़क से जोड़ दिया गया है। ग्रामीणों ने विधायक से इस सड़क को बनाने की मांग की थी। ओखलकांडा ब्लॉक के स्युड़ा से कौंता–हरीशताल तक मोटर मार्ग का निर्माण पूर्व में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गगत करा दिया था। हरीशताल झील व गांव में लिंक मोटर मार्ग नहीं होने से ग्रामीणों को परेशानियो का सामना करना पड़ रहा था। ग्रामीणों को मुख्यमार्ग तक सामान को घोडों और खच्चरों को मुख्य मार्ग तक लाना पड़ता था। ग्रामीणों ने विधायक कैड़ा से हरीशताल झील व गांव के लिए लिंक मोटर मार्ग बनाने की मांग की थी। विधायक कैड़ा ने ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए, मेरा गांव मेरी सड़क योजना के अंतर्गत 70 लाख स्वीकृत कराकर मोटर मार्ग का निर्माण कार्य पूर्ण होने के उपरांत मोटर मार्ग का लोकार्पण किया। ग्रामीणों ने विधायक कैड़ा का फूल मालाओ व ढोल–नगाड़ों से स्वागत कर आभार व्यक्त कर धन्यवाद दिया। विधायक ने कहा हरीशताल, लोहाखाम ताल झील के सौन्दर्यकरण के लिए कार्य किया जा रहा है।



भाजपा जिलाध्यक्ष से मिलते दमुवाढूंगावासी। ● अमृत विचार

### भूमि के मालिकाना हक को लेकर सौंपा ज्ञापन

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** दमुवाढूंगा में जिला प्रशासन की ओर से कृषि भूमि पर कब्जा लिए जाने को लेकर दमुवाढूंगावासियों ने भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने इस समस्या का समाधान निकालने की मांग की है। रविवार को दमुवाढूंगावासियों का एक प्रतिनिधि मंडल जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट के आवास पर पहुंचा। यहां उन्होंने ज्ञापन सौंपकर कहा कि दमुवाढूंगा के 643 एकड़ भूमि में आवासीय और कृषि भूमि है। आरोप लगाया कि विपक्ष की ओर से भी फैलाया जा रहा है कि प्रशासन दमुवाढूंगा में कृषि भूमि पर कब्जा कर रहा है। इसको लेकर क्षेत्रवासियों में संशय की स्थिति है। उन्होंने इस पर स्थिति स्पष्ट करने की मांग की। इस पर जिलाध्यक्ष बिष्ट ने एसडीएम राहुल साह से फोन पर वार्ता की। एसडीएम ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार कार्यवाही की जा रही है। दमुवाढूंगा का सर्वे किया जा रहा है। आवासीय और कृषि भूमि को चिन्हित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। सर्वे एवं औपचारिकताएं पूरी होने के बाद लोगों को मालिकाना हक मिलेगा तो 25 हजार से अधिक लोग लाभान्वित होंगे। ज्ञापन सौंपने वालों में हृदयेश कुमार, महेश जोशी, विजय चन्द्र, अरुण कुमार, पनराम, मुन्ना आदि मौजूद रहे।

### सीनियर नेशनल तैराकी के ट्रायल हुए

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में 22 से 26 जून तक होने वाली सीनियर नेशनल स्विमिंग प्रतियोगिता के लिए राज्य की स्विमिंग टीम का टाइम ट्रायल रविवार को गौलापार स्थित स्टेडियम स्विमिंग पूल में किया गया। इस ट्रायल में नैनीताल, देहरादून, हरिद्वार, ऊधम सिंह नगर, चंपावत और पिथौरागढ़ जिलों से करीब 35 से 40 तैराकों ने प्रतिभा का प्रदर्शन किया। ट्रायल में खिलाड़ियों का चयन उनके क्वालीफाइंग टाइम के आधार पर किया जाएगा। उत्तराखंड राज्य तैराकी संघ के अधिकारियों की निगरानी में यह ट्रायल हुआ। खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर पर उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व करने के लिए कड़ी मेहनत और उत्साह के साथ प्रदर्शन किया। राज्य टीम की घोषणा आगामी दिनों में की जाएगी।

# रोडवेज स्टेशन से चली बस दो गांव में ठप, सांसत में जान



ठप पड़ी काठगोदाम डिपो की बस।

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** उत्तराखंड परिवहन निगम की बसों का हाल भगवान भरोसे चल रहा है। काठगोदाम डिपो की बस संख्या यूके 07 पीए 2917 हल्द्वानी से नैनीताल के लिए हल्द्वानी रोडवेज स्टेशन से सुबह 10.30 बजे चली। बस के दो गांव पहुंचते ही उसका प्रेशर पाइप फट गया। जिससे यात्रियों की जान सांसत में आ गई। आनन-फानन में यात्रियों को उतारकर बस को वहीं किनारे खड़ा किया गया। बस में सवार सभी 38 यात्रियों को अलग-अलग बस से नैनीताल के लिए रवाना किया गया।

इस दौरान अलग-अलग जगह से आए यात्री परिवहन निगम की अव्यवस्था पर नाराज दिखे। यात्रियों ने कहा कि रोडवेज स्टेशन से ही करीब 2 घंटे के इंतजार के बाद बस मिली और इस पर भी बस खराब होने से परेशानी झेलनी पड़ रही है। बस खराब होने के कारण यात्रियों को करीब 1 घंटे इंतजार करना पड़ा। स्टेशन इंचार्ज रघुवीर चौधरी ने बताया कि बस के लिए सहायता भेज कर वापस काठगोदाम डिपो लाया गया है। डिपो में बस को ठीक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यात्रियों को दूसरी बस से नैनीताल भेजा गया।

### पीक सीजन की भीड़ नही संभाल पा रहा परिवहन निगम

उत्तराखंड परिवहन निगम के हल्द्वानी बस स्टेशन में पीक सीजन में लिए भारी भीड़ जुड़ने से अव्यवस्थाएं देखने को मिल रही हैं। यहां से नैनीताल, कैंची, अल्मोड़ा, रानीखेत के लिए पर्याप्त बस उपलब्ध नहीं होने से सुबह 5 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक बड़ी संख्या में पर्यटकों के पहुंचने से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बसों की कमी के कारण पीक सीजन में यात्रियों की भीड़ को संभालने में अव्यवस्थाएं देखने को मिल रही हैं।

# भाजपा घर-घर जाकर गिनाएगी उपलब्धियां

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- **सरकार के 11 वर्ष पूरे होने पर एक माह तक चलेगा महा अभियान**
- **प्रदेश महामंत्री संगठन ने वर्चुअली बैठक में दिए निर्देश**

**अमृत विचार :** भाजपा ने केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर एक माह का महा अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान में केंद्र की विकसित भारत, अमृतकाल में सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण की उपलब्धियों को घर-घर तक पहुंचाने की रणनीति बनाई है।

रविवार को प्रदेश महामंत्री संगठन अजय कुमार ने वर्चुअली बैठक की। इसमें नौ जून से नौ जुलाई तक विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान को सफल बनाने के लिए मीडिया व सोशल मीडिया की टीमों के साथ बैठक कर तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। इस अभियान की शुरुआत नौ जून को दिल्ली में राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की पत्रकार वार्ता के साथ होगी।

प्रदेश में 10 जून को देहरादून में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, 11-12 जून को सभी जिलों में सांसदों, मंत्रियों, विधायकों एवं पदाधिकारी मीडिया के माध्यम से केंद्र एवं राज्य सरकार की उपलब्धियों को गिनाएंगे। इसी तरह बैठक में प्रत्येक जिले में होने वाली प्रबुद्ध जन मीट, 12 से 16 जून तक मंडल स्तर पर त विकसित भारत संकल्प सभा की तैयारियों पर चर्चा की गई। शहरों में शक्ति केंद्र अनुसार मोहल्ला चौपाल और गांव में पंचायत चौपाल में जनसहभागिता के साथ विकसित भारत संकल्प लिए जाने की तैयारी को अंतिम रूप दिया गया। इसी के साथ ही विधानसभा स्तर पर होने वाले बहुउद्देशीय पंजीकरण शिविर का लाभ अधिक से अधिक लोगों को हो, उसके लिए मीडिया और सोशल मीडिया की भूमिका सुनिश्चित की गई। वहीं डिजिटल प्रतियोगिता के तहत सभी जिलों में वीडियो एवं चित्रात्मक ग्राफिक्स इवेंट और प्रदर्शनी की कार्ययोजना तैयार की गई। संगठन मंत्री अजय कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत का अमृत काल सेवा सुशासन एवं गरीब कल्याण के साथ आगे बढ़ रहा है। 11 वर्षों में विकास और विरासत को लेकर अभूतपूर्व काम हुए हैं। ढांचागत विकास, औद्योगिक विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, जन कल्याण, सामाजिक सुधार सभी क्षेत्रों में भारत आज तेजी से बदल रहा है। केंद्र सरकार के 11 वर्ष और राज्य सरकार की उपलब्धियां को मंडल एवं बूथ स्तर पर कार्यक्रमों के जरिए जन-जन तक पहुंचना है। इस दौरान मनवीर सिंह चौहान, खिलेंद्र चौधरी, नवीन ठाकुर, राजेंद्र सिंह नेगी, राजीव तलवार, करुण दत्ता, विनोद सुयाल, मधु भट्ट, कमलेश रमन, हनी पाठक, सुनीता विद्यार्थी, मानिक निधि शर्मा, देवेंद्र भसीन, राजेश्वर पैन्यूली, आरपी रतूड़ी रहे।

इधर, जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट ने कहा कि जिले से बूथ स्तर तक केंद्र व राज्य सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाना है।



दर्जा मंत्री शंकर कोरंगा को ज्ञापन सौंपते राज्य आंदोलनकारी। ● अमृत विचार

### राज्य आंदोलनकारियों से हाउस टैक्स नहीं लिया जाए

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री की घोषणा राज्य आंदोलनकारियों से हाउस टैक्स वसूले नहीं जाने की घोषणा को पूरी करने को लेकर ज्ञापन सौंपा। चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं हुई तो उग्र आंदोलन होगा। चिन्हित राज्य आंदोलनकारी संयुक्त समिति के प्रतिनिधि मंडल ने रविवार को दर्जा मंत्री शंकर कोरंगा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने घोषणा की थी कि राज्य आंदोलनकारियों से हाउस टैक्स नहीं वसूला जाएगा लेकिन उनकी यह घोषणा अब तक पूरी नहीं हो सकी है। मुख्यमंत्री की इस घोषणा को जल्द क्रियान्वित कराने की मांग की है। इस पर कोरंगा ने जल्द ही मुख्यमंत्री तक राज्य आंदोलनकारियों की मांग पहुंचाने का आश्वासन दिया। यहां जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह बिष्ट, कमल जोशी, भुवन जोशी, दिनेश तिवारी, अयोध्या केसरवानी आदि रहे।

**स्वास्थ्य** इस व्यवस्था के बाद ही कैंसर संस्थान की अतिरिक्त नर्सें लेगा एसटीएच, कैंसर संस्थान में करीब 35 स्थाई नर्सों का अभी कोई काम नहीं

# एसटीएच की नर्सिंग अधीक्षक के अधीन होंगी कैंसर संस्थान की नर्सें

संवाददाता, हल्द्वानी



**अमृत विचार:** शासन की ओर से राजकीय मेडिकल कॉलेज के अधीन अस्पतालों डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय अस्पताल और स्वामी राम कैंसर संस्थान के लिए स्थाई नर्सों को भेजा गया है। कैंसर संस्थान में अभी काम बाकी होने की वजह से करीब 35 नर्सें फिलहाल के लिए अतिरिक्त हो गईं हैं। अब इन नर्सों को एसटीएच में तभी समायोजित किया जाएगा जब ये नर्सें एसटीएच की नर्सिंग सुपरिटेंड के अधीन काम करेंगी।

करीब डेढ़ माह पूर्व एसटीएच और कैंसर संस्थान को नियमित नर्सें दी गईं। इस वजह से यहां से कई आउटसोर्स नर्सों को भी हटाया गया। कैंसर संस्थान को राज्य कैंसर संस्थान के तौर पर विकसित किया जा रहा है। अभी यहां काम चल रहा है। साथ ही न्यूक्लियर मेडिसन वार्ड के लिए वन भूमि का पेंच भी फंसा हुआ है। ऐसे में माना जा रहा है स्टेट कैंसर संस्थान को पूरी तरह से अस्तित्व में आने में अभी ढाई से तीन साल का समय लग सकता है। कैंसर संस्थान को जो नर्सें दी गईं उनमें से करीब 35 नर्सों का अभी संस्थान में कोई काम नहीं है। इस वजह से कैंसर संस्थान ने पत्र लिखकर एसटीएच प्रबंधन से कहा कि जब तक यहां पर स्वास्थ्य सेवाओं का पूरी तरह से विस्तार नहीं हो रहा है तब तक इन नर्सों को एसटीएच भेज दिया जाए। पत्र मिलने के बाद राजकीय मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अरुण जोशी ने इस काम आने वाली समस्या से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि कैंसर संस्थान की 35 नर्सों को अगर एसटीएच में समायोजित करना है तो इसके लिए उन्हें एसटीएच के नर्सिंग सुपरिटेंड के अधीन काम करेंगी। ऐसा संभव नहीं है कि उन नर्सों को बिना नर्सिंग सुपरिटेंड के अधीन में लाकर काम कराया जाए। इससे काम कराने में परेशानी होगी। इसके बाद यह मामला अटक गया। अब इस मामले में सोमवार या मंगलवार को एक बार फिर से बैठक होगी। संभावना है कि उसके बाद निर्णय लिया जाएगा। प्राचार्य का स्पष्ट कहना है कि उनके बताए नियम के अनुसार काम होने पर ही ये नर्सें एसटीएच में काम कर सकतीं हैं।

### महिला अस्पताल: एसएनसीयू को नहीं मिला स्टाफ

**हल्द्वानी :** राजकीय महिला अस्पताल के एसएनसीयू ( स्पेशल न्यूबॉर्न केयर यूनिट ) को 24 घंटे चलाने के लिए 16 नर्सों की आवश्यकता है। इन नर्सों की नियुक्ति के लिए करीब दो माह पूर्व स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने भी आदेश दिए थे। इसके बाद भी इन नर्सों की अभी तक नियुक्ति नहीं हुई है। इस वजह से वह नवजात जो गंभीर अवस्था में होते हैं उनमें से ज्यादातर बच्चों को एसटीएच के रेफर किया जा रहा है। इस समस्या की वजह से महिला अस्पताल में होने वाले प्रसवों की संख्या भी कम हो गई है। पहले यहां एक माह में करीब 380 से 400 प्रसव होते थे लेकिन इनकी संख्या घटती जा रही है। केवल 16 नर्सों की नियुक्ति नहीं होने से यह मामला अटका हुआ है जबकि पहाड़ से भी गर्भवती महिलाओं को रेफर करके यहां भेजा जाता है। महिला अस्पताल की प्रभारी डॉ. कांता किरन ने बताया कि जैसे ही स्टाफ मिल जाएगा, एसएनसीयू के संचालन का समय बढ़ा दिया जाएगा।

### सर्दी, खांसी और बुखार के मरीजों पर नजर

**हल्द्वानी :** कोविड के दौर को देखते हुए अस्पतालों की ओपीडी में आने वाले सर्दी, खांसी और जुकाम के मरीजों पर नजर रखी जा रही है। जरूरी होने पर इन मरीजों की कोविड जांच भी की जा रही है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार कुमाऊं में कोविड को लेकर स्थिति पूरी तरह से नियंत्रण में है, इसके बाद भी सतर्कता बरती जा रही है। प्राचार्य डॉ.अरुण जोशी ने बताया कि फिलहाल कोई भी कोविड का मरीज यहां अभी तक नहीं आया है।

### तालाब के चारों ओर घूमने की होगी व्यवस्था, बच्चों के खेलने के लिए लगेंगे झूले, महापौर ने किया शिलान्यास

# आवास विकास में 1.54 करोड़ से बनेगा भव्य तालाब

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** महापौर दीपक बाली ने आवास विकास के वार्ड संख्या-17 में एक करोड़ 54 लाख रुपए की लागत से बनने जा रहे भव्य तालाब का शिलान्यास किया। करीब डेढ़ एकड़ एरिया में बनने वाले इस तालाब के चारों ओर घूमने की व्यवस्था होगी, सुंदर पेड़ लगेंगे और चमचमाती लाइटों से इसे सजाया जाएगा। बच्चों के खेलने के लिए झूले लगेंगे और उनकी मनपसंद खरीदारी के लिए यहां दुकानें भी होगी। सुबह शाम यहां लोग आकर बैठे। इसके लिए बैंचे भी लगाई जाएगी और पूर्वांचल के लोगों के लिये छठ पूजा करने के लिए घाट भी बनाए जाएंगे।


काशीपुर के आवास-विकास में लोगों को संबोधित करते मेयर दीपक बाली। ● अमृत विचार

इस मौके पर महापौर ने कहा कि वह राजनीति नहीं विकास करने आए हैं और जनता के साथ मिलकर विकास करने में कोई कमी नहीं छोड़ूंगा। बस जनता का हाथ मेरे सर पर होना चाहिए। तालाब के शिलान्यास अवसर पर मौजूद व्हाइट हाउस की डायरेक्टर उर्वशी दत्त बाली ने मेयर दीपक बाली से अनुरोध किया कितालाब के पास के मंदिर को भी सुंदर और भव्य बनाया जाए। बाली ने इस मंदिर का निरीक्षण भी किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पार्षद पुष्कर बिष्ट ने की।

वहां पर शशांक गहतोड़ी, मुक्ता सिंह, राजीव घई, अमित नारंग, पार्षद संदीप शर्मा, संजय शर्मा, केवल कृष्ण छाबड़ा, भाजपा मंडल अध्यक्ष अर्जुन सिंह, रविंद्र राणा, अशोक धीमान, श्वेता रजनी, तुलसी बिष्ट, अंतरप्रीत चीमा, संजय सिंधवानी, आरसी शर्मा, मयंक मेहता, दीपा पाठक, बीना नेगी, प्रकाश नेगी आदि मौजूद रहे।

# अब बिजली की रोशनी से जगमगाएगा विजय लक्ष्मी एनक्लेव, हाई मास्ट लगी

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** गंगापुर रोड स्थित विजय लक्ष्मी एनक्लेव में विधायक शिव अरोरा ने विधायक निधि से स्वीकृत हाईमास्ट लाइट का लोकार्पण किया। इससे पूर्व उन्होंने पार्क में सुबह के समय टहल रहे लोगों और सामाजिक कार्यकर्ताओं से मुलाकात की।

रविवार को हाई मास्ट लाइट के लोकार्पण के दौरान विधायक अरोरा ने कहा कि स्थानीय लोग पिछले काफी समय से एक बड़ी हाई माक्ट लाइट लगाने की मांग कर रहे थे। जिसका लोकार्पण कर आमजन को समर्पित कर दिया है। जिससे अब यह क्षेत्र दूधिया रोशनी से जगमगाने लगेगा। साथ ही रात्रि के समय में भी लोग पार्क में टहल सकेंगे और क्षेत्र में प्रकाश भी बना रहेगा। विधायक अरोरा ने कहा कि रुद्रपुर विधानसभा में कोई भी क्षेत्र विकास से अछूता नहीं रहेगा। उनका प्रयास है समग्र रुद्रपुर का चहुंमुखी विकास हो और क्षेत्र के कोने-कोने में विकास की गंगा पहुंचे। इस अवसर पर जीतेंद्र पंत, विजय बहादुर, सूर्यमणि मिश्रा, अरुण मेहता, सुनील कुमार, दर्शन सिंह, अशोक विश्वास, लाखन सिंह, मुकेश पाल, जीतेंद्र संधू, मोर सिंह यादव, चंद्रपाल, रमेश पाल आदि लोग मौजूद रहे।



विजय लक्ष्मी एनक्लेव में हाई मास्ट लाइट का लोकार्पण करते विधायक अरोरा।

## एक नजर

### वारंटी को दबोच न्यायालय में पेश किया

**खटीमा:** लंबे समय से फरार चल रहे वारंटी प्रकाश चंद निवासी लोहिया पुल को बायपास रोड से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया। आरोपी के खिलाफ सत्र न्यायाधीश रुद्रपुर द्वारा विभिन्न धाराओं के तहत गिरफ्तारी का वारंट जारी किया गया था। पुलिस के अनुसार वारंटी प्रकाश चंद बार-बार सम्मान जारी होने के बावजूद भी न्यायालय में उपस्थित नहीं हो रहा था। जिसके चलते उसे गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया। वारंटी को दबोचने वाली टीम में उप निरीक्षक किशोर पंत, उप निरीक्षक भूपेंद्र सिंह, धनी राम आदि थे।

### फिसलकर गिरने से एक व्यक्ति गंभीर घायल

**बाजपुर।** बाथरूम में फिसलकर गिरने से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे स्वजन ने सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देकर उसे हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया है। जानकारी के अनुसार ग्राम हजीरा निवासी कृष्णा 40 पुत्र हरि सिंह शनिवार की देर रात करीब 9 बजे बाथरूम में पैर फिसलने के कारण शरीर पर संतुलन नहीं रख पाए जिसके चलते वहीं पर गिर गए। उनकी चीखने की आवाज सुनकर स्वजन दौड़ पड़े और उनमें हड़कंप मच गया। आनन-फानन में स्वजन घायल को उपजिला चिकित्सालय ले गए, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देकर उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया। इस घटना के चलते मौके पर काफी देर तक अफरातफरी का माहौल बना रहा।

# काशीपुर में सांड ने अधेड़ पर किया हमला, मौत

### कुंडेश्वरी में आवारा पशुओं का आतंक, घटना के बाद परिजनों में मचा कोहराम, मुआवजे की मांग की

दु:खद

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** ग्राम कुंडेश्वरी में सांड के हमले से एक अधेड़ गंभीर रूप से घायल हो गये। जिन्हें इलाज के लिये सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से उनकी हालत नाजुक देख उन्हें रेफर कर दिया गया। दिल्ली ले जाते समय उनकी मौत हो गई। कुंडेश्वरी में आवारा पशुओं के आतंक से लोगों में दहशत है। वहीं पूर्व में भी सांड कई लोगों पर हमला कर उन्हें घायल कर चुका है। परिजनों ने मुआवजे की मांग की है।


हरेंद्र (फाइल फोटो)।

जानकारी के अनुसार ग्राम कुंडेश्वरी निवासी हरेंद्र कुमार निषाद (52) पुत्र सुंदर लाल निषाद 6 जून की सुबह करीब सात बजे गाय को चारा डाल रहे थे। इस दौरान अचानक सांड ने उन पर हमला कर दिया। लोगों के प्रयास से उसे खदेड़ा गया। सांड के हमले से हरेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों ने उन्हें सरकारी अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत नाजुक देख हायर सेंटर रेफर कर दिया। वहां से भी चिकित्सकों ने रेफर कर दिया। परिजन उन्हें दिल्ली लेकर जा रहे थे कि मुरादाबाद के पास उन्होंने दम तोड़ दिया। रविवार को पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक बाजपुर रोड स्थित एक कंपनी में काम करते थे। वह तीन भाइयों में सबसे बड़े थे। मृतक अपने पीछे पिता, माता चंपा देवी, पत्नी भावना, दो बेटियों को रोते बिलखते छोड़ गए हैं। कुंडेश्वरी में सांड के आतंक से लोग परेशान है। एक हफ्ते के भीतर सांड लगभग एक दर्जन से भी अधिक लोगों को घायल कर चुका हैं।


कुंडेश्वरी में आपस में लड़ते सांड। ● अमृत विचार


काशीपुर में गिरीताल रोड में सड़क पर बैठे आवारा पशु। ● अमृत विचार

# सड़कों पर बैठे आवारा पशु दे रहे दुर्घटनाओं को दावत

- पालतु पशुओं को खुला छोड़ देते हैं पशु पालक
- नगर निगम के पास नहीं है सुरक्षा का कोई विकल्प

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** शहर में आवारा पशुओं के कारण सड़कों पर समस्याएं उत्पन्न हो रही है। कई जगहों पर झुंड बनाकर बैठ रहे पशु हादसों का कारण बन सकते हैं। निगम की ओर से इस समस्या पर ध्यान केंद्रित नहीं है।

नगर क्षेत्र के विभिन्न मार्गों पर आवारा पशु गर्मियों में छांव तलाशते हुए किसी इमारत या पेड़ के नीचे बैठ जाते हैं। जिसके चलते सड़कों का अधिकांश हिस्सा यह पशु घेर लेते हैं। ऐसे में आने-जाने वाले वाहनों को समस्याएं झेलनी पड़ जाती हैं। यह आवारा पशु कई बार जाम का कारण भी बन जाते हैं। वहीं किसी भी समय बड़े हादसों का कारण भी बन सकते हैं। कुछ समय पहले एक-दो छुटपुट हादसे यहां हो चुके हैं जिसमें व्यक्ति गंभीर घायल नहीं हुआ। लेकिन हल्की चोटे जरुर आई। वहीं अधिकतर लोग अपने पाले हुए मवेशी भी यूं ही सड़कों पर छोड़ देते हैं जिस कारण इनकी संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। नगर निगम की ओर से इस समस्या के हल के लिए एक गौशाला बनायी जा रही थी, लेकिन फिलहाल उस गौशाला पर कार्य शुरू नहीं हो सका है। जिस वजह से इन्हें कहीं छोड़ा भी नहीं जा सकता है। नगर निगम के पास इस समस्या के समाधान को लेकर फिलहाल कोई विकल्प नहीं है।

# सड़क हादसों में दो बच्चों समेत 12 लोग हुए घायल

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** अलग-अलग सड़क हादसों में दो बच्चों सहित 12 लोग घायल हो गए। सभी घायलों को आसपास के लोगों की मदद से सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से उन्हें चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देकर हायर सेंटर कर दिया है।

बरहैनी-बन्नाखेड़ा मुख्यमार्ग पर लेवड़ा नदी पर बने चनकपुर पुल के पास शनिवार की देर रात तेज रफ्तार कार व ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर हो गई। हादसे में ट्राली में सवार रहोली चंदोसी उप्र निवासी सफी मोहम्मद (36) पुत्र इलियास, इकबाल (35) पुत्र इलियास, जकी मोहम्मद (25) पुत्रगण इलियास, फिरोज (15) पुत्र सफी मोहम्मद, अमीना (35) पत्नी सफी मोहम्मद, अयान (10) पुत्र मोहम्मद याकिब, इकबाल (30) पुत्र इरफान समेत दस लोग घायल हो गए जिन्हें आसपास के लोगों की मदद से सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां से उन्हें चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया है। वहीं दूसरा हादसा नैनीताल स्टेट हाईवे स्थित लेवड़ा नदी पुल के पास हुई है। यहां भी तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी जिसमें वार्ड-13 मोहल्ला राजीवनगर निवासी अनिल (30) व विशाल (26) घायल हो गए, जिन्हें सरकारी अस्पताल से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देकर हायर सेंटर रेफर कर दिया है।




बाजपुर के सरकारी अस्पताल में घायल अनिल को लेकर पहुंचे परिजन।

# 1296 ने दी मास्टर्स व पीएचडी प्रवेश परीक्षा

संवाददाता, पंतनगर

**अमृत विचार:** जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय द्वारा इसके विभिन्न स्नातकोत्तर (मास्टर्स एवं पीएचडी) कार्यक्रमों के लिए प्रवेश परीक्षा मुख्य परिसर एवं देहरादून में एक-एक केंद्र में आयोजित हुई। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान ने बताया कि परीक्षा शांतिपूर्वक तरीके से संपन्न हुई।

रविवार को परीक्षा नियंत्रक डॉ. विनोद कुमार ने बताया कि विभिन्न स्नातकोत्तर परीक्षा के लिए 1603 विद्यार्थियों ने आवेदन किया था। इसमें पंजीकृत 1296 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 307 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर पंतनगर में आयोजित परीक्षा में पंजीकृत 1063 अभ्यर्थियों में 858 ने परीक्षा दी, जबकि 205 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि देहरादून जिले में एक परीक्षा केंद्र बनाया गया था। यहां पंजीकृत 540 अभ्यर्थियों में 438 ने परीक्षा दी, जबकि 102 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि पंतनगर में आयोजित परीक्षा में प्रतिभाग करने वाले अभ्यर्थियों का प्रतिशत 80.7 प्रतिशत रहा, जबकि देहरादून में यह प्रतिशत 81.10 रहा। वहीं कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान ने परीक्षा शांतिपूर्वक तरीके से संपन्न होने पर परीक्षा नियंत्रक एवं उनकी टीम, सभी अधिकारियों, संकाय सदस्यों, कर्मियों और जिला प्रशासन को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।


जीबी पंत विवि के परीक्षा केंद्र में परीक्षा के दौरान निरीक्षण करते कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान।

# कूड़े के ढेर में पड़ा मिला नवजात शिशु का शव

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** कोतवाली के बगवाड़ा चौकी स्थित कूड़े के ढेर में एक नवजात शिशु का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। पुलिस ने डीएनए सैंपल के आधार पर पोस्टमार्टम कराने का निर्णय लिया है। पुलिस यह भी जांच करेगी कि नवजात मृत था या फिर उसे जिंदा ही कूड़े के ढेर में फेंका गया था।

जानकारी के अनुसार बगवाड़ा चौकी प्रभारी जितेंद्र कुमार को खबर मिली कि बगवाड़ा मंडी स्थित कूड़े के ढेर में एक नवजात शिशु का शव पड़ा हुआ है। पुलिस ने मौका मुआयना किया और सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले, लेकिन शिशु को फेंकने वाले का कोई सुराग नहीं लगा। जिसके बाद पुलिस ने डीएनए सैंपल के आधार पर नवजात का पोस्टमार्टम कराया और शव को श्मशान घाट में दफन भी कर दिया। अब पुलिस यह जानने की कोशिश कर रही है कि क्या नवजात मृत ही पैदा हुआ था या फिर लोक लज्जा के कारण जिंदा ही नवजात को फेंक दिया गया। इसके अलावा पुलिस उस शख्स की भी खोजबीन करेगी जिसने बगवाड़ा मंडी परिसर स्थित कूड़े के ढेर में नवजात को फेंकने का कृत्य किया है। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास के कैमरों को खंगालना शुरू कर दिया है।

आयोजन

### छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन मूल्यों को आत्मसात करने पर दिया जोर, सैकड़ों लोगों ने की कार्यक्रम में शिरकत

# आरएसएस स्वयंसेवकों ने मनाया हिंदू साम्राज्य दिनोत्सव

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ काशीपुर नगर के स्वयंसेवकों ने रामलीला सभागार में छत्रपति शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक को हिंदू साम्राज्य दिनोत्सव के रूप में मनाया। इस मौके पर सैंकड़ों की संख्या में लोगों ने कार्यक्रम में शिरकत की। समारोह के प्रथम सत्र में स्वयं सेवकों को योगाभ्यास, आसन समेत विभिन्न शारीरिक गतिविधियां कराई गई।

हिंदू साम्राज्य दिनोत्सव कार्यक्रम का उद्घाटन छत्रपति शिवाजी महाराज के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। इस दौरान कार्यक्रम अध्यक्ष जितेंद्र देवांतक ने कहा कि संघ ने हिंदू समाज के सभी वर्गों को मुख्यधारा में जोड़ने का कार्य किया है वह सराहनीय है। हमें अनुशासन के साथ संघ के विचारों को जन जन तक पहुंचाना चाहिए। वहीं कार्यक्रम के मुख्य वक्ता देवेन्द्र रावत ने छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन काल के कार्यों और उनके मूल्यों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि जब धर्म, संस्कृति, समाज संरक्षण और हिंदू राष्ट्र के सर्वांगीण उन्नति के रास्ते बार-बार विफल हो रहे थे, हिंदुओं पर अत्याचार चरम सीमा पर थे, विदेशी आक्रमण बढ़ते जा रहे थे। जो सफलता समाज को चाहिए थी वह कहीं दिखाई नहीं दे रही थी। इन सभी प्रयासों की अंतिम सफल परिणति में शिवाजी महाराज का राज्याभिषेक हुआ। जिनके वीर पराक्रम से हिंदू समाज, हिंदू धर्म संस्कृति तथा राष्ट्र को एक नया पथ मिला। ऐसे वीर शिवाजी के जीवन मूल्यों और उनके आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए। साथ ही उन्होंने संघ के शताब्दी वर्ष में बढ़-चढ़कर संघ कार्यों में गति देने के प्रोत्साहित किया। मुख्य वक्ता ने कहा कि संघ में किसी व्यक्ति विशेष की महिमा मंडन की पद्धति नहीं है बल्कि व्यक्ति द्वारा किए गए समाज हित के कार्यों को प्रेरणा स्वरूप अपने जीवन में उतारने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। प्रांतीय सह सम्पर्क प्रमुख डॉ. अक्षय चौहान, नैनीताल विभाग सेवा प्रमुख अरविंद राव, नगर संघ चालक अमित मित्तल, नैनीताल विभाग व्यवस्था प्रमुख अजय अग्रवाल, नगर कार्यवाह आदर्श चौधरी महेश चंद्र शर्मा आकाश गर्ग महेश अग्रवाल ईश्वर चन्द्र गुप्ता, प्रेम सिंह, शशिपाल सिंह, कौशलेश गुप्ता, लवेन्द्र सिंह यादव, पीयूष अग्रवाल रहे।


काशीपुर में रामलीला मैदान में आयोजित दिनोत्सव कार्यक्रम को संबोधित करते वक्ता और कार्यक्रम स्थल पर मौजूद कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

दैनिक समाचार पत्र
कम खर्च, ज्यादा मुनाफा
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
आवश्यकता, सूचना, नाम परिवर्तन, खोया-पाया, संबंध विच्छेद, शिक्षा, मेडिकल, टावर, व्यापार, बिक्री, प्रोपर्टी, लोन, बिकाऊ, ज्योतिष, टूर एण्ड ट्रैवल्स, मशीनरी के क्लासीफाइड बुक कराने हेतु सम्पर्क करें।

साइज व रेट

| | | |
|---|---|---|
| साइज | 4x5 सेमी | 600/- रु. |
| साइज | 4x6 सेमी | 720/- रु. |
| साइज | 4x7 सेमी | 840/- रु. |

स्कीम - 2+1, 5+3, 9+6, 15+15

अमृत विचार क्लासीफाइड

विज्ञापन प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 05946-292618, नैनीताल : 7505012034, अल्मोड़ा : 8126628885, रूद्रपुर : 8476843488, काशीपुर : 8279474121, रामनगर : 9012387222, किच्छा : 9837777817, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार

साइज व रेट

साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।

शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 05946-292618, नैनीताल : 7505012034
अल्मोड़ा : 8126628885, रूद्रपुर : 8476843488
काशीपुर : 8279474121, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

## एक नजर

### भतीजे ने हमला कर ताई को किया घायल

**बाजपुर :** पारिवारिक विवाद में भतीजे ने ताई पर हमला कर घायल कर दिया। घायल महिला को पुलिस के माध्यम से सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देकर महिला को रेफर कर दिया है। ग्राम बहादुरगंज निवासी सुनीता पत्नी स्व. ईश्वर रविवार की सुबह घर पर काम कर रही थी। बताया जाता है कि इसी बीच पारिवारिक कारणों को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि जेठ के लड़के ने गाली-गलौज करते हुए ताई पर हमला कर दिया जिसमें वह घायल हो गई। घायल महिला को पुलिस के माध्यम से सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देकर उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया। वहीं पीड़िता ने पुलिस ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। खबर लिखे जाने तक मामला दर्ज नहीं हुआ था।

### शराबी ने मचाया उत्पात

**बाजपुर :** रविवार को भीषण गर्मी के बीच शराब के नशे में धुत एक शराबी ने नई सड़क बरहैनी चौराहा पर जमकर उत्पात मचाया। उसने नैनीताल स्टेट हाईवे पर सड़क के बीचोंबीच खड़े होकर वाहनों को रुकवाकर हंगामा किया। उसकी इस हरकत से यातायात व्यवस्था में भी व्यवधान पैदा हो गया। आसपास के व्यापारियों ने उसे किसी तरह साइड कर आवागमन सुचारु करवाया। साथ ही शराबी का नशा उतारने के लिए उसके सिर पर कई बाल्टी पानी डाला गया। लोगों ने बताया कि अचानक शराब के नशे में लड़खड़ाते हुए पहुंचे शराबी ने जमकर उत्पात मचाया। बीच चौराहे में रोड पर खड़े होने से वाहन चालकों को भी अपने वाहन रोकने पड़े। वह लोगों को बेवजह गाली-गलौज भी कर रहा था।

### दो बालिकाएं लापता, पुलिस ने गुमशुदगी की दर्ज

**बाजपुर :** एक किशोरी रहस्मय ढंग से लापता हो गई। काफी तलाशने के बाद भी उसका पता नहीं चला है। पुलिस ने मां की तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज कर ली है। पुलिस चौकी दोराहा के अंतर्गत एक गांव निवासी एक महिला ने पुलिस को बताया कि उसकी पुत्री दो जून की सुबह करीब 10 .45 बजे से घर से गायब है और काफी खोजबीन के बाद भी कुछ पता नहीं चला है। दो जून की सायं करीब साढ़े सात बजे बेटी के मोबाइल नंबर पर काल की गई तो टू कालर पर एक युवक का नाम दिखाई दे रहा है। वहीं पुलिस ने गुमशुदगी रिपोर्ट पंजीकृत कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी है। वहीं दूसरे मामले में नंद कालोनी पीतलनगरी, जनपद मुरादाबाद (उप्र) निवासी एक व्यक्ति ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि उसकी 17 वर्षीय पुत्री स्कूल की छुट्टियों में अपनी मौसी के घर बाजपुर आई थी। तीन जून की सुबह करीब साढ़े 9 बजे वह अपने घर जाने की बात कहकर मौसी के घर से निकल गई, लेकिन बेटी अभी तक घर पर नहीं पहुंची है। पुत्री को काफी तलाश कर लिया है, लेकिन कहीं पता नहीं चल रहा है। पुलिस ने गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# बंधक बना गर्म चाकू से दागा 50 हजार की मांगी फिरौती

- नगर के वार्ड नंबर-8 निवासी पृथ्वीराज सिंह ने लगाया आरोप
- मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच की शुरू

संवाददाता, सितारगंज

**अमृत विचारः** नगर में एक व्यक्ति को बंधक बनाकर गर्म चाकू से यातनाएं देने और 50 हजार रुपये की फिरौती मांगने का मामला सामने आया है। मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार नगर के वार्ड नं. 8 निवासी पृथ्वीराज सिंह शनिवार 7 जून की शाम को बाजार आये थे। यहां पृथ्वीराज को स्टेट बैंक के पास मोहम्मद कासिद और अमन गुप्ता मिले जो कि बहाने से उन्हें बाईपास कॉलोनी स्थित अमन के घर ले गये। यहां आकाश गुप्ता के साथ मिलकर तीनों ने उन्हें एक कमरे में बंद कर दिया और 50 हजार रुपये की फिरौती मांगते हुए गर्म चाकू से यातनाएं दीं। जब पीड़ित ने पैसे मंगाने से इनकार किया, तो आरोपियों ने उसके पैर बांधकर कमीज उतरवा दी और गर्म चाकू से शरीर पर कई वार किए। पीड़ित ने सुबह लगभग 4:30 बजे अपनी बहन का नम्बर दिया, जिस पर कॉल कर आरोपियों ने 50 हजार रुपये की मांग दोहराई। इसके बाद बहन की ओर से लगातार कॉल किए जाने से घबराए आरोरी सुबह होने पर फरार हो गये। जिसके बाद पीड़ित किसी तरह घर पहुंचा और परिजनों पूरी घटना की जानकारी दी। इसके बाद परिजन उन्हें लेकर अस्पताल पहुंचे। जहां से उपचार कराने के बाद पीड़ित थाने पहुंचा और पुलिस को तहरीर सौंपी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### वन चौकी में आगजनी का एक आरोपी गिरफ्तार

**दिनेशपुर :** रैंप वन चौकी मटकोटा क्षेत्र मे ड्यूटीरत वन वाचर से मारपीट करने व वन चौकी में आगजनी करने के एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया। दूसरे फरार आरोपी की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है। गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर न्यायालय में पेश किया। थाना क्षेत्र अंतर्गत मटकोटा रैंप वन चौकी में ड्यूटीरत वन वाचर अनिल पाठक पुत्र स्व दुर्गा दत्त पाठक निवासी कोपा गूलरभोज (गदरपुर) द्वारा थाने में दी तहरीर में दीपक सिंह निवासी तिलपुरी नंबर- 1 व विक्रम सिंह निवासी चक्कीमोड़ दिनेशपुर एवं एक अन्य व्यक्ति पर गाली गलौज कर मारपीट करने व रैंप वन चौकी में आगजनी करने का आरोप लगाया था। पुलिस ने प्रार्थना पत्र के आधार पर प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए धारा- 326(ई)/ 115/352 बीएनएस में पंजीकृत किया। विवेचना उप निरीक्षक गिरीश चंद्र पंत के सुपुर्द की गई। इस पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर सुरागरसी पतारसी करते हुए अभियुक्त विक्रम सिह को शनिवार रात्रि में गिरफ्तार कर लिया है। फरार अभियुक्त दीपक सिंह निवासी तिलपुरी नंबर-1 की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही है।

### एसटीएफ-कोतवाली पुलिस ने पकड़ा, 34 लाख आंकी है कीमत, आरोपी को भेजा जेल

# 133 ग्राम स्मैक के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** कोतवाली पुलिस और एसटीएफ ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए एक स्मैक तस्कर को गिरफ्तार किया है और उसके कब्जे से भारी मात्रा में स्मैक भी बरामद की गई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस का मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

रविवार को एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने बताया कि प्रदेश को नशा मुक्त बनाने को लेकर जनपद पुलिस लगातार मादक पदार्थों की तस्करी की धरपकड़ कर रही है। जिसके चलते 7 जून की शाम को कोतवाल मनोज रतूड़ी और एसटीएफ दरोगा कृष्ण गोपाल मठपाल पुलिस टीम के साथ सार्वजनिक स्थानों पर नशा करने वालों की चेकिंग कर रहे थे। अचानक गांधी पार्क रुद्रपुर के गेट के समीप एक व्यक्ति घबराकर भागने की कोशिश करने लगा। टीम ने संदेह होने पर घेराबंदी कर धर्मवीर गंगवार निवासी ग्राम निस्बी भैसोड़ा थाना मिलक, रामपुर को दबोच लिया और तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से शुद्ध 133 ग्राम स्मैक बरामद की।


स्मैक तस्कर के साथ एसटीएफ व कोतवाली पुलिस। ● अमृत विचार

पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह बरेली व रामपुर से स्मैक लाकर तराई भावर में बेचता था और पकड़ी गई स्मैक की पुड़िया बनाकर महंगे दामों पर बेचकर वापस अपने गांव चला जाता है। बताया कि वह पिछले लंबे समय से स्मैक की तस्करी कर रहा है। बरामद स्मैक की अंतरराष्ट्रीय बाजार में 34 लाख कीमत आंकी गई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस का मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

# टीडीसी निविदा घोटाले को लेकर ठुकराल मुखर

### समर्थकों के साथ गांधी पार्क में दिया धरना, अधिकारियों पर लगाया घोटाले में शामिल होने का आरोप

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** पंतनगर एयरपोर्ट के विस्तारीकरण की जद में आए टीडीसी ध्वस्तीकरण निविदा घोटाले का एक बार फिर से मुद्दा उठाते हुए पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल के तेवर उग्र देखने को मिले। ठुकराल ने घोटाले की सीबीआई जांच कराने की मांग की। उन्होंने सवाल उठाए कि आखिर क्यों कई सौ करोड़ की निविदा को एक जनप्रतिनिधि के रिश्तेदार को कौड़ियों के दाम में नीलाम कर दिया। आगाह किया कि टीडीसी का मुद्दा जल्द ही व्यापक आंदोलन का मुद्दा बनेगा।

रविवार को गांधी पार्क धरना प्रदर्शन के दौरान पूर्व विधायक ठुकराल ने कहा कि पंतनगर एयरपोर्ट का विस्तारीकरण तराई भावर के लिए हर्ष का विषय है। विस्तारीकरण की आड़ में टीडीसी के अस्तित्व को समाप्त करना और कई सौ करोड़ की निविदा कराने का जिम्मा ऐसे अधिकारियों के हाथों में सौंप दिया गया जो खुद ही भ्रष्टाचार मामले में जेल जा चुके है। यह हैरान करने वाली बात है। जहां खुद ही प्रशासन ने चार चरणों की टीडीसी निविदा की कीमत 12 करोड़ निकाली थी। उन्होंने कहा कि उसी निविदा को महज 6. 49 करोड़ में एक फर्म को नीलाम कर दिया गया, जबकि वास्तविकता यह है कि यदि सार्वजनिक नीलामी होती तो कई सौ करोड़ का लाभ अर्जित होता है। एक बार फिर टीडीसी के अस्तित्व को बचाया जा सकता था। उन्होंने आरोप लगाया कि निविदा भी सत्ताधारी जनप्रतिनिधि के रिश्तेदार को दी गई है। इससे साफ है कि टीडीसी निविदा घोटाले में कुछ नेता और कुछ टीडीसी के भ्रष्ट अधिकारी मिले हुए हैं। जिनके खिलाफ सीबीआई जांच होना बेहद जरूरी है। तभी घोटाले के दोषियों को बेपर्दा किया जा सकता है। पूर्व विधायक ठुकराल ने आगाह किया कि यदि जल्द ही सीएम धामी ने सीबीआई जांच की संस्तुति नहीं दी तो व्यापक आंदोलन होगा। इस अवसर पर शुभम ठाकुर, सिद्धार्थ यादव, अंकित चंद्रा, अनिल खत्री, पार्षद चिराग कालड़ा, मनोज गुप्ता, मदन कुमार, हैप्पी चौहान, बंटी राजोरिया, जौमी चाडा, जगदीश सुखीजा, आकाश बठला, इरशाद अंसारी आदि मौजूद रहे।


गांधी पार्क में टीडीसी निविदा घोटाले को लेकर धरना देते पूर्व विधायक ठुकराल। ● अमृत विचार

### पक्ष-विपक्ष पर भी ठुकराल ने चलाया तीर

**रुद्रपुर :** टीडीसी निविदा घोटाले को लेकर दिए बयान में ठुकराल ने सत्ताधारी एवं विपक्षी जनप्रतिनिधियों की कार्यशैली पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि जहां एक ओर टीडीसी का अस्तित्व समाप्त हो रहा है और भ्रष्टाचारियों ने करोड़ों की निविदा को औने-पौने दामों में नीलाम कर दी है। ऐसे में सत्ताधारी जनप्रतिनिधि एवं कांग्रेस विपक्षी नेता भी चुप्पी साधे हुए हैं जो कि जनभावनाओं पर कुठाराघात है। कारण टीडीसी का मुद्दा व्यक्ति विशेष या दल का नहीं, बल्कि किसानों व अंशधारकों से जुड़ा हुआ है।

### कांग्रेस-भाजपा का भी रहा समर्थन

**रुद्रपुर :** रविवार को गांधी पार्क में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन में जहां पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल के समर्थकों की संख्या कम दिखी। वहीं भाजपा एवं कांग्रेस नेताओं की भीड़ काफी देखने को मिली। इस दौरान कांग्रेस महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा ने भी समर्थन दिया और पार्षदों के साथ पक्ष-विपक्ष नेताओं पर अपनी भड़ास निकाली। इसके अलावा धरना प्रदर्शन में कई ऐसे भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता भी शामिल थे जो अक्सर भाजपा के कार्यक्रमों में भी दिखते हैं।

### आखिर कौन है जिले के दो बड़े अधिकारी

**रुद्रपुर :** पूर्व विधायक ठुकराल का यह भी आरोप था कि टीडीसी निविदा को औने-पौने दामों में नीलाम करने के बाद अब जिले के दो ऐसे बड़े अधिकारी हैं जो बार-बार ध्वस्तीकरण ठेकेदार पर भवनों को तोड़ने और सामग्री को जल्द से जल्द ठिकाने लगाने का दबाव बना रहे हैं। इससे साफ है कि करोड़ों की निविदा घोटाले में कई बड़े अधिकारी भी शामिल हैं। जिनके द्वारा ही घोटाले की पटकथा लिखी गई है।

# भूमि की बिक्री में 72 लाख की धोखाधड़ी का आरोप

- मामले में नामजद महिला समेत दो लोगों के विरुद्ध शिकायत
- विक्रेताओं पर रजिस्ट्री न करने का लगाया आरोप

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचारः** एक व्यक्ति ने जमीन बिक्री के दौरान 72 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया है। वहीं पुलिस ने एसएसपी के निर्देशों पर पीड़ित की ओर से नामजद महिला समेत दो लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी पंजीकृत कर ली है।

ग्राम पिपलिया निवासी सुरेश कुमार शर्मा पुत्र भारत भूषण शर्मा ने बताया कि उन्होंने ग्राम मुड़िया कलां स्थित खसरा नबर- 373/1 रकवा- 1.9570 हेक्टेयर, खसरा नंबर- 378/3 व रकवा 1.306 हेक्टेयर (जरनैल सिंह पुत्र प्रगट सिंह के नाम पर), खसरा नंबर-378/1 मिन रकवा- 0.9570 हेक्टेयर (हरवंश कौर पत्नी प्रगट सिंह के नाम पर) कुल रकवा- 4.220 हेक्टेयर भूमि के मध्य रकवा- साढ़े आठ एकड़ (आठ प्रतिशत) का सौदा 35 लाख रुपये प्रति एकड़ की दर से दो करोड़ 97 लाख 50 हजार रुपये में मुड़िया कलां निवासी जरनैल सिंह पुत्र प्रगट सिंह व ग्राम बहादुरगंज निवासी संदीप कौर पत्नी कुलवीर सिंह से किया था, जिसका इकरारनामा एक फरवरी 2024 को कराया गया, जिसमें उन्होंने दो लाख रुपये नकद एवं 70 लाख रुपये चेक के माध्यम से दिए थे और 17 जनवरी 2025 तक बैनामा कराने की तिथि नियत की गई थी। आरोप है कि 16 जनवरी 2025 को वह भूमि के दस्तावेज लेकर संबंधित विभाग में गए तो पता चला कि विक्रेता द्वारा उपलब्ध कराई गई खतौनी में बहुत कमियां हैं और इस खतौनी के हिसाब से भूमि का 8 प्रतिशत रकवा (साढ़े आठ एकड़) पूरा नहीं होता है तथा भूमि का स्वामित्व चकबंदी रिकार्ड के अनुसार नहीं है। अर्थात लगभग पांच एकड़ भूमि के लिए चक जरनैल सिंह के पास नहीं है। विक्रय की गई भूमि पर लगभग 28 लाख रुपये का ऋण है। विक्रेताओं द्वारा जो खतौनियां उपलब्ध कराई गई हैं वह करीब 6.5 एकड़ भूमि की हैं, जबकि विक्रय पत्र, इकरारनामा साढ़े आठ एकड़ का हुआ है। ऐसे में दो एकड़ भूमि के दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराए गए। आरोप है कि वह 17 जनवरी 2025 को बैनामा कराने के लिए तैयार थे, लेकिन दस्तावेज पूर्ण न होने के कारण विक्रेताओं द्वारा भूमि का बैनामा नहीं कराया गया। इन लोगों ने जानबूझकर झूठे दस्तावेज दिखा भूमि का सौदा कर धोखाधड़ी की है। अब लोग भूमि का बैनामा न कर रकम को हड़पने की फिराक में हैं। पुलिस ने नामजद जरनैल सिंह व संदीप कौर के विरुद्ध धारा 420 के तहत प्राथमिकी पंजीकृत कर ली है।

# चोरी के जेवर समेत दो अपचारी दबोचे

- पांच व तीन जून को हुई थी घरों में चोरी, अपचारियों को बाल सुधार गृह भेजा

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** थाना ट्रांजिट कैंप पुलिस ने कौशल्या कॉलोनी में बंद पड़े घरों में हुई चोरियों का पर्दाफाश करते हुए दो बाल अपचारियों को पुलिस संरक्षण में ले लिया और उनके कब्जे से चोरी हुए जेवरात भी बरामद किए गए। पुलिस ने आरोपियों को बाल सम्प्रेक्षण गृह भेज दिया है।

रविवार को थाना प्रभारी मोहन चंद्र पांडेय ने बताया कि 6 जून को कौशल्या फेस एक निवासी सोनू त्रिवेदी ने मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया था कि 3 जून को अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर सोने के जेवर, दो जोड़ी पायल, दो कड़े, 10 हजार रुपये सहित बैंक के दस्तावेज चोरी कर लिए। 8 जून को मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने गंगापुर मुख्य मार्ग से खड्डा कॉलोनी थाना ट्रांजिट कैंप निवासी दो बाल अपचारियों को पुलिस संरक्षण में ले लिया। जब पूछताछ की तो पता चला कि दोनों अपचारियों ने एक नहीं, बल्कि कोतवाली इलाके के कौशल्या कॉलोनी में चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर 16 सोने व चांदी के जेवरात बरामद किए जो कि दो घरों से चुराए गए थे। पुलिस ने बाल अपचारियों को किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश किया और आदेशानुसार बाल सम्प्रेक्षण गृह भेज दिया है।


बाल अपचारियों से बरामद चोरी के जेवरात।

# जनेऊ तोड़कर नाली में सिर डुबोया, हत्या की दी धमकी

संवाददाता, सितारगंज

**अमृत विचारः** नगर के समीपवर्ती क्षेत्र के ठाकुरनगर रुदपुर नं.- 1 शक्तिफार्म निवासी अशोक चटर्जी के गांव के कुछ लोगों पर गालीगलौज करने और विरोध करने पर मारपीट का आरोप लगाया है।

पीड़ित ने इस संबंध में पुलिस क्षेत्राधिकारी को तहरीर सौंपी है। पीड़ित के अनुसार 22 मई को दोपहर 1:30 बजे जब वह काम से लौटकर घर आए, तो देखा कि उनके आंगन में लगे पाखड़ के पेड़ के नीचे गांव के ही गोविन्द बाला, विश्वजीत उर्फ करण बाछाड़ और ठाकुर बाला शराब सिगरेट पीते हुए गाली-गलौज कर रहे थे। जब उन्होंने इसका विरोध किया तो तीनों ने मिलकर उनके साथ मारपीट की। विश्वजीत ने उनका जनेऊ तोड़ डाला और गंदी नाली में सिर डुबो दिया। शोर मचाने पर लोगों के जुटने पर आरोपी विरोध करने या शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

**आक्रोश** गांधी पार्क में किया धरना प्रदर्शन, तीन सूत्रीय मांगों का मुद्दा उठाया, आंदोलन की दी चेतावनी

# प्रताड़ना के खिलाफ लामबंद हुए टेम्पो चालक

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** पुलिस प्रशासन पर प्रताड़ित किए जाने का आरोप लगाते हुए सीएनजी टेम्पो चालकों ने गांधी पार्क में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया और तीन सूत्रीय मांगों का मुद्दा उठाया। चालकों का कहना था कि मेहनत कर परिवार की जीविका चलाने वाले चालक को कायदे कानून की मार पड़ रही है। जिसका सरलीकरण किया जाना जरूरी है।

रविवार को गांधी पार्क में धरना दे रहे चालकों का कहना था कि बड़ी तादाद में सीएनजी टेम्पो चालक हैं जो दिनभर मेहनत कर सवारिया ढोकर परिवार की जीविका चला रहे हैं, लेकिन पुलिस प्रशासन द्वारा नये-नये कायदे कानून बनाकर चालकों पर थोप दिया जाता है। साथ ही भारी भरकम चालानी कार्रवाई की जाती है, जबकि ज्यादातर चालकों ने ऋण पर टेम्पो लिया है और प्रति माह किश्त भी चुकता करते हैं। उन्होंने एसएसपी से चालकों को चार किलोमीटर की निर्धारित दूरी को बढ़ाकर 16 किलोमीटर करने, बार-बार चालानी कार्रवाई को बंद करने और शहरी इलाके में टेम्पो को खड़ा करने का स्थाई स्टैंड बनाने का मुद्दा उठाया। इस अवसर पर सुब्रत कुमार विश्वास, ओमप्रकाश, बलवीर सिंह, सुनील कुमार, मोहित सिंह, इंद्रपाल प्रजापति, वीर पाल, कृपाल सिंह, राजीव रस्तोगी, सतपाल यादव, रामकिशोर कश्यप आदि मौजूद रहे।


रुद्रपुर के गांधी पार्क में पुलिस के खिलाफ धरना देते सीएनजी टेम्पो चालक। ● अमृत विचार

### आईसीयू में साइकिल सवार डंपर चालक पर मुकदमा

**रुद्रपुर :** 6 जून को ड्यूटी से लौट रहे साइकिल सवार की हालत नाजुक बनी हुई है और कंपनी कर्मी आईसीयू में भर्ती है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर डंपर चालक की तलाश तेज कर दी है। जानकारी के अनुसार गांधीनगर दिनेशपुर निवासी जानकी देवी ने बताया कि रोजमर्रा की भांति पति देवेंद्र सिंह 6 जून की सुबह साढ़े 5 बजे जाफरपुर स्थित गोदाम में ड्यूटी कर लौट रहे थे। अचानक तेज रफ्तार डंपर संख्या यूपी-22 बीटी-2390 ने साइकिल को टक्कर मार दी। जिससे गोदाम कर्मी गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन फानन में घायल को जिला अस्पताल ले जाया गया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। तीन बड़े अस्पतालों के चक्कर काटने के बाद साइकिल सवार का रुद्रपुर स्थित एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर चालक की तलाश तेज कर दी है।

Admission Open
Session 2025-26
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • M. Pharma (Pharmaceutics) (2 Years)
• B. Pharma (4 Years) • M. Pharma (Pharmacology) (2 Years)
• M. Pharma (Pharmaceutical Chemistry) (2 Years)
• M. Pharma ( Pharmacognosy) (2 Years)
ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • B. Pharma (4 Years)
Rohilkhand Medical College & Hospital Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years)
Mob : 9457672942
Keshlata Hospital Campus, Delapeer Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
BIU College of Management
• M.H.A. (2 Years) • M.P.H. (2 Years)
Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
biucollegeofpharmacy@gmail.com, rohilkhandcollegeofpharmacy@gmail.com
biucollegeofmanagement@gmail.com, keshlatacollegeofpharmacy@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

मूर्खा : यत्र न पूज्यन्ते धान्यं यत्र सुसंचितम् ।
दाम्पत्यो : कलहो नास्ति तत्र श्री स्वयमागता ॥

जहां मूर्खों का सम्मान नहीं होता, अन्न का भण्डार भरा रहता है और पति-पत्नी में कलह नहीं हो, वहां लक्ष्मी स्वयं आती है ।

## संपादकीय

# बढ़ता वैश्विक प्रभाव

जी-7 शिखर सम्मेलन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को न्योता मिलना भारत की कूटनीतिक ताकत की पुष्टि करता है। प्रधानमंत्री मोदी कनाडा में 15 जून से होने वाले जी-7 सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। वे 2019 से लगातार इस सम्मेलन में भाग ले रहे हैं। कुछ दिन पहले भारत को इस सम्मेलन का न्यौता न मिलने पर विपक्षी दल ने इसे मुद्दा बनाया था। महत्वपूर्ण है कि कनाडा जानता है कि भारत को नजरअंदाज करना संभव नहीं है। यही वजह है कि प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने आर्थिक और वैश्विक कारणों का हवाला देते हुए भारत को सम्मेलन के लिए आमंत्रित किया। पहलगाम आतंकी हमले और उसके बाद हुए ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान के साथ जो माहौल बना है, उस वजह से इस बार का जी-7 शिखर सम्मेलन भारत के लिए और भी महत्वपूर्ण हो गया है। ग्लोबल साउथ में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में भारत की आवाज सुनी जाती है। जी-7 विश्व की सर्वाधिक विकसित तथा उन्नत अर्थव्यवस्थाओं वाले देशों का समूह है, इस समूह में फ्रांस, जर्मनी, इटली, यूनाइटेड किंगडम, जापान, संयुक्त राज्य अमेरिका एवं कनाडा शामिल हैं। भारत इसका सदस्य नहीं है, लेकिन इस सम्मेलन में बतौर अतिथि देश आमंत्रित किया गया है। आमतौर पर जिस देश के पास जी-7 की अध्यक्षता होती है, वही किसी बाहरी देश को न्योता देता है। जी-7 सम्मेलन हर साल वैश्विक स्थिरता, आर्थिक विकास, जलवायु परिवर्तन, डिजिटल ट्रांजिशन और वैश्विक सुरक्षा जैसे अहम मुद्दों पर चर्चा के लिए होता है। समूह की सिफारिशें वैश्विक नीतियों को प्रभावित करती हैं। गौरतलब है कि कुछ समय पहले कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के समय में खालिस्तानी आंदोलन को मिल रहे सरकारी संरक्षण से दोनों देशों के संबंधों में कटुता आ गई थी। परंतु तनावों के बावजूद, भारत और कनाडा के बीच मजबूत आर्थिक और आम लोगों के संबंध बने रहे हैं। कनाडा में लगभग 18 लाख भारतीय मूल के लोग और 10 लाख अप्रवासी भारतीय रहते हैं। यह कनाडा की आबादी का तीन प्रतिशत से अधिक है। लगभग 4,27,000 भारतीय छात्र वर्तमान में कनाडा के संस्थानों में पढ़ रहे हैं। साफ है कि भारत के वैश्विक स्तर पर बढ़ते प्रभाव की वजह से कनाडा की नई सरकार एक बार फिर नई शुरुआत करना चाहती है। भारत की सक्रिय कूटनीति और कनाडा की रणनीतिक दूरदर्शिता के बीच तालमेल एक सुरक्षित और निष्पक्ष वैश्विक व्यवस्था को आकार देने के लिए सामूहिक प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। स्पष्ट है कि भारत और कनाडा के संबंधों से एक अधिक समावेशी और लचीले अंतर्राष्ट्रीय ढांचे में योगदान मिलेगा।

# टीका निर्माण प्रक्रिया और प्रभाव बढ़ाने का विज्ञान



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

सन 2023 में विश्व में सभी टीकों की सात अरब खुराक खरीदी गईं थीं। कोविड महामारी पर काबू पा लेने के बाद कोविड-19 टीकों की कम खरीद के कारण इसमें उल्लेखनीय कमी हुई है। दुनिया में टीकों की बिक्री की आधी मात्रा सिर्फ मौखिक पोलियो (ओपीवी), कोविड-19 और मौसमी इन्फ्लूएंजा के लिए ही बनी रहती है।

वायरल और बैक्टीरियल बीमारियों से बचने के लिए हम टीके लगवाते हैं। लेकिन टीकों के विकास के इतिहास और टेक्नोलॉजी के बारे में जानने की दिलचस्पी भी रखनी चाहिए। टीकों के विकास की एक टाइमलाइन बनाई गई हैजो सिर्फ आधुनिक समय की कहानी बताती है। वैसे, खोजकर्ताओं ने टीकों-सदृश प्रयासों के बारे में भी खोजबीन एनशियेंट लिटरेचर से खोज ली है और बताया है कि चीन और भारत ने करीब-करीब एक साथ 1000 वर्ष पहले टीके (इनोक्युलेशन) का विकास किया था।

वर्ष 2024 में टीकाकरण पर विस्तारित कार्यक्रम की 50 वीं वर्षगांठ मनाई गई। इन 50 वर्षों में 15 करोड़ से अधिक लोगों की जान सिर्फ टीके लगाए जाने की वजह से बचाई गई है। वैश्विक स्तर पर शिशु मृत्यु में 40 प्रतिशत कमी टीकाकरण के कारण हुई है। कुछ क्षेत्रों में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। इसके बावजूद चिंता की बात है कि बचपन के टीकाकरण कवरेज का स्तर कई वर्षों से रुका हुआ है, जिससे अनेक बच्चे साल दर साल असुरक्षित रह जाते हैं। वैक्सीन बाजारों को समझना टीकों तक पहुंच बढ़ाने और टीकाकरण कवरेज को बेहतर बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण जानकारी स्रोत है। वर्ष 2024 में 207 देशों में 88 वैक्सीन उत्पाद बेचे गए जिन्हें विश्व में 116 टीका निर्माताओं से खरीदा गया था।

सन 2023 में विश्व में सभी टीकों की सात अरब खुराक खरीदी गईं थीं। कोविड महामारी पर काबू पा लेने के बाद कोविड-19 टीकों की कम खरीद के कारण इसमें उल्लेखनीय कमी हुई है। दुनिया में टीकों की बिक्री की आधी मात्रा सिर्फ मौखिक पोलियो (ओपीवी), कोविड-19 और मौसमी इन्फ्लूएंजा के लिए ही बनी रहती है। कार्यक्रम विस्तार और किसी बीमारी के प्रकोप में वृद्धि के कारण क्रमशः एचपीवी और चेचक/मंकीपॉक्स वैक्सीन में बड़ी मात्रा में वृद्धि हुई थी। वैश्विक वैक्सीन बाजार की खरीद की मात्रा में औसत वृद्धि दर तीन प्रतिशत थी जोकि मुख्य रूप से कोविड-19 टीकों के लिए थी। सन 2023 तक दुनिया में 20 बिलियन अमरीकी डॉलर के बराबर मूल्य की तो कोविड वैक्सीन की ही बिक्री हुई थी। वैक्सीन प्रोडक्शन में भारत एक सुपरपावर है। अंदाजा लगाएं कि भारत ने ही कोविड-19 की करीब तीन अरब खुराक की आपूर्ति दुनिया के 100 देशों को की थी। यह वैश्विक वैक्सीन निर्माण में विश्व में भारत की योगदान तकरीबन 60 प्रतिशत है। ऐसा तब है जबकि भारत खुद कोविड-19 महामारी से जूझ रहा था और कोरोना विषाणु के नए उपभेद और विभेद अर्थात स्ट्रेंस और वेरिएन्ट्स उभर रहे थे जिनके लिए नई और असरदार वैक्सीन्स को विकसित करने और इन्हें बनाकर सिस्टम में डालने की जरूरत तेज़ी से उभर रही थी। भारत के वैज्ञानिकों और तकनीशियनों दक्षता पूर्वक यह कर दिखाया क्योंकि देश में फार्मास्यूटिकल रिसर्च, क्लिनिकल फार्माकोलॉजी और मैन्युफैक्चरिंग का मजबूत आधार मौजूद है।

वायरल और बैक्टीरियल बीमारियों से बचने के लिए हम टीके लगवाते हैं। लेकिन टीकों के विकास के इतिहास और टेक्नोलॉजी के बारे में जानने की दिलचस्पी भी रखनी चाहिए। टीकों के विकास की एक टाइमलाइन बनाई गई हैजो सिर्फ आधुनिक समय की कहानी बताती है। वैसे, खोजकर्ताओं ने टीकों-सदृश प्रयासों के बारे में भी खोजबीन एनशियेंट लिटरेचर से खोज ली है और बताया है कि चीन और भारत ने करीब-करीब एक साथ 1000 वर्ष पहले टीके (इनोक्युलेशन) का विकास किया था। चीन में इस कहानी को ढूंढा जोसफ नीडहैम ने जिसने चीन के विज्ञान और टेक्नोलॉजी का इतिहास लिखा है। भारत में इसकी खोज के बारे में तब मालूम हुआ जब एक पुराना दस्तावेज़ भारत में इंडियन मेडिकल सर्विस में काम करने वाले एक ब्रिटिश फिजिशियन के हाथ लगा था।

एडवर्ड जेने और लुई पास्चर ने सबसे पहले टीका विकसित करने की टेक्नोलॉजी बनाई थी। अब तो ऐसे बहुत लोग हैं जिन्होंनें अनेक विधियों से टीकों का विकास किया जिससे बड़े पैमाने पर इनका निर्माण किया जा सके। जेने द्वारा चेचक के विरुद्ध विकसित की गई टीका-टेक्नोलॉजी से लेकर कोविड के सब-यूनिट टीकों के विकास तक यह कहानी लंबी है। टीकों को कई रूपों में निर्मित किया जा सकता है, जिसमें निष्क्रिय (मारे गए), टॉक्सोइड, जीवित क्षीणित, वायरस जैसे कण, सिंथेटिक पेप्टाइड, पॉलीसैकेराइड, पॉलीसैकेराइड संयुग्म (ग्लाइकोकोनजुगेट), वायरल वेक्टरेड (वेक्टर-आधारित), न्यूक्लिक एसिड (डीएनए और एमआरएनए) और बैक्टीरियल वेक्टर/सिंथेटिक एंटीजन प्रेजेंटिंग सेल शामिल हैं। टीकों के निर्माण में कई प्रक्रियाओं का उपयोग किया जाता है और चिकित्सा/बायोमेडिकल इंजीनियरिंग, जीव विज्ञान, प्रतिरक्षा विज्ञान और वैक्सीनोलॉजी में हाल के विकासों ने अभिनव न्यूक्लिक एसिड वैक्सीन का उदय किया है जोकि पारंपरिक और सबयूनिट वैक्सीन में जोड़ी गई एक नई श्रेणी है।

टीके जैविक रचनाएं हैं जिनका उद्देश्य संक्रमण या बीमारी के विरुद्ध प्रतिरक्षा प्रणाली को उत्तेजित करना और तैयार करना है। वे रोगजनकों को पहचानने, प्रतिक्रिया करने और याद रखने के लिए अत्यधिक विकसित स्तनधारी प्रतिरक्षा प्रणाली की क्षमता का उपयोग करते हैं। टीकों का प्राथमिक घटक एंटीजन होते हैं जो रुचि के रोगजनक या जैव-निर्मित से प्राप्त होते हैं। अतिरिक्त घटकों में परिरक्षक, स्टेबलाइज़र, एक्सीपिएंट और निर्माण के दौरान मिलाये उत्पाद हो सकते हैं। शिशु, बुजुर्ग और प्रतिरक्षाविहीन व्यक्ति में प्रतिरक्षाजनन अथवा प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया को प्रेरित करने की क्षमता और प्रभावकारिता में सुधार करने और/या एंटीजन खुराक को कम करने जिससे वैक्सीन की सप्लाई में वृद्धि की अनुमति देने के लिए सहायक पदार्थ के तौर पर मिलाए जाते हैं।

टीका निर्माण के दौरान कम से कम छः और बातों का ध्यान रखा जाता है। इन्हें हम वैक्सीन कॉम्पोनेन्ट कह सकते हैं। ये हैः एक्टिव इंग्रेडियेंट्स जोकि वायरल या बैक्टीरियल एंटीजन होती हैं। इनका काम इम्यून सिस्टम को उत्प्रेरित तो करती हैं लेकिन बीमारी पैदा नहीं करते। दूसरा है एड्जुवेंट जो वैक्सीन के प्रति इम्यून सिस्टम को बूस्ट करता है। तीसरा है एंटीबायोटिक्स जो वैक्सीन निर्माण के समय प्रदूषण नहीं होने देता।

चौथा है स्टेबलाइजर जो टीका बन जाने के बाद इसके रख-रखाव से संबंधित है और स्टोरेज के दौरान टीके के असर को खराब नहीं होने देता, पांचवां है प्रीज़र्वेटिव जो स्टोरेज की अवधि के दौरान टीके में फफूंद और संदूषित करने वाले जीवाणुओं को पनपने नहीं देता और अंतिम हैं ट्रेस कंपाउंड्स जोकि भण्डारण की अवधि ख़त्म हो जाने के बाद उत्पन्न होते हैं जैसे कि फॉर्मलडीहाइड और सैल-कल्चर के रूप में एक अवशेष हैं। कोशिश है कि विषाणु और जीवाणु जनित संक्रमणों से प्रतिरक्षा के लिए ज्यादातर टीकों का इस्तेमाल हो ताकि व्यक्ति के शरीर में दीर्घावधि असर के लिए बीमार होने पर लिए जाने वाली शार्ट-टर्म या अल्पावधि की दवाओं की इस्तेमाल कम हो जाए। टीकों के निर्माण के लिए मैन्युफैक्चरिंग प्लांट लगाने और इनके लिए आवश्यक सामग्री जुटाने हेतु टेक्निकल दक्षता के अलावा अरबों रुपये के निवेश की जरूरत होती है।

## प्रसंगवश

# गंभीरता से लागू करें प्लास्टिक पर प्रतिबंध

प्लास्टिक हमारी धरती के पर्यावरण, पारिस्थितिकी तंत्र, जीव-जंतुओं, मनुष्यों सभी के लिए एक बहुत बड़ा खतरा बनकर उभर रहा है। इंसान हो या पर्यावरण, समुद्री जीव हों या वनस्पतियां सभी की सेहत को प्लास्टिक ने बिगाड़ कर रख दिया है। आज स्थिति यह है कि आज प्लास्टिक ने हमारी नदियों, हमारे विभिन्न जल स्रोतों, समुद्र,थल व वायु सभी जगहों पर अपनी गहरी पैठ बना ली है। शहरों में तो कचरे के जो बड़े बड़े ढ़ेर नजर आते हैं, उसमें सबसे ज्यादा कचरा प्लास्टिक का ही होता है।

आंकड़े बताते हैं कि 1950 में दुनिया सिर्फ 20 लाख टन प्लास्टिक का उत्पादन करती थी और अब प्लास्टिक का उत्पादन बढ़ कर 45 करोड़ टन से अधिक हो गया है। स्टेट ऑफ इंडियाज एनवायरमेंट इन फिगर्स 2025 के मुताबिक, भारत में प्रतिबंध के बावजूद 2022-23 में प्लास्टिक का कचरा रिकॉर्ड 41.4 लाख टन तक पहुंच गया। यह बहुत ही गंभीर और संवेदनशील है कि भारत में हर साल 34 लाख टन से अधिक प्लास्टिक कचरा निकलता है, जिसमें से अधिकतर बैग, रैपर और पैकेजिंग जैसी एक बार उपयोग होने वाले वस्तुओं से आता है। कचरे के प्रबंधन के लिए प्रतिबंधों और नियमों के बावजूद, प्लास्टिक हमारे बाजारों, नालियों और महासागरों में भरा पड़ा है। पर्यावरण दिवस की थीम इस बार 'प्लास्टिक प्रदूषण को हराना' रखी गई, लेकिन आज चाय के कप से लेकर पानी की बोतल तक, घर हो या आफिस हर जगह प्लास्टिक बिखरा पड़ा है। यहां तक कि जीवन का कोई भी पहलू आज प्लास्टिक से अछूता नहीं रहा है। आज हर जगह प्लास्टिक की बेतहाशा मौजूदगी है।



सुनील कुमार महला
स्तंभकार

सच यह है भी है कि आज अधिकांश निराश्रित गायों की मृत्यु का कारण प्लास्टिक का सेवन ही है। आज पानी, मिट्टी और हवा में माइक्रो प्लास्टिक की मौजूदगी हो चुकी है। आईयूसीएन के अनुसार, हर साल कम-से-कम 8 मिलियन टन प्लास्टिक महासागरों में जाता है और यह सतही जल से लेकर गहरे समुद्र में तलछट तक सभी समुद्री मलबे का लगभग 80 प्रतिशत हिस्सा है। सच तो यह है कि माइक्रोप्लास्टिक आज एक बहुत बड़ी समस्या है, क्योंकि वे व्यापक रूप से पाए जाते हैं और पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य पर हानिकारक प्रभाव डालते हैं। वास्तव में माइक्रो प्लास्टिक तो आज एक अदृश्य खतरा है।

माइक्रोप्लास्टिक प्रदूषण के प्रभाव सिर्फ़ पर्यावरण तक ही सीमित नहीं हैं। जैसे ही माइक्रोप्लास्टिक पानी में पहुंचता है, उसे मछली, मसल्स और दूसरे जानवर खा लेते हैं और गलती से उसे खाना समझ लेते हैं। ये जानवर हमारी प्लेटों में पहुंच जाते हैं और प्लास्टिक के कणों को मानव खाद्य श्रृंखला में ले आते हैं। एक चिंताजनक अध्ययन से पता चला है कि लोग प्रति सप्ताह पांच ग्राम तक माइक्रोप्लास्टिक निगल लेते हैं, जो एक क्रेडिट कार्ड के बराबर वजन है।

वास्तव में माइक्रो प्लास्टिक प्रदूषण को रोकने के लिए हमें व्यक्तिगत पहल करनी होगी। मसलन, शून्य-अपशिष्ट, डिस्पोज़ेबल और खुद के बर्तनों का उपयोग करना, बोतलबंद पानी तथा प्लास्टिक पैकेजिंग का उपयोग न करना आदि कुछ ऐसे कदम हैं जिन्हें प्रत्येक नागरिक माइक्रोप्लास्टिक प्रदूषण को रोकने के लिए उठा सकता है। हालांकि, इसके गंभीर खतरों को देखते हुए हमें अपने जीवन में कुछ बदलाव करने की जरूरत है। मसलन, हम प्लास्टिक का कम से कम उपयोग या शून्य उपयोग करें। बहरहाल, यह विडंबना ही कही जा सकती है कि आज हमें प्लास्टिक पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने में सफलता नहीं मिल पा रही हैं। वास्तव में देखा जाए तो इसके पीछे कई चुनौतियां हैं। प्लास्टिक का व्यापक उपयोग, सस्ते विकल्पों का अभाव आदि इस दिशा में गंभीर बाधाएं बने हुए हैं। प्लास्टिक कचरे के प्रबंधन और रीसाइक्लिंग(पुनर्चक्रण) की व्यवस्था भी सरकार के सामने एक बड़ी व गंभीर चुनौती है। प्लास्टिक प्रदूषण रोकने के लिए, सबसे पहले प्लास्टिक के उपयोग को कम या बंद करना होगा। हमें यह चाहिए कि हमप्लास्टिक के रैप के बजाय पुनः प्रयोज्य सामग्री का उपयोग करें। प्लास्टिक के कंटेनर के बजाय धातु या कांच के कंटेनर का उपयोग किया जा सकता है, और प्लास्टिक की पानी की बोतलें और थैली के बजाय पुनः उपयोग योग्य बोतलों और बैग आदि का उपयोग किया जा सकता है। हमें चाहिए कि हम पुनर्चक्रण में योगदान करें।

# शिक्षा, जनसंख्या एवं जाति



पारसनाथ राय
वरिष्ठ अधिवक्ता

आखिरी बार 1931 में जाति जनगणना हुई थी। तब आज के पाकिस्तान और बांग्लादेश भी भारत का हिस्सा हुआ करते थे।

जाति जनगणना को लेकरसियासत गर्म है। 1931 की जनगणना एक बहुत ही महत्वपूर्ण दस्तावेज है और अध्ययन के योग्य है, क्योंकि यह आखिरी बार था जब किसी जनगणना में जाति और समुदाय के चश्मे से भारत की जांच की गई थी- जो आयाम 1951 के बाद की जनगणना रिपोर्टों में वर्जित रहे हैं।

जातिवार बात की जाए तो पूरे ब्रिटिश इंडिया में सबसे अधिक आबादी ब्राह्मणों की थी, जो डेढ़ करोड़ से ज्यादा थे। इसके बाद दूसरा स्थान जाटव समुदाय का था, जो संख्या में 1 करोड़ 23 लाख से थोड़े ज्यादा थे। वहीं तीसरे स्थान पर राजपूत थे, जिनकी आबादी 81 लाख थी। तीसरे स्थान पर महाराष्ट्र की कुनबी जाति थी, जिन्हें आज ओबीसी कैटिगरी में रखा गया है। उनकी आबादी 64 लाख 34 हजार थी। वहीं यादव (अहीर) समाज के लोगों की संख्या 56 लाख 82 हजार थी। इसके बाद स्थान तेली बिरादरी का था, जिनकी आबादी 42 लाख 58 हजार पाई गई थी। वहीं ग्वाला की आबादी 40 लाख से ज्यादा थी। आखिरी बार 1931 में जाति जनगणना हुई थी। तब आज के पाकिस्तान और बांग्लादेश भी भारत का हिस्सा हुआ करते थे। ब्रिटिश इंडिया में हुई इस जाति जनगणना में ओबीसी जातियों की आबादी 52 फीसदी पाई गई थी, जबकि देश भर की जनसंख्या उस वक्त 27 करोड़ थी। इसी के आधार पर मंडल कमीशन ने सिफारिशें दी थीं।1931 की जनगणना के अनुसार अखिल भारतीय स्तर पर बंगाल के वैद्य, कई राज्यों में बसे कायस्थ और केरल के नायर जातियों में सबसे अधिक साक्षर थे। इन तीनों समूहों के पास पारंपरिक व्यवसाय या सामाजिक परिस्थितियां थीं, उनके शैक्षिक विकास में सहायक प्रतीत होती थीं। वैद्य पेशे से चिकित्सक थे, कायस्थ लेखक थे और नायर मालाबार क्षेत्र से थे। इन्होंने शिक्षा में शुरुआती प्रगति की थी।

जनगणना के आंकड़ों के मुताबिक वैद्यों में 78.2 प्रतिशत पुरुष और 48.6 प्रतिशत महिलाएं साक्षर थीं। कायस्थों में 60.7 प्रतिशत पुरुष और 19.1प्रतिशत महिला साक्षरता थी। वहीं नायरों में 60.3 प्रतिशत पुरुष और 27.6प्रतिशत महिला साक्षरता थी। इस प्रकार मातृवंशीय नायरों सहित सर्वाधिक साक्षर जातियों में भी महिला साक्षरता, पुरुष साक्षरता की तुलना में काफी कम थी, जो पितृसत्तात्मक संबंधों को दर्शाती है। जहां परिवारों ने पुरुषों की शिक्षा पर अधिक ध्यान दिया, जिनसे लाभदायक रोजगार की अपेक्षा की गई थी। पंजाब की एक वाणिज्यिक जाति खत्री अखिल भारतीय स्तर पर चौथे स्थान पर रही, जिसमें 45.1 प्रतिशत पुरुष साक्षरता और 12.6प्रतिशत महिला साक्षरता थी।

1931 की जनगणना में अखिल भारतीय साक्षरता सूची में पांचवें स्थान पर ब्राह्मण थे। राष्ट्रीय स्तर पर ब्राह्मणों में 43.7 प्रतिशत पुरुष साक्षरता और 9.6प्रतिशत महिला साक्षरता थी। वे अन्य प्रमुख "उच्च जाति" समुदाय, राजपूतों से बहुत आगे थे, जिनकी पुरुष साक्षरता 15.3प्रतिशत और महिला साक्षरता सिर्फ़ 1.3प्रतिशत थी। साक्षरता के मामले में अखिल भारतीय स्तर पर कई जातियां बहुत पीछे थीं। उत्तर-पश्चिम भारत के प्रभावशाली जाट समुदाय में पुरुष साक्षरता 5.3 प्रतिशत और महिला साक्षरता 0.6 प्रतिशत थी।उत्तर भारत में प्रभावशाली ओबीसी जाति यादव में पुरुष साक्षरता सिर्फ़ 3.9 प्रतिशत और महिला साक्षरता 0.2प्रतिशत थी। दलितों में एक प्रमुख जाति महार से डॉ. बी.आर. अंबेडकर संबंधित थे, अन्य अनुसूचित जाति (एससी) समूहों की तुलना में अधिक शिक्षित पाए गए, जिनमें 4.4प्रतिशत पुरुष साक्षरता और 0.4प्रतिशत महिला साक्षरता दर्ज की गई।

उत्तरी राज्यों में दक्षिणी राज्यों की तुलना में साक्षरता दर कम दर्ज की गई, जिससे अखिल भारतीय जाति पैटर्न में भारी अंतर देखने को मिला। उत्तर भारतीय राज्यों में ब्राह्मण साक्षरता के आंकड़े दक्षिण की तुलना में कम थे, लेकिन फिर भी अधिकांश अन्य जातियों की तुलना में अधिक थे। बिहार और ओडिशा में, कायस्थ समूह सबसे अधिक साक्षर था, जिसमें 60.5प्रतिशत पुरुष साक्षरता और 11.8 प्रतिशत महिला साक्षरता थी, उसके बाद ब्राह्मण (35.6प्रतिशत पुरुष और 2.8प्रतिशत महिला साक्षरता), भूमिहार (23.3प्रतिशत पुरुष और 2.8प्रतिशत महिला साक्षरता) और राजपूत (21.7प्रतिशत पुरुष और 1.3 प्रतिशत महिला साक्षरता) थे। स्वतंत्रता के बाद तत्कालीन नेहरू सरकार ने जाति गणना को बंद करने का फैसला किया, यह तर्क देते हुए कि यह राष्ट्रीय एकता को कमजोर कर सकता है और सामाजिक विभाजन को गहरा कर सकता है।

## सोशल फोरम

# भटकना आदमी का स्वभाव

भटकना तो आदमी का स्वभाव है। यदि आदमी ना भटके तो हमारे इतने सारे धर्म ,बाबा , साधु संत ,रिश्तेदारों और हमारी आपकी पत्नियों के पास फिर काम ही क्या रह जाएगा ? किसे रास्ते पर लाने के उपदेश देंगे ये? और इसमें हमारी आपकी गलती है भी क्या ? इतने सारे रास्ते है ही क्यों ? एक होता हम नाक की सीध में चलते और पहुंच जाते। आदमी भटकना नहीं चाहता पर इतने सारे रास्ते उसे कन्फ्यूज कर देते है,ब हुत बार वो नया रास्ता बनाना चाहता है इसलिए भी एक नई दिशा की तरफ़ निकल पड़ता है। ऐसे में या तो वो खुद खो जाता है या दूसरों को रास्ता दिखाने में कामयाब हो जाता है। कोलंबस को ही ले लीजिए। भटकने के कारण नाम कमा गया वो। भटकने से बचने के ध्यान की दुकानें भी है हमारे यहां। पर बहुत बार यहां ध्यान खुद भटका मिलता है आपको। आप इस नतीजे पर पहुंचते हैं कि दुकान खोले बैठे महारथी खुद अंधे हैं और अंधों से रास्ता दिखाने की उम्मीद रखना बेकार ही है।



मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

और फिर भटके हुए को भटकना मानना ही क्यो है ? हो सकता है उसे ये खबर हो कि दुनिया गोल है। आप जहां जाना चाहते है वहां एक ना दिन पहुंच ही जाएंगे। हरिवंश राय बच्चन ऐसे ही थोड़े बता गए हैं कि राह पकड़ ले एक चला चल। पा जाएगा मधुशाला। ऐसे में किसी को भटकता हुआ देखें तो उसे एकदम से शराबी ना मान लें हो सकता है वो कोई पहुंचा हुआ संत हो और आपको राह दिखाने आया हो।

भटके हुओ को रास्ता दिखाने की ज़िम्मेदारी सबसे पहले ध्रुव तारे ने संभाली फिर गुरू तलाशे गए। कंपास भी आगे आया उसके लिए और आजकल इन सबका काम गूगल कर रहा है। इन सारे तरीक़ों के बावजूद जो भटकना चाहता है वो भटक ही जाता है। और फिर भटकने का अपना रोमांच है। भटकने वाला इंसान ,नई जगहों और नए लोगों से मिलाता है। भटकना आपको ज्ञानी तो बनाता ही है ,बहुत बार जवान भी कर जाता हैं। आदमी भटकता क्यों है ? बंदा शातिर हो जेब भारी हो तो भटकना आसान। और इन सब से बड़ी बात कि विधाता ने आपके लिए अर्श या फर्श क्या तय किया हुआ है। ऐसे मे जब पहुंचे, जहां पहुंचे उससे राजी रहे और आप कर भी क्या सकते हैं?

-फेसबुक वॉल से

# कोमल मन पर भारी कठोर परवरिश



अमित बैजनाथ गर्ग
वरिष्ठ पत्रकार

असल में यह घटना उन मां-बाप के लिए किसी सबक से कम नहीं है, जो बात-बात पर सबके सामने अपने बच्चों को बुरी तरह डांट देते हैं।

हाल ही में पश्चिम बंगाल के पंसकुरा में 7वीं क्लास में पढ़ने वाले बच्चे ने इसलिए आत्महत्या कर ली, क्योंकि उसकी मां ने सबके सामने उसको डांट दिया था। बच्चा अपने पीछे एक सुसाइड नोट छोड़ गया है, जो झकझोर देने वाला है। अपने सुसाइड नोट में बच्चे ने लिखा था कि मां मैंने चोरी नहीं की। बच्चे के ये आखिरी शब्द दिल को झकझोर देने वाले हैं। दरअसल स्कूल में पढ़ने वाले 13 साल के कृष्णेंदु दास पर एक मिठाई की दुकान से चिप्स के तीन पैकेट चुराने का आरोप लगा था। मिठाई की ये दुकान गोसाईंबेर बाजार में एक सिविल वॉलंटियर की थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि दुकानदार की गैरमौजूदगी में बच्चे ने दुकान से चिप्स के तीन पैकेट चुरा लिए थे।

दुकान मालिक ने बच्चे को दुकान से थोड़ी दूर चिप्स के पैकेट के साथ देखा, तो उसके पीछे दौड़ पड़ा। उससे चोरी के बारे में पूछताछ की गई। उसने दुकानदार को पांच रुपए के हिसाब से तीन चिप्स के पैकेट के 15 रुपए दे दिए। इसके बाद भी दुकानदार नहीं माना। वह पैसे लौटाने के बहाने बच्चे को वापस दुकान पर ले गया और उसको मारा-पीटा। इतना ही नहीं, दुकानदार ने बच्चे से सार्वजनिक रूप से माफी भी मंगवाई। बच्चे के साथ ये सब अभी हुआ ही था कि उसकी मां को जैसे ही इस बारे में पता चला, वह भी उसे फिर से उसी मिठाई की दुकान पर लेकर गई और सबके सामने डांटा। इस बात से 13 साल का लड़का इस कदर आहत हो गया कि घर लौटते ही उसने कीटनाशक पीकर आत्महत्या करने की कोशिश की। गंभीर हालत में उसे तुरंत मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई।

पुलिस का कहना है कि बच्चे के कमरे से एक सुसाइड नोट बरामद किया गया है। इसमें कृष्णेंदु ने आत्महत्या करने से पहले अपनी नोटबुक में लिखा है कि मां मैंने चोरी नहीं की। मुझे वो सड़क पर पड़े मिले थे। मैंने चोरी नहीं की है। पीड़ित परिवार का आरोप है कि मिठाई दुकानदार के बर्ताव की वजह से बच्चा ऐसा खौफनाक कदम उठाने को मजबूर हो गया। तब से दुकान मालिक फरार है। परिवार इस बात को भी मान रहा है कि मां के सार्वजनिक रूप से डांटे जाने का भी बच्चे के मन पर गहरा असर हुआ। मां की डांट से बच्चा बहुत दुखी था। यह डांट उसके मन में घर कर गई। वह इस तरह के व्यवहार को सहन नहीं कर सका।

असल में यह घटना उन मां-बाप के लिए किसी सबक से कम नहीं है, जो बात-बात पर सबके सामने अपने बच्चों को बुरी तरह डांट देते हैं, क्योंकि उम्र के इस पड़ाव में बच्चे बहुत ही कोमल और संवेदनशील होते हैं। वह हर बात को अपनी बेइज्जती से जोड़ लेते हैं। कई बार वह ऐसा कदम उठा लेते हैं, जिसके बाद पछताने के अलावा कोई और रास्ता परिवार के पास भी नहीं होता, इसलिए माता-पिता को बच्चों के साथ पेश आने में बहुत ही सतर्कता बरतनी चाहिए। किसी भी बात पर उनको समझाएं, न कि सबके सामने उन्हें डांटें। अगर डांटना बहुत जरूरी है, तो अकेले में ही डांटें। सबके सामने ऐसा करने से बचें, ताकि उनको बेइज्जती महसूस न हो।

चाइल्ड एक्सपर्ट का कहना है कि आज के दौर में बच्चों की परवरिश करना बिल्कुल भी आसान नहीं है। उन्हें अच्छे या बुरे की अहमियत समझाना बहुत जरूरी है, लेकिन प्यार और अपनेपन के साथ। हर बात पर उन्हें डांटना या पीटना ठीक नहीं है। कुछ एक्सपर्ट कहते हैं कि माता-पिता बच्चों को नहीं डांटें तो वे मनमानी करते हैं और अगर डांटें तो बच्चे दिल पर ले लेते हैं। ऐसे में बड़ा सवाल ये है कि मां-बाप बच्चों को कैसे समझाएं, क्योंकि बच्चों का मन बहुत ही कोमल होता है। छोटी-छोटी बातों का उनके मन पर गहरा असर होता है। अगर सबके सामने उनको डांट दिया जाए, तो वे इसे अपनी बेइज्जती समझ लेते हैं। आहत होकर कई बार वह गलत कदम उठा लेते हैं।


असल में परिवार को अब इस बात को समझना होगा कि बदलते माहौल में बच्चों की परवरिश यदि उसके अनुसार न हो, तो उसके परिणाम गंभीर होते हैं। आमतौर पर कुछ बच्चे काफी सहज और सरल होते हैं, तो कुछ बेहद ही संवेदनशील। ऐसे में उनके स्वभाव के अनुसार ही उनकी देखभाल करने की जरूरत होती है। बच्चों की भावनाओं का ख्याल रखना बेहद जरूरी होता है। उनके कोमल मन को समझना भी बहुत जरूरी है। हर बात वह गलत हों, ऐसा जरूरी नहीं है। कई बार बच्चे सच बोल रहे होते हैं, तो भी उन्हें गलत मान लिया जाता है। परिवार को सही और गलत के निर्णय पर पहुंचने से पहले कई बार सोचना होगा। हर बात पर बाल मन का इस तरह तिरस्कार करना सही नहीं कहा जा सकता। हर बच्चे को कृष्णेंदु बनने से बचाना होगा।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक - अमित शर्मा*** 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

# भीषण गर्मी में हीट स्ट्रोक का खतरा बढ़ा

## गर्मी से लोग बेहाल, चिकित्सकों ने बाहर निकलते वक्त सुरक्षा उपाय अपनाने पर दिया जोर

संवाददाता, काशीपुर



**अमृत विचार :** प्रदेश के साथ ही देश के कई हिस्सों में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है। शहर में पारा 36 से 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच रहा है। साथ ही गर्म हवाएं भी जारी हैं।

इस भीषण गर्मी में शरीर को कई गंभीर समस्याओं से जूझना पड़ता है। इस बीच हीट स्ट्रोक का खतरा बढ़ गया है। बॉडी डिहाड्रेट रहने से लू लगने की संभावना बढ़ जाती है जिसके चलते सिरदर्द, थकान और कमजोरी महसूस होने लगती है। चिकित्सकों का कहना है कि लू लगने के लक्षणों की समय पर पहचान न कर पाने से शरीर को बुखार, उल्टी और दस्त का सामना करना पड़ता है। इसका पहला लक्षण है प्यास लगना। गर्मी बढ़ने की वजह से शरीर से बार-बार पसीना निकलता है। इससे शरीर में पानी की कमी हो सकती है।

ऐसे में पर्याप्त मात्रा में पानी या अन्य तरल पदार्थों का सेवन नहीं करने से हीट स्ट्रोक का जोखिम बढ़ जाता है। दूसरा लक्षण है सिर में तेज दर्द होना। गर्मी के मौसम में चिलचिलाती धूप और गर्म हवाओं के बीच देर तक रहने से डिहाइड्रेशन होता है जिससे कि ब्रेन में फ्लूइड की कमी से ऊतक संकुचित होने लगते हैं। इस कारण सिर में तेज दर्द होने लगता है।

चिकित्सकों के अनुसार गर्मी में बाहर निकलने से पहले सिर को ढक कर निकलना जरूरी है। तीसरा लक्षण है ब्लड प्रेशर में वृद्धि होना। चिकित्सकों की मानें तो जिन लोगों को अक्सर हाइ ब्लड प्रेशर की समस्या रहती है, उन्हें गर्मी के मौसम में अपनी सेहत को लेकर सचेत रहने की जरूरत है।

पानी का सही मात्रा में सेवन न करने से निर्जलीकरण की समस्या से जूझना पड़ता है। इससे खून गाढ़ा होने लगता है और रक्त संचार में दिक्कत होती है। वहीं थकान और कमजोरी महसूस होना और मांसपेशियों में ऐंठन भी कुछ ऐसे लक्षण हैं जो हीट स्ट्रोक के की संभावनाएं बढ़ा देता है।

### बचाव के उपाय

**हाइड्रेटेड रहें :** दिन भर में खूब सारा पानी या इलेक्ट्रोलाइट युक्त पेय पदार्थ पिएं, भले ही आपको प्यास न भी लगे।

**धूप से बचें :** दिन के सबसे गर्म समय में (सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक) छाया में रहें या घर के अंदर रहें।

**आरामदायक कपड़े पहनें :** हल्के, ढीले और हल्के रंग के कपड़े पहनें, जो हवा को शरीर तक पहुंचने दें।

**पसीने को हटाएं :** शरीर को ठंडा करने के लिए पसीने को साफ करें, या ठंडे पानी का छिड़काव करें।

**भारी गतिविधियों से बचें :** दिन के गर्म समय में भारी गतिविधियों से बचें और व्यायाम सुबह या शाम को ही करें।

गर्मियों में पानी तो पीना चाहिए। साथ ही हेल्दी फूड्स का सेवन भी करना चाहिए। शरीर में विटामिन और मिनरल्स की कमी बढ़ जाने से चक्कर आना, थकान और बेहोशी महसूस होने लगती है। ऐसे में शरीर की ठंडक को बनाये रखना जरूरी है। पूरे कपड़े पहनकर ही बाहर निकलें। अनावश्यक बाहर न निकलें।
**-डॉ. राजीव चौहान**, सीएमएस

# तराई में 11 जून तक बढ़ेगी गर्मी, उमस से रहेंगे लोग परेशान

**रुद्रपुर :** विगत दिनों तराई में बारिश के बाद मौसम सुहावना हो गया था। वहीं अब लोग उमस भरी गर्मी से परेशान नजर आ रहे हैं। तापमान में भी 1.5 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हो गयी है। मौसम वैज्ञानिकों ने 11 जून तक गर्म हवाओं के साथ तापमान में भी वृद्धि होने की संभावना जताई है।

तराई में विगत दिनों बारिश के बाद लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली थी। अब सुबह से तेज धूम निकलने से उमस भरी गर्मी पड़ रही है। इससे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जीबी पंत विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. आरके सिंह ने बताया कि रविवार को अधिकतम तापमान 39.5 डिग्री सेल्सियस, जबकि न्यूनतम तापमान 25.8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। वातावरण में नमी की मात्रा 34 फीसदी रही, जबकि दक्षिण पश्चिम से 1.7 किमी. प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चली। बताया कि आने वाली 11 जून तक तापमान में और अधिक वृद्धि होगी। इसके अलावा गर्म हवा भी चलेगी। साथ ही लोगों को उमस भरी गर्मी का भी सामना करना पड़ेगा।

# पूर्व सैनिक की मौत में बाइक चालक पर केस

संवाददाता, खटीमा

- 26 मई की शाम को हुई थी दुर्घटना
- 29 मई को उपचार के दौरान पूर्व सैनिक ने तोड़ दिया दम

**अमृत विचार :** तेरह दिन पूर्व हुई सड़क दुर्घटना में घायल भूतपूर्व सैनिक की उपचार के दौरान मौत हो गई। मामले में भूतपूर्व सैनिक के परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने हादसे के जिम्मेदार बाइक सवार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार भुड़िया थारू निवासी कमला बिष्ट ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा है कि उसके पिता 26 मई की शाम करीब साढ़े पांच बजे निकुंज खाद भण्डार, ग्राम सैजना की दुकान के सामने बीज लेने जा रहे थे। इसी समय तेज रफ्तार से बाइक चलाते हुए पहेनियां निवासी प्रीतम सिंह ने उसके पिता मोहन सिंह को टक्कर मार दी। जिससे उनके सिर पर गम्भीर चोट लग गई। घटना के बाद आरोपी बाइक चालक घटना स्थल से फरार हो गया। घटना के बाद आरोपी बाइक चालक को उनकी ओर से एक बार फोन भी किया और उसने फोन उठाया। जिसके बाद आनन फानन में मेरे पिता को नागरिक अस्पताल लाया गया। जहां गंभीर हालत देखते हुए जिन्हें चिकित्सको हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। उन्हें तुरंत राममूर्ति अस्पताल ले जाया गया। जहां उपचार के दौरान उनकी 29 मई को मृत्यु हो गई। मोटर साईकिल के चालक प्रीतम सिंह ने अपना फोन स्विच ऑफ कर रखा है। कई बार उस नम्बर पर सम्पर्क करने की कोशिश की लेकिन फोन नहीं लगा। पीड़िता का कहना है कि आरोपी मोटर साईकिल चालक प्रीतम सिंह अगर उसके पिता को घटना के तुरंत बाद अस्पताल ले जाता तो शायद उनकी जान बच सकती थी। पीड़िता ने बाइक सवार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कारवाई की मांग की है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# चम्पावत-दिल्ली रोडवेज बस पर ब्रेक

**चम्पावत :** चम्पावत से 4 मई से दिल्ली के लिए संचालित बस सेवा पर ब्रेक लग गए हैं। यह बस 6 जून से बंद हो गई है। अब यह बस चम्पावत के बजाय 13 किमी दूर लोहाघाट से चलाई जा रही है। चम्पावत से चलने वाली बस सेवा को बंद करने से लोगों में नाराजगी है। चम्पावत से लोहाघाट-खेतीखान-शहरफाटक-हल्द्वानी होते हुए दिल्ली तक की लोहाघाट डिपो की बस सेवा 4 मई से शुरू की गई थी।

बस सेवा को अभी एक माह ही बीता था, कि इस सेवा पर ब्रेक लग गया है। चम्पावत के बजाय यह बस सेवा 5 जून से लोहाघाट से संचालित की जा रही है। लोहाघाट के सहायक मंडलीय प्रबंधक धीरज वर्मा का फोन रिसीव नहीं होने से बस सेवा को बंद कराने की वजह का पता नहीं चल सका। वहीं चम्पावत बस स्टेशन के प्रभारी सतीश कुमार ने बताया कि लोड फैक्टर के अलावा बस के स्टाफ को चम्पावत से बस को संचालित करने में असुविधा हो रही थी। इस कारण प्रबंधन ने बस को चम्पावत के बजाय लोहाघाट से संचालित किया है। वहीं अब रोडवेज की चम्पावत से टनकपुर होते हुए नैनीताल के लिए एकमात्र रोडवेज बस सेवा चल रही है।

# एसएसबी ने परिवार से बिछड़े बच्चे को परिजनों से मिलाया

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार :** सशस्त्र सीमा बल 57वीं वाहिनी के कमांडेंट मनोहर लाल कमांडेंट की सूझबूझ से परिवार से बिछुड़ा बच्चा परिजनों को मिल गया। एसएसबी ने सीमा सुरक्षा के साथ-साथ जनसेवा का भी उदाहरण पेश किया है।

शनिवार को सीमा चौकी लालकोठी, सीमलघाट के समीप धनुष पुल क्षेत्र में तैनात फॉरेस्ट गार्ड दल को एक अज्ञात बालक दिखाई दिया। जिसे तत्परता से सशस्त्र सीमा बल के जवान अपनी चौकी ले आए। चौकी पर पहुंचाने के उपरांत जवानों ने बालक से पूछताछ की और तत्पश्चात काफी खोजबीन व स्थानीय संपर्क के माध्यम से उसके परिजनों की पहचान सुनिश्चित की। बालक की पहचान पियूष चंद पुत्र गोरख चंद निवासी ग्राम धनुष पुल (मझगांव) के रूप में हुई। एसएसबी के जवानों ने बालक को ग्राम प्रहरी एवं ग्राम समिति सदस्यों की उपस्थिति में पिता गोरख चंद के सुपुर्द कर दिया। एसएसबी की यह पहल न केवल राष्ट्रीय कर्तव्यनिष्ठा का परिचायक है बल्कि यह दिखाता है कि बल की भूमिका सिर्फ रक्षा तक सीमित नहीं बल्कि जनमानस के प्रति उत्तरदायित्व और सेवा भावना से भी जुड़ी है। इस मानवीय प्रयास के लिए सशस्त्र सीमा बल की संपूर्ण टीम का परिवार व गांव वासियों ने आभार जताया।


खटीमा में गुम हुआ बच्चा अपने परिजनों के साथ। ● अमृत विचार

# मामूली बात पर दो भाइयों ने युवक पर किया हमला

- पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी भाइयों के खिलाफ दर्ज किया मुकदमा
- मारपीट में युवक के हाथ में दो जगह फ्रैक्चर हुआ

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत निकटवर्ती ग्राम कुरैया में दो भाइयों ने मामूली बात पर एक युवक पर लाठी डंडों एवं धारदार हथियार से हमला कर दिया। घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर जांच एवं कार्रवाई शुरू कर दी है।

कोतवाली अंतर्गत ग्राम कुरैया निवासी पीड़ित चन्द्र पाल पुत्र नत्थू लाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि ग्राम निवासीगण लाल सिंह एवं महेन्द्र पुत्रगण भीमसेन ने पीड़ित से खेती की बात को लेकर बेवजह विवाद शुरू कर दिया। आरोपियों ने रास्ते में घेरकर गालियां देते हुए उसके साथ लात घूंसों व लाठी-डन्डों से मारपीट की। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

घटना में उसका हाथ दो जगह से फैक्चर हो गया है और हमले में पीड़ित को गंभीर चोट लग गई। शोर-शराबा सुनकर मौके पर पहुंचे पड़ोस के लोगो ने बमुश्किल उसकी जान बचाई।

पीड़ित के अनुसार आरोपी भविष्य में जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# केपीएल का उद्घाटन मैच ओजी क्लब की टीम ने जीता

- स्ट्राइकर को 49 रनों से हराया
- विधायक भुवन चंद्र कापड़ी ने किया उद्घाटन

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार :** कंजाबाग प्रीमियर लीग के उद्घाटन मैच में ओजी क्रिकेट क्लब ने खटीमा स्ट्राइकर को 49 रनों से हराकर दूसरे चक्र में प्रवेश कर लिया। एकलव्य विद्यालय के मैदान पर आयोजित कंजाबाग प्रीमियर लीग (केपीएल) का उद्घाटन विधायक भुवन चंद्र कापड़ी ने फीता काटकर किया गया। भुवन चंद्र कापड़ी और रमेश रौतेला प्रदेश महामंत्री कांग्रेस अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

उद्घाटन मैच ओजी क्रिकेट क्लब और खटीमा स्ट्राइकर के बीच खेला गया। खटीमा स्ट्राइकर ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का निर्णय लिया। ओजी क्रिकेट क्लब के युवराज (50) के अर्धशतक और रचित पांडे के 35 रनों की पारी के बदौलत निर्धारित 8 ओवर में 106 रन बनाए। खटीमा स्ट्राइकर की ओर से ललित ने एक विकेट हासिल किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी खटीमा स्ट्राइकर की टीम मात्र 57 रन बना सकी और मैच 49 रन से हर गई। खटीमा स्ट्राइकर की ओर से मात्र बबलू ने 12 बनकर दहाई के अंक में पहुंच सका। ओजी क्रिकेट क्लब की तरफ से दीपांशु ओझा और अक्षत ने 2-2 विकेट लिए। अंपायर की भूमिका रंजीत मेहरा और राहुल अधिकारी ने निभाई। स्कोरर भविष्य सिंह रहे और आंखों देखा हाल हीरा ने सुनाया। इस अवसर पर निशु, आयुष पाण्डेय, भूपेंद्र फुलेरा, जहीन, डी कुमार, विवेक, हर्षित, अनस, मोहसिन, अंशु मौजूद थे।


खटीमा में केपीएल मैच के उद्घाटन अवसर पर खिलाड़ियों के साथ विधायक कापड़ी।

# कवयित्री बसंती सामंत नेपाल में हुईं सम्मानित


नेपाल में सम्मान प्राप्त करतीं बिरिया मझोला की बसंती सामंत।

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार :** प्रज्ञा प्रतिष्ठान कैलाली धनगढ़ी नेपाल में आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कवि सम्मेलन में बिरिया मझोला की कवयित्री बसंती सामंत के साहित्यिक क्षेत्र में दिए गए उनके योगदान को सराहा गया।

इसके लिए उन्हें सम्मानित किया गया। यह सम्मान उप कुलपति डॉ. टीएन जोशी द्वारा दिया गया। कवयित्री सामंत में पहलनाम सिंह स्वांर स्मृति सम्मान एवं पुरस्कार के प्रति आभार व्यक्त किया। इस मौके पर कवियत्री बसंती सामंत ने स्वरचित रचना स्पर्श तुम्हारी सांसों का हो निशब्द सा फिर आलिंगन हो प्रस्तुत की। साहित्यिक सम्मेलन में भारत और नेपाल के कई वरिष्ठ साहित्यकार सम्मिलित रहे।

# 50 मीटर दूर मिला नहर में डूबे युवक का शव

- शनिवार को दोस्तों के साथ सूखी नहर में नहाने गया था युवक
- युवक का शव मिलने के बाद परिवार में मचा कोहराम

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार :** सूखी नहर में शनिवार शाम नहाते समय डूबे युवक का शव पुलिस ने रविवार को बरामद कर लिया। पुलिस ने शव घटनास्थल से करीब 50 मीटर दूर नहर से बरामद किया। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया है।

ग्राम नगला, नानकमत्ता निवासी मोहित राणा (21) पुत्र इंदर सिंह राणा शनिवार को तीन साथियों के साथ लोहियाहेड में शारदा नहर के बाइपास के पास सूखी नहर में नहाने के लिए आया था। नहाते समय अचानक वह डूब गया। जिससे परिवार में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही शनिवार को मौके पर पहुंची झनकईया थाना पुलिस ने खोजबीन शुरू की लेकिन युवक का कही कोई पता नहीं चल सका। दूसरे दिन रविवार को पुलिस के साथ ही पीएसी के जवानों ने भी युवक की तलाश शुरू की और उन्हें सफलता मिली। पीएसी के जवानों ने घटनास्थल से करीब 50 मीटर दूर युवक का शव बरामद किया।


खटीमा के लोहियाहेड स्थित सूखी नहर में युवक की तलाश करते पीएसी के जवान। ● अमृत विचार

# घाटा पूरा करने को जूझ रहा रुद्रपुर डिपो प्रबंधन

संवाददाता, रुद्रपुर

- प्रतिदिन हो रहा दो से तीन लाख का नुकसान
- आय बढ़ाने के लिए डिपो में टास्क फोर्स की लगाई गई है ड्यूटी

**अमृत विचार :** उत्तराखंड परिवहन निगम की बस में यात्रियों को बस में बैठाने के लिए टास्क फोर्स का गठन किया गया है। यह टास्क फोर्स रुद्रपुर डिपो को प्रतिदिन हो रहे दो से तीन लाख के नुकसान की कमी को पूरा करने में जुटी हुई है। यह टास्क फोर्स एक माह तक कार्य करेगी।

विगत दिनों मुख्यालय से महाप्रबंधक (संचालन) ने आदेश के बाद रुद्रपुर डिपो में एआरएम ने टास्क फोर्स का गठन कर उन्हें ड्यूटी में लगा दिया था। इसमें स्टेशन इंचार्ज (एसएसआई व जेएसआई) के साथ ही लिपिकों और कार्यालय सहायकों को शामिल किया है। कार्यालय सहायकों की ड्यूटी सप्ताह में दो दिन लगाई जा रही है। रुद्रपुर डिपो के सहायक महाप्रबंधक केएस राणा ने बताया कि पहलगाम घटना का प्रभाव परिवहन निगम की बसों में पड़ रहा था। यात्रियों की संख्या काफी कम हो रही थी। इससे निगम को काफी नुकसान हो रहा था। भरपाई के लिए टास्क फोर्स का गठन किया गया है। बताया कि टास्क फोर्स की एक रजिस्टर बस स्टेशन से संचालित बस का नंबर, बस का प्रकार, मार्ग का नाम और बस में बैठाये गये यात्रियों की संख्या का विवरण अंकित कर रही है। रजिस्टर की मॉनिटरिंग भी की जा रही है। इससे यात्रियों की संख्या भी पहले से बढ़ी है।

# जमानत पर आए आरोपी का पीड़ित पर हमला

संवाददाता, किच्छा

- हमले में कई लोग घायल खौफजदा परिवार अन्यत्र रहने को विवश
- पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की

**अमृत विचार :** कोतवाली अंतर्गत सुभाष नगर बंगाली कॉलोनी में नाबालिग पुत्री को भगाए जाने के बाद दो पक्षों में शुरू हुआ विवाद लगातार बढ़ता जा रहा है। पुलिस की लापरवाही के चलते आरोपियों द्वारा बार-बार पीड़ित पक्ष पर हमला कर जान से मारने की धमकियां दी जा रही है। लगातार हमले होने से परेशान पीड़ित पक्ष परिवार के साथ अन्यत्र रहने को मजबूर है। फिलहाल पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली पुलिस को दी शिकायत में सुभाष नगर बंगाली कॉलोनी निवासी देबू मंडल पुत्र संतोष मंडल ने कहा कि उसकी नाबालिग पुत्री को वार्ड निवासी दीपक मजूमदार पुत्र गोपाल मजूमदार बहला फुसलाकर भगा ले गया था जिसकी रिपोर्ट पीड़ित द्वारा पुलिस में दर्ज कराई गई थी। इसके बाद पुलिस ने आरोपी दीपक मजूमदार को जेल भेज कर नाबालिग को बरामद कर लिया था। बताया कि दीपक मजूमदार दबंग व आपराधिक किस्म का युवक है और जेल से जमानत पर बाहर आने के बाद उसके द्वारा पीड़ित की पुत्री तथा परिवार को जान से मारने की खुलेआम धमकी दी गई। पीड़ित के अनुसार 2 मई की सुबह पीड़ित को घर से किच्छा आते समय दीपक मजूमदार ने घेर लिया और हाथापाई व मारपीट शुरू कर दी। इसी बीच मौके पर पहुंचे पीड़ित के पुत्र अमित मंडल ने बीच बचाव कर दिया। बताया कि शाम के समय पुत्र अमित मंडल अपनी दादी मीरा मंडल की सब्जी एवं फल की दुकान पर बैठा हुआ था इसी दौरान दीपक मजूमदार, अमर मजूमदार, राकेश मजूमदार, अनिल मजूमदार, धीरज मजूमदार, कमल मजूमदार, विकास विश्वास, प्रकाश विश्वास, दीपक बासु सहित अन्य लोगों ने एक राय होकर पीड़ित के पुत्र अमित पर हमला बोल दिया तथा बीच बचाव को आई 70 वर्षीय दादी मीरा मंडल के साथ भी मारपीट की। घटना में घायल अमित तथा मीरा मंडल को इलाज के लिए सरकारी अस्पताल के बाद चिकित्सकों ने गंभीर अवस्था में हायर सेंटर रेफर कर दिया।

जिसकी सूचना पीड़ित द्वारा कोतवाली पुलिस को दी गई थी। पीड़ित ने बताया कि 5 मई को आरोपियों सहित बाहर से बुलाए गए कुछ अन्य लोगों ने पीड़ित की बहन कल्पना देवी पर उस समय मारपीट कर दी, जब वह अपने घर के बाहर खड़ी थी। घटना में कल्पना देवी को भी गंभीर चोट लगी है। बीच बचाव को आए सुरेश मंडल, कबीर मंडल एवं नवदीप मंडल के साथ भी आरोपियों ने मारपीट कर उन्हें घायल कर दिया। पीड़ित ने मारपीट की घटनाओं की मोबाइल रिकॉर्डिंग पुलिस को सौंपते हुए बताया कि आरोपियों द्वारा खुलेआम क्षेत्र में पीड़ित तथा उसके परिवार के पक्ष में गवाही देने एवं पीड़ित की मदद करने पर जान से मारने की धमकियां दी जा रही है, जिसके चलते पीड़ित अपने परिवार के साथ ससुराल में रहने को विवश है। फिलहाल पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# चम्पावत के नए ईओ बने भरत त्रिपाठी



**चम्पावत :** चम्पावत नगर पालिका को करीब 1 महीने बाद नए अधिशासी अधिकारी मिल गए हैं। भरत त्रिपाठी ने नए ईओ के रूप में यहां कार्यभार ग्रहण कर लिया है। अल्मोड़ा नगर निगम में सहायक नगर आयुक्त के पद पर तैनात त्रिपाठी का मई के अंतिम सप्ताह में चम्पावत स्थानांतरण हुआ था। चम्पावत के ईओ अशोक वर्मा के 30 अप्रैल को सेवानिवृत्त होने से यह पद खाली था। नवागत अधिशासी अधिकारी भरत त्रिपाठी ने शहर की सफाई व्यवस्था, पथ प्रकाश सहित तमाम बुनियादी सुविधाओं को बेहतर करने को अपनी मुख्य प्राथमिकता बताया। उन्होंने कहा कि पालिकाध्यक्ष प्रेमा पांडेय के दिशा निर्देशन में चम्पावत को आदर्श नगर पालिका बनाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कार्य को अंजाम तक पहुंचाने के लिए पालिका के पार्षदों व स्थानीय जनता से सहयोग की भी अपील की।

# यूकेडी ने सदस्यता अभियान में तेजी लाने पर दिया जोर

संवाददाता, शांतिपुरी

**अमृत विचार :** शांतिपुरी में उत्तराखंड क्रांतिदल के जिलाध्यक्ष एमसी पाण्डेय के निवास पर रविवार को पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। जिसमें केंद्रीय उपाध्यक्ष आनंद सिंह असगोला ने सदस्यता अभियान पर चर्चा करते हुए सदस्यता प्रभारियों से अभियान में तेजी लाने को कहा।

इस दौरान उन्होंने ऊधमसिंह नगर जिले की आवासीय कालोनियों में अवैध कल कारखाने चलने की बात कही। उन्होंने कहा कि यहां विधुत विभाग द्वारा मनमाने ढंग से बिजली की हाईटेंशन लाइनें डाली गई हैं। जिससे लोगों की जान माल के लिए खतरा बना हुआ है। जबकि कल कारखाने चलाने के लिए अलग से सिडकुल खोला गया है। विधुत विभाग एवं जिला प्रशासन ने समय रहते इस पर रोक नहीं लगाई तो भविष्य में बड़ा नुकसान हो सकता है l बैठक के उपरांत केन्द्रीय उपाध्यक्ष असगोला ने भारतीय डाक विभाग के सेवानिवृत कर्मी हरीश चंद्र पाण्डेय की माता जी के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की और उनके आवास पर जाकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस दौरान पूर्व विधायक प्रत्याशी जीवन सिंह नेगी, जिला मीडिया प्रभारी भानू मेहरा, युवा अध्यक्ष गोविन्द मेहरा, विशन सिंह मेहरा, गोविन्द सिंह पटवाल, बहादुर नेगी, गोविन्द पाण्डेय आदि लोग मौजूद रहे।


शांतिपुरी में बैठक के लिए पहुंचे उक्रांद पदाधिकारी। ● अमृत विचार

## सार-संक्षेप



सरस्वती शिशु मंदिर में वाटर कूलर भेंट करतीं अग्रवाल महिला समिति की सदस्य।

### सरस्वती शिशु मंदिर को वाटर कूलर किया भेंट

**सितारगंज** : अग्रवाल महिला समिति सितारगंज के प्रयास से समाजसेवी संतोष कुमारी कंसल ने सरस्वती शिशु मंदिर, सितारगंज में पति स्व. ओम प्रकाश कंसल की स्मृति में विद्यालय को एक वाटर कूलर भेंट किया। जिससे विद्यालय के बच्चों को अब गर्मी के मौसम में शीतल एवं स्वच्छ पेयजल प्राप्त हो सकेगा। इस अवसर पर पर्यावरण के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से श्रीमती कंसल ने अपनी माता जी के नाम एक पौधा भी रोपित किया। उन्होंने विद्यालय के बच्चों एवं उनके अभिभावकों से अपने जन्मदिन व शादी की सालगिरह जैसे विशेष अवसरों पर अपनी माताओं के नाम से एक-एक पौधा अवश्य लगाने का आह्वान किया। उनकी इस पहल को सभी ने सराहा और इसे समाज के लिए अनुकरणीय बताया। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधक शिवपाल सिंह चौहान, पवन वडसीवाल, विद्यालय अध्यक्ष नरेश कंसल, कोषाध्यक्ष अविनाश जिंदल, आचार्य चन्द्रमान सहित अग्रवाल महिला समिति की प्रदेश महामंत्री सरोज कंसल, पूर्व अध्यक्ष नीरू कंसल, महामंत्री पूनम अग्रवाल, उमा गुप्ता, मोना सिंघल, सीमा सिंघल, मेघा अग्रवाल सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने संयुक्त रूप से समिति के इस पुनीत कार्य की प्रशंसा करते हुए आभार प्रकट किया और ऐसे प्रयासों को समाज में प्रेरणा स्रोत बताया।



रोटरी क्लब की ओर से नैब में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मौजूद पदाधिकारी।

### रोटरी क्लब ने नैब में 8 कंप्यूटर, 8 मेज व 8 कुर्सियां कीं दान

**हल्द्वानी** : रोटरी क्लब की ओर से गौलापार स्थित नैब (नेशनल स्कूल फॉर द ब्लाइंड्स) में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में कंप्यूटर लैब का लोकार्पण किया। इस दौरान दृष्टिहीन छात्रों के लिए 8 कंप्यूटर, 8 मेज और 8 कुर्सियां दान की गई। कार्यक्रम का उद्घाटन रोटरी क्लब हल्द्वानी के अध्यक्ष और मैनेजिंग डायरेक्टर देवेंद्र अग्रवाल ने किया। मनोज शाह ने इस प्रोजेक्ट के बारे में जानकारी दी। जबकि सविता लाहोटी ने काशी विश्वनाथ स्टील और रोटरी क्लब हल्द्वानी का धन्यवाद किया। यह सहयोग काशी विश्वनाथ स्टील और काशीपुर के सीएसआर फंड से प्राप्त हुआ। इस मौके पर रोटरी क्लब हल्द्वानी के सदस्य विनय लाहोटी, रमेश शर्मा, विजय शर्मा, अनिल कर्नाटक, पीएस पपोला, आरआर आर्य, अनिल जोशी, सुनील जोशी, गिरीश गुप्ता, आशीष दुमका, कुबेर आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन रोटरी क्लब काशीपुर के सदस्य राज मल्होत्रा के वोट ऑफ थैंक्स से हुआ।

### आज होगा आरएसएस का प्रशिक्षण समापन

**हल्द्वानी, अमृत विचार** : हर साल की तरह इस साल भी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शिक्षा वर्ग (शालेय विद्यार्थी) का एपीएस स्कूल लामाचौड़ में समापन होगा। बीते 25 मई से प्रदेशभर के 512 स्वयंसेवी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। संघ के जिला संयोजक डॉ. नीलांबर भट्ट ने बताया कि आज (सोमवार) शाम 5:30 बजे से एपीएस स्कूल में कार्यक्रम आयोजित होगा।

### नीलामी के विरोध में दूसरे दिन भी प्रतिष्ठान रखे बंद

**बनबसा** : रेलवे विभाग द्वारा पांच दुकानों की नीलामी के लिए 10 जून को पीलीभीत में खुली बोली के विरोध में व्यापारियों ने दूसरे दिन भी प्रतिष्ठान बंद रखे। व्यापार मंडल अध्यक्ष भरत भंडारी ने बताया कि चालीस वर्षों से रेलवे की भूमि पर दुकान बनाकर व्यापार करने वाले व्यापारियों को नियमानुसार रेलवे किराए में बढ़ोतरी कर दे, लेकिन खुली बोली बोलने पर मौजूद व्यापारियों को नुकसान है।

# प्रस्ताव मिला तो सलेमपुर का नाम अहिल्याबाई के नाम पर करेंगे : धामी

## सीएम धामी लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की त्रिशताब्दी जयंती कार्यक्रम में हुए शामिल

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार** : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हरिद्वार में धनगर समाज की ओर से लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की त्रिशताब्दी जयंती कार्यक्रम में हिस्सा लिया। उन्होंने ग्राम सभा सलेमपुर का नाम प्रस्ताव एवं अनापत्ति आने पर लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के नाम पर रखने की घोषणा की।

सीएम धामी ने कहा कि पाल-धनगर समाज प्राचीन काल से पशुधन आधारित अर्थव्यवस्था का प्रमुख आधार रहा है। इसने न केवल देश की प्रगति और उन्नति में महत्वपूर्ण योगदान दिया बल्कि समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संजोने और आगे बढ़ाने में भी अहम भूमिका निभाई है। आज भी यह समाज अपनी मेहनत, निष्ठा और आत्मसम्मान के बल पर आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। उन्होंने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर नारीशक्ति का श्रेष्ठतम उदाहरण हैं उनका सम्पूर्ण जीवन सनातन जीवन मूल्यों और भारतीय संस्कृति की पुनर्प्रतिष्ठा के लिए समर्पित रहा। उन्होंने काशी विश्वनाथ, सोमनाथ, द्वारका, रामेश्वरम्, अयोध्या और मथुरा, देवभूमि के बद्रीनाथ, केदारनाथ और हरिद्वार में मंदिरों और घाटों का पुनर्निर्माण कराया। रानी ने उस कालखंड में नारी सशक्तिकरण की ऐसी अनुपम मिसाल पेश की जिसकी कल्पना कर पाना भी उस समय कठिन था। उन्होंने कहा कि हरिपुर कालसी में यमुनातीर्थ स्थल के पुनरोद्धार की दिशा में भी प्रयास कर रहे हैं। हरिद्वार-ऋषिकेश कॉरिडोर के साथ शारदा कॉरिडोर के निर्माण भी किया जा रहा है। इस दौरान राज्यमंत्री डॉ. जयपाल सिंह चौहान, ओम प्रकाश जमदग्नि, न्यायमूर्ति लोकपाल सिंह, विधायक आदेश चौहान, जिलाध्यक्ष आशुतोष शर्मा, प्रणव सिंह चैंपियन, नगर पालिका अध्यक्ष राजीव शर्मा, अपर सचिव अनुराधा पाल रहे।





कार्यक्रम के दौरान सीएम पुष्कर सिंह धामी को स्मृति चिह्न देते आयोजक। ● अमृत विचार



कोसी नदी में नहाने के लिए उतरे सैकड़ों लोग। ● अमृत विचार

# गिरिजा मंदिर में उमड़ रहा आस्था का सैलाब

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** गिरिजा देवी मंदिर में श्रद्धालुओं का सैलाब इन दिनों जमकर उमड़ रहा है। मंदिर में माता के दर्शन करने के लिए लोगों को चिलचिलाती धूप में घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। काशीपुर, मुरादाबाद, हल्द्वानी, रुद्रपुर, बरेली सहित कई जगहों से रविवार और स्कूलों में अवकाश के कारण प्रतिदिन यहां पहुंच रहे हैं।

बड़ी संख्या में लोग माता के दर्शन करने के लिए पहुंच रहे हैं। हालात यह है कि मंदिर की तलहटी पर स्थित कोसी नदी में स्नान करने के लिए हजारों लोग उतरे हुए थे। उन्हें रोकने और टोकने की जहमत भी प्रशासन द्वारा नहीं उठाई गई। इस समय मानसून सिर पर है। नदी में कभी भी बाढ़ का पानी उफान पर आ सकता है। कोसी नदी में अक्सर बाहर से आने वाले श्रद्धालु या पर्यटकों के डूबने की खबरें आम हो चली है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि माता के दर्शन करने के लिए केवल 100-100 लोगों के जत्थे बनाकर मंदिर में भेजे जाए। साथ ही नदी में स्नान करने पर रोक लगाई जाए।

# लाखों श्रद्धालु पहुंच रहे पूर्णागिरि धाम

**आस्था**

- रविवार को 25 हजार श्रद्धालुओं ने शीश नवाया
- मां पूर्णागिरि धाम का मेला 15 जून को संपन्न होगा

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचार:** सरकारी तौर पर सुप्रसिद्ध मां पूर्णागिरि धाम मेला समापन की ओर बढ़ रहा है, वैसे ही इस समय धाम में भारी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए उमड़ रहे हैं। कुछ समय श्रद्धालुओं की आमद कम होने के बाद अब फिर से मां पूर्णागिरि धाम में भारी भीड़ उमड़ रही है।

मां पूर्णागिरि मंदिर समिति के अध्यक्ष पंडित किशन तिवारी ने बताया कि रविवार को 25 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने देवी मां के दर्शन किए। भारी भीड़ के चलते मेला क्षेत्र में चहलपहल बढने के साथ ही कारोबारी गतिविधियों में भी तेजी आ रही है। लेकिन वहीं सरकारी मेले का काउंट डाउन शुरू हो गया है। मेले की अवधि पूरी होने में अब बस एक हफ्ता बाकी है। ऐसे में तीर्थ यात्रियों के लिए जरूरी व्यवस्थाओं को लेकर संशय है। 15 मार्च से शुरू सरकारी मेला 15 जून को संपन्न होगा। मई के अधिकांश समय उत्तर प्रदेश में खेती और भीषण गर्मी के चलते श्रद्धालुओं की आमद कम रही। लेकिन अब जून में फिर से धाम में तीर्थयात्रियों की संख्या में तेजी आई है। रविवार को 25 हजार से अधिक तीर्थयात्रियों ने देवी दर्शन किए हैं। रात के अलावा दिन के वक्त भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की आवाजाही से मेला क्षेत्र में चहलपहल बढने के साथ कारोबार में भी इजाफा हो रहा है। वहीं पड़ोसी देश नेपाल के महेंद्र नगर व ब्रह्मदेव मंडी स्थित सिद्धनाथ मंदिर में भी भारी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं।



मां पूर्णागिरि धाम में दर्शन की प्रतीक्षा में खड़े श्रद्धालु। ● अमृत विचार

# अनूप अग्रवाल के पूर्व पार्टनरों का विधायक गदरपुर से सीधा सवाल

- प्रेस वार्ता कर कहा-विधायक पांडे हमारा पक्ष भी सुनें और समाधान कराएं

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** नगर में चल रहे चर्चित अनूप अग्रवाल मामले में रविवार को उनके पूर्व पार्टनरों ने भी एंट्री करते हुए अपनी बात रखी है। पूर्व पार्टनरों ने गदरपुर विधायक अरविंद पांडे से सीधा सवाल करते हुए पूछा है कि यदि गदरपुर विधायक अरविंद पांडे अनूप अग्रवाल की माता से मिलकर उनका दुख बांट सकते हैं तो वह उनसे भी मिलें। उनके घर में भी एक मां है जो परेशान हैं। उन्होंने दावा किया कि अनूप अग्रवाल के ऊपर उनका 40 करोड़ रुपये का बकाया है, जिसके चलते वह भी परेशान हैं। विधायक उनका पक्ष भी सुनें और समाधान करवाएं।

प्रेस वार्ता में गुरविंदर बाजवा, राजू बाजवा और गुरप्रेज बाजवा ने कहा कि बीते दिन गदरपुर विधायक अरविंद पांडे ने कहा था कि कुछ लोगों ने गुंडागर्दी कर अनूप अग्रवाल का पैसा हड़प लिया। कहा कि विधायक पांडे ने एक पक्ष को जाने बिना ही हमें गुंडा बता दिया। कहा कि वह सिर्फ अनूप अग्रवाल के विधायक नहीं हैं, हमारे भी विधायक हैं। उन्हें हमारा पक्ष भी सुनना चाहिए था। उन्होंने कहा कि, अनूप अग्रवाल द्वारा उनके साथ धोखाधड़ी की गई है, जिसकी शिकायत उन्होंने पहले भी 23 मार्च को प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से की थी लेकिन हमारी शिकायत पर कोई कार्यवाही नहीं हुई।

**विधायक पांडे आएं और फैसला कराएं** : प्रेस वार्ता के दौरान गुरविंदर बाजवा आदि ने दावा करते हुए कहा कि, वर्ष 2016 में उन्होंने अनूप अग्रवाल के कहने पर अपनी जमीन पर स्टोन क्रशर खोला था जिसका वर्ष 2017 में प्रोडक्शन शुरू होने के बाद से अब तक कोई लाभ नहीं मिला। उसमें अनूप अग्रवाल से हिसाब मांगने पर कुछ भी नहीं दिया गया। वर्तमान में उनके ऊपर करोड़ों रुपये की देनदारी हो चुकी है। देनदार रोजाना उनके पास पहुंच रहे हैं। क्रशर सीज होने की नौबत आ गई है। विधायक पांडे ने सिर्फ एक पक्ष सुना लेकिन हमारा पक्ष नहीं सुना। प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने गदरपुर विधायक से मांग की है कि वह आएं और उनकी समस्या का फैसला कराएं। इधर, इस मामले में एएसपी अभय सिंह का कहना है कि पीड़ितों की शिकायत पर जांच की जा रही है। जांच के बाद कार्यवाही की जाएगी।



काशीपुर में प्रेस वार्ता करते पीड़ित। ● अमृत विचार

# डायरिया के बढ़ते खतरे के बीच वार्ड में कीटनाशक छिड़का

- घर-घर पहुंची चिकित्सकों की टीम, दवा वितरण किया गया
- डोर टू डोर जाकर लोगों को किया जागरूक

संवाददाता, सितारगंज

**अमृत विचार:** नगर के वार्ड संख्या-3 एवं 4 में डायरिया संक्रमण के मामलों में हो रही निरंतर वृद्धि को देखते हुए नगर पालिका प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग ने संयुक्त रूप से बड़ा कदम उठाया है। रविवार को नगर पालिका अध्यक्ष सुखदेव सिंह चिकित्सकों की टीम के साथ स्वयं भी प्रभावित इलाकों में पहुंचे और डोर-टू-डोर जाकर लोगों को जरूरी दवाएं वितरित कीं। इस दौरान नालियों और जलभराव वाले स्थानों पर संक्रमण को नियंत्रित करने के उद्देश्य से व्यापक स्तर पर कीटनाशक दवाओं का छिड़काव भी कराया गया।

नगरपालिका अध्यक्ष सुखदेव सिंह ने वार्डवासियों से संक्रमण से बचाव के लिए स्वच्छता का पालन करने की अपील की है। उन्होंने लोगों से पानी उबालकर पीने और बीमार होने पर तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करने को कहा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि नगर पालिका पूरी तरह से अलर्ट मोड पर है और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए सभी जरूरी संसाधन जुटा लिए गए हैं। वहीं स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मौके ने लोगों को संक्रमण के लक्षण, बचाव और उपचार संबंधी जानकारी दी। उन्होंने आश्वासन दिया कि डायरिया की इस स्थिति पर जल्द ही नियंत्रण पा लिया जाएगा। प्रशासनिक सक्रियता और जनसहयोग के चलते इन वार्डों में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक मजबूत किया जा रहा है।



नगर पालिका अध्यक्ष सुखदेव सिंह व स्वास्थ्य विभाग दवाइयां वितरित करते हुए।

## वर्ग पहेली- 456

**बाएं से दाएं**


1. 1. व्यभिचारिणी स्त्री 2. बिना विवाह किए रखी हुई स्त्री, रखैल, उपपत्नी।

4. 1. सूत्र 2. नियम, नुस्खा 3. विधि, सिद्धांत 4. किसी काम को करने का तरीका, गुर, तरकीब, जैसे- फ़िल्म हिट करने का फ़ॉरमूला 5. सांकेतिक भाषा में तथ्यों का विवरण 6. औषधि या दवाई के घटक तथा उसे बनाने की विधि 7. मतभेद सुलझाने या समझौता कराने का उपाय।

5. 1. वह कर्मचारी जिसपर किसी कार्य का दारोमदार या पूरा दायित्व हो 2. स्तंभ 3. राज्य का प्रमुख

6. नट, कलाबाज़ी दिखाने वाला व्यक्ति।

**ऊपर से नीचे**



1. धरती पर गिरा हुआ, भूमिसात।

2. 1. नागरमोथा घास की एक जाति 2. एक तृण जिससे चटाई बनाई जाती है 3. गोनरा या गोनी नामक घास।

3. 1. जिसमें ज़ोर या शक्ति हो, ज़ोरवाला, बलशाली 2. तेज़, प्रबल, तीव्र 3. ज़बरदस्त, उत्साहवर्धक 4. आग्रहयुक्त, जैसे- ज़ोरदार अनुशंसा।

5. सामूहिक रूप से नमाज़ अदा करने के लिए मस्जिद से होने वाली पुकार या बुलावा।

### वर्ग पहेली -455 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 के | | 2 धू |
| | 3 र | | फ़े | | पि |
| | स | | 4 टि | कि | या |
| | धा | | रि | | |
| 5 क | र | छि | या | | 6 दि |
| रे | | | | | खा |
| 7 ल | घु | चे | ता | | ना |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 9 जून, सोमवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी-09.35 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

**मेष** : आज आप बच्चों के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं। घर और ऑफिस में बड़ी ज़िम्मेदारी उठा सकते हैं। शरीर में ताजगी महसूस होगी। अल्पश्रम से अधिक लाभ की प्राप्ति होगी। परिवार के सभी सदस्य आपके खुश रहेंगे। खट्टा भोजन करने से बचें।

**वृष** : आज कानूनी मामलों में विजय प्राप्त होगी। जॉब में इच्छित स्थानान्तरण मिल सकता है। अपनी कमजोरियों को दूर करने के लिए प्रतिबद्ध रहें। अपने विचारों को महत्व देंगे। गठिया के रोगियों का कष्ट बढ़ सकता है। कठिन संघर्ष के बाद ही काम बनेंगे।

**मिथुन** : आज नव दंपतियों के मध्य प्रेम बढ़ेगा। फिल्म और चिकित्सा क्षेत्र में बेहतरीन लाभ मिल सकता है। भाई-बहनों के साथ रिश्ते मधुर रहेंगे। मित्र आपकी मदद करने का प्रयास करेंगे। अधिकारी आपकी योग्यता से काफी प्रसन्न रहेंगे।

**कर्क** : आज आपको परिजनों का विशेष स्नेह मिलेगा। जॉब में अपनी योग्यता प्रदर्शित कर पायेंगे। दांपत्य जीवन में आपसी समन्वय बढ़ेगा। कोई मूल्यवान वस्तु खरीद सकते हैं। आत्मविश्वास में कमी आने के योग बन रहे हैं। उच्चाधिकारियों के साथ संबंध खराब न करें।

**सिंह** : आज जीवनसाथी को पूरा समय दें। संतान की उन्नति से प्रसन्नता होगी। कुछ नया काम करने की इच्छा रहेगी। परिवार और दोस्तों के साथ संबंध अच्छे रहेंगे। मार्केटिंग और प्रमोशन आदि से जुड़े कार्यों में सफलता मिलेगी। प्रेम संबंधों में निकटता का एहसास होगा।

**कन्या** : आज आय के नए स्रोत मिल सकते हैं। नए विचारों को आगे बढ़ाने का प्रयास करेंगे। आपकी सलाह से लोगों का हित होगा। अपनी प्रतिभा का बेहतरीन उपयोग कर पायेंगे। अचानक विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। आपके विनम्र आचरण पर लोग मुग्ध रहेंगे।

**तुला** : आज कार्यक्षेत्र में सोच-समझकर निर्णय लें। ऑफिस में सभी तकनीक समस्याओं को दूर करने में सफल होंगे। मीडिया से जुड़े जातकों की आय बढ़ सकती है। मानसिक रूप से शांत रहेंगे। आपके काम की ऑफिस में प्रशंसा होगी।

**वृश्चिक** : आज शासकीय कर्मचारियों के लिए समय उत्तम है। नवीन पदस्थापना मिल सकती है। घर में मेहमान आ सकते हैं। सर्विस सेक्टर से जुड़े व्यवसायों में तेजी देखने को मिलेगी। प्रतियोगी परीक्षा में सफलता मिल सकती है। स्वास्थ्य की छोटी-छोटी समस्याओं से पीड़ित रहेंगे।


**धनु** : आज व्यापार में विस्तार करने की योजना बना सकते हैं। गृहस्थ जीवन की समस्याओं का निराकरण कर लेंगे। राजनीति में आपकी पकड़ मजबूत हो सकती है। जीवनसाथी के साथ संबंध मधुर होंगे। सेहत की दृष्टि से समय अच्छा है लेकिन लापरवाही न करें।

**मकर** : आज आप बचत और आय दोनों पर ध्यान देंगे। लवमेट्स के प्रति आपका रवैया उदार रहेगा। आपके कार्य की अच्छी प्रशंसा हो सकती है। समय पर सभी काम पूरा कर लेंगे। किसी खास व्यक्ति से बहुप्रतीक्षित मुलाक़ात होने के योग बन रहे हैं।

**कुंभ** : आज घर में प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। बीमार जातकों का स्वास्थ्य बेहतर होगा। अपने दायित्वों का निर्वहन अच्छी तरह कर पायेंगे। सभी कार्यों को योजनाबद्ध तरीके से करेंगे। बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त होगा। भौतिक सुख-सुविधाओं के प्रति अत्यधिक आकर्षित रहेंगे।

**मीन** : आज कार्यक्षेत्र के मध्य में लाभ की स्थितियां बनेंगी। बॉस आपकी मेहनत और लगन की प्रशंसा भी करेंगे। दांपत्य संबंधों में प्रेम और रोमांस बढ़ेगा। किसी विशेष कार्य के लिए शानदार अवसर मिल सकते हैं। कोई गुप्त बात आपको पता लग सकती है।

## आज का पंचांग





**दिशाशूल**- पूर्व। **ऋतु**- ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
ताराबल- भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-विशाखा 03.31 तक तत्पश्चात अनुराधा।

## सुडोकू -3

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | | 2 | | | | 1 | |
| | 3 | | | 8 | | | | |
| 2 | 1 | 6 | | | 4 | | | 5 |
| | 5 | | | 3 | | 6 | 9 | |
| | | 1 | | | | 8 | | |
| | 9 | 2 | | 7 | | | 4 | |
| 1 | | | 9 | | | 5 | 2 | 6 |
| | | | | 5 | | | 3 | |
| | 2 | | | | 6 | | 7 | 4 |

### सुडोकू - 2 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 8 | 7 | 1 | 9 | 3 | 4 | 5 |
| 9 | 7 | 4 | 5 | 2 | 3 | 1 | 6 | 8 |
| 1 | 3 | 5 | 8 | 4 | 6 | 9 | 7 | 2 |
| 5 | 2 | 9 | 1 | 6 | 7 | 4 | 8 | 3 |
| 6 | 1 | 3 | 4 | 9 | 8 | 5 | 2 | 7 |
| 4 | 8 | 7 | 2 | 3 | 5 | 6 | 9 | 1 |
| 3 | 4 | 2 | 9 | 7 | 1 | 8 | 5 | 6 |
| 8 | 9 | 1 | 6 | 5 | 2 | 7 | 3 | 4 |
| 7 | 5 | 6 | 3 | 8 | 4 | 2 | 1 | 9 |

### फिल्म अभिनेता हेमंत पांडेय ने पिथौरागढ़ के पाभैं ग्राम में शूटिंग विलेज के कॉन्सेप्ट का किया शुभारंभ

# पाभैं ग्राम को बनाया जाएगा शूटिंग विलेजः पांडेय

संवाददाता, पिथौरागढ़

**अमृत विचारः** प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता हेमंत पांडेय ने पिथौरागढ़ के पाभैं ग्राम में शूटिंग विलेज के कॉन्सेप्ट का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार के प्रयासों से कई फिल्मों का निर्माण प्रदेश में हो रहा है। इससे स्थानीय कलाकारों और तकनीशियनों को भी फायदा मिल रहा है।

उन्होंने कहा कि इसी तरह से राज्य के अन्य जनपद के ग्रामों को भी फिल्म सर्किट शूटिंग विलेज से जोड़ते हुए गांव को शूटिंग विलेज बनाया जाएगा। फिल्म प्रोडक्शन के लिए विभिन्न सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने माना कि इससे फिल्मों की शूटिंग को और बढ़ावा मिलेगा और उत्तराखंड में पर्यटन की गतिविधियों में इजाफा होने के साथ ही स्थानीय लोगों एवं कलाकारों के लिए रोजगार के अवसर भी खुलेंगे। बता दें कि सूचना एवं लोक संपर्क विभाग उत्तराखंड द्वारा फिल्म नीति 2024 के प्रावधानों के चलते बड़ी संख्या में फिल्म निर्माता उत्तराखंड का रुख कर रहे हैं। इससे जहां उन्हें कई तरह की सहूलियतें मिल रही हैं, वहीं अलग-अलग स्तरों पर सब्सिडी का लाभ भी मिल रहा है। आंचलिक फिल्मों के निर्माण और स्थानीय कलाकारों को शामिल करने पर अतिरिक्त सब्सिडी दी जा रही है। यही कारण है कि उत्तराखंड आज फिल्म निर्माण के बेस्ट डेस्टिनेशन के रूप में उभर रहा है। हिंदी और आठवीं अनुसूची की भाषाओं में बनने वाली फिल्मों के प्रोडक्शन पर राज्य में खर्च की गई धनराशि का अधिकतम 30 फीसदी या तीन करोड़ तक की सब्सिडी देने का प्रावधान है।

इस मौके पर डॉ. अशोक पंत, ललित पंत व रंगकर्मी जनार्दन उप्रेती आदि मौजूद रहे।


शूटिंग विलेज के कॉन्सेप्ट के शुभारंभ के मौके पर मौजूद फिल्म अभिनेता हेमंत पांडेय व अन्य। ● अमृत विचार

# शहर से गांव तक योग का उत्साह

- अल्मोड़ा में 'आओ हम सब योग करें' अभियान जारी
- नगर के विभिन्न स्थानों में आयोजित हुए शिविर

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचारः** एसएसजे विवि के योग विभाग की ओर से 'आओ हम सब योग करें' अभियान जारी है। रविवार को अभियान के तहत अल्मोड़ा नगर के विभिन्न स्थानों पर शिविर आयोजित किया गया। इस दौरान लोगों को योग के आसानों का अभ्यास कराया गया।

अभियान के तहत रविवार को डीडीयू ग्रामीण कौशल केंद्र खत्याड़ी, स्पोर्ट्स स्टेडियम, पुलिस लाइन, एसएसजे परिसर, सरस्वती शिशु मंदिर, सुपई, गधोली, अलई, पीपना, काकड़ीघाट, स्यालीधार, चंपानौला, तल्ला चीनाखान सहित दर्जनों स्थलों पर योग सत्रों का संचालन किया गया। इस दौरान प्रशिक्षकों ने लोगों को योग के माध्यम से शिक्षा, स्वास्थ्य और संस्कृति की जानकारी दी। वहीं, अपनी दिनचर्या में नियमित तौर पर योग को शामिल कर निरोगी रहने के उपाय बताए गए। इस मौके पर योग विभागाध्यक्ष डॉ. नवीन चंद्र भट्ट ने कहा कि 'आओ हम सब योग करें' महज एक स्वास्थ्य अभियान नहीं, बल्कि यह एक सामाजिक-सांस्कृतिक जनांदोलन का स्वरूप ले चुका है, जो लोगों को भारतीय जीवन दर्शन से जोड़ते हुए योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बना रहा है।


अल्मोड़ा में रविवार को शिविर में योगाभ्यास करतीं युवतियां। ● अमृत विचार

## सार-संक्षेप


पिथौरागढ़ में खराब पानी की सप्लाई को लेकर प्रदर्शन करते कांग्रेस कार्यकर्ता।

### पंपिंग योजना को बंद करने की मांग पर किया प्रदर्शन

**पिथौरागढ़ :** कांग्रेस ने ठुलीगाड़ पंपिंग स्टेशन पर जाकर पेयजल मंत्री के खिलाफ प्रदर्शन किया। कहा कि पिथौरागढ़ शहर में लगातार पानी की किल्लत बनी हुई है, जबकि डबल इंजन की सरकार सो रही है। कांग्रेस के पूर्व दर्जा राज्यमंत्री महेंद्र सिंह लुंठी ने कहा कि 2004 से ही ठुलीगाड़ पंपिंग योजना विवाद में रही है। पानी से ज्यादा पीलिया हो रहा है। लोग पेट की बीमारी से ग्रसित हो रहे हैं। बार-बार टेस्ट के लिए भेजने के बाद लोगों को पिलाने लायक नहीं माना जा रहा है फिर भी सरकार व विभाग इस पानी को पिथौरागढ़ की जनता को पिला रही है, जोकि गलत है। कांग्रेस ने अधिकारियों पर दूषित पानी सप्लाई को लेकर मुकदमा करने की मांग उठाई। इस मौके पर पार्षद पवन पाटनी, शमशेर महर, मनोज खत्री, भुपेश नगर कोटी, दीपक लुंठी, पूर्व सैनिक शंकर लाल, आरके सिंह, दिनेश जोशी मौजूद रहे।



बनबसा सीमा क्षेत्र में जागरुकता अभियान चलाते एसएसबी व पीएलवी अधिकार मित्र।

### बनबसा सीमा क्षेत्र में चलाया जागरुकता अभियान

**टनकपुर :** सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चम्पावत के निर्देश पर एसएसबी कैंप बनबसा में जागरुकता शिविर लगाकर विश्व पर्यावरण पखवाड़ा कार्यक्रम मनाया गया। जिसमें जागरुकता शिविर एवं वृक्षारोपण किया गया। डीएसपी जय सेनापति की अनुमति से एसएसबी कैंप में पौधरोपण किया गया। जिसमें सब इंस्पेक्टर बृजबाला, एएसआई बोधराज, एएसआई अनिल लिंगवाल, एएसआई जयपाल, हेड कांस्टेबल इंद्र भूषण, कांस्टेबल मुकेश निठरवाल, कांस्टेबल नेहा गुप्ता, नेहा शाह, सरोज आदि जवानों के साथ पौधरोपण कर उन्हें संरक्षित करने का संकल्प भी लिया। इस दौरान सब इंस्पेक्टर बृजबाला, पीएलवी अधिकार मित्र सरस्वती चन्द, किरन गहतोड़ी, किरन जोशी व रितु मेहर ने पर्यावरण के बारे में जानकारी देते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाकर पर्यावरण सुरक्षा के लिए सभी को आगे आने का आह्वान किया गया। साथ ही एक पेड़ मां के नाम और एक पेड़ धरती मां के नाम लगाने की शपथ भी ली गई।


चम्पावत में एडीएम जयवर्धन शर्मा को ज्ञापन देते फाउंडेशन के पदाधिकारी।

### चम्पावत जिले को नशामुक्त किए जाने की मांग उठी

**टनकपुर :** जीबी पंत वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा चम्पावत स्थित एबीसी अल्मामेटर विद्यालय में नशा मुक्ति को लेकर गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों को नशा मुक्ति को लेकर शपथ भी दिलाई गई। बाद में वेलफेयर से जुड़े पदाधिकारियों ने एडीएम जयवर्धन शर्मा को ज्ञापन देकर नशा मुक्ति को लेकर ठोस कदम उठाए जाने की पुरजोर वकालत भी की। फाउंडेशन के अध्यक्ष नवीन चंद्र पंत ने कहा कि उनका संगठन पिछले 3 वर्षों से जनपद चम्पावत में नशे के खिलाफ मुहिम चला रहा है। गोष्ठी में विद्यालय के प्रबंधक एडवोकेट डॉ. मदन सिंह महर, फाउंडेशन के संरक्षक भुवन चंद्र पांडे, बसंत पुनेठा, पद्मिनी दयाल, कल्पना चन्द, बबीता पुनेठा, हंसा जोशी, भागीरथी पंत, नवीन चंद्र भट्ट, गीता सती, संजय गर्ग, प्रीतम सिंह, सूरज आदि रहे।

# विधिक चिकित्सा की सामाजिक, नैतिक एवं न्यायिक प्रासंगिकता पर हुआ मंथन

### एसएसजे राजकीय आयुर्विज्ञान एवं अनुसंधान संस्थान में सम्मेलन आयोजित

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचारः** सोबन सिंह जीना राजकीय आयुर्विज्ञान एवं अनुसंधान संस्थान अल्मोड़ा में रविवार को भारतीय विधिक चिकित्सा एवं मध्यवर्ती सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ डीएम आलोक कुमार पांडे, एसएसपी देवेंद्र पींचा, सीएमओ डा. आरसी पंत, प्राचार्य डा. सीपी भैसोड़ा तथा वरिष्ठ चिकित्सा अधीक्षक डा. अशोक कुमार ने संयुक्त रुप से दीप जलाकर किया। इस दौरान वक्ताओं ने विधिक चिकित्सा की सामाजिक, नैतिक एवं न्यायिक प्रासंगिकता पर विचार साझा किए।

मौके पर विषय विशेषज्ञों ने मृत्यु के समय का अनुमानः एक व्यावहारिक दृष्टिकोण, बाल यौन शोषण एवं पॉक्सो अधिनियम में चिकित्सकों की भूमिका, शव परीक्षण की व्यवहारिक जटिलताएं, कोविड-19 के बाद "एक स्वास्थ्य" की पुनर्परिभाषा, आत्महत्या और मानसिक तनावः विधिक दृष्टिकोण, पीसी-पीएनडीटी अधिनियम और इसका चिकित्सा क्षेत्र में अनुप्रयोग, विधिक रिपोर्ट लेखन एवं डिजिटल डॉक्यूमेंटेशन, वैश्विक मृत्यु जांच प्रणाली और भारत की स्थिति, डिजिटल विधिक चिकित्सा प्रणाली और नवीन अधिनियम आदि पर अपने विचार साझा किए। सम्मेलन का नेतृत्व मुख्य आयोजक डा. एस. वलियप्पन द्वारा किया गया। आयोजन सचिव डॉ. प्रीत इंदर सिंह एवं संयुक्त आयोजन सचिव डॉ. एल्विन अब्राहम वर्गीज रहे। यहां डा. अनिल पांडे, डा. योगेन्द्र सिंह बंसल, डा. अशोक कुमार श्रीवास्तव, डा. सीबी जानी, डा. यशपाल सिंह नेगी, डा. वीणा तिवारी, डा. उषा रावत, डा. ईश्वर त्यागी, डा. नीरज कुमार, राहुल जैन, डा. एके सिंह, डा. जेजे गोगोई, डा. उषा रावत, डा. उर्मिला पलारिया, डा. एस दासगुप्ता, डा. एस. भंडारी, डा. डीसी पुनेरा, डा. अशोक कुमार, डा. शैलेंद्र सिंह, डा. हेमंत कुमार दत्त, डा. अंकित कौशिक, डा. अमित कुमार सिंह, डा. निधि मंगला, डा. अनिल पांडेय, डा. रवि सैनी, डा. मनीष भट्ट, डा. राहुल दुबे, डा. एल्विन अब्राहम वर्गीज, डा. आर्यन, डा. शिदुति शर्मा, डा. मोहित पंत, डा. अनुष्का गुप्ता, डा. ध्यन सिंह बंगारी, डा. अनुषा राणा, डा. शुभम विग आदि शामिल रहे।



अल्मोड़ा मेडिकल कॉलेज में आयोजित सम्मेलन का शुभारंभ करते अतिथि। ● अमृत विचार

# डॉ. रमेश सिंह पाल की पुस्तक का विमोचन हुआ

- सीआईडी धारावाहिक के कलाकारों ने किया पुस्तक का विमोचन
- डॉ. पाल ने 'आई नो दा ह्यूमन माइंड' से लिखी है पुस्तक

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचारः** विवेकानंद पर्वतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. रमेश सिंह पाल की पुस्तक 'आई नो दा ह्यूमन माइंड' का विमोचन मुंबई के जुहू स्थित स्टूडियो में किया गया। सीआईडी धारावाहिक के कलाकारों ने पुस्तक का विमोचन किया।

बता दें कि यह पुस्तक डॉ. पाल की पांचवी पुस्तक है। इससे पहले वर्ष 2018 में 'अपना स्वरूप', वर्ष 2020 में 'स्पिरिचुअल विजडम', वर्ष 2023 में 'रूपांतरण के सूत्र', 2024 में 'मृत्यु से मुक्ति तक' नामक पुस्तकें उनके द्वारा लिखी जा चुकी है। डॉ. पाल की पुस्तकों को देश की पार्लियामेंट लाइब्रेरी के साथ-साथ विश्वविद्यालयों और भारत सरकार के प्रतिष्ठित संस्थानों के पुस्तकालयों में सम्मिलित किया गया है। डॉ. पाल यूनेस्को समावेशी नीति प्रयोगशाला के लिए भारत से नामित विशेषज्ञ भी हैं। वर्तमान पुस्तक मनुष्य मन तथा उससे जुड़े आध्यत्मिक पहलुओं को ध्यान में रखकर लिखी गई है। अल्मोड़ा मेयर अजय वर्मा सहित नगर के गणमान्य व्यक्तिओ ने उनकी इस उपलब्धि पर खुशी जताई है।


वीपीकेएएस के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. पाल की पुस्तक का मुंबई में विमोचन हुआ।

# आज होगा जोड़ मेले का शुभारंभ

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचार :** लधियाघाटी क्षेत्र स्थित पवित्र गुरुद्वारा रीठासाहिब में तीन दिवसीय जोड़ मेला आज से शुरू होगा। नौ से 11 जून तक आयोजित होने वाले मेले में देश-विदेश से हजारों की संख्या में सिख श्रद्धालु शिकरत करेंगे। गुरुद्वारा प्रबंधन और जिला प्रशासन ने मेले की तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है।

मेले में शामिल होने के लिए चार दिन पहले से ही यहां तीर्थ यात्रियों का पहुंचना शुरू हो गया था। रविवार को भी पंजाब, चंडीगढ़, दिल्ली, नानकमत्ता सहित देश के विभिन्न स्थानों से श्रद्धालु पहुंचे। गुरुद्वारा प्रबंधक बाबा श्याम सिंह ने रविवार को प्रबंधन में जुटे लोगों के साथ बैठक कर जरूरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि 10 जून को मुख्य मेला और 11 जून को अखंड पाठ व भोग के साथ मेले का समापन होगा। मेले के सफल आयोजन के लिए सभी तैयारियां की गई हैं। बताया कि परिसर और कमरों में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। तीर्थयात्रियों के ठहरने की पर्याप्त व्यवस्था है। दीवान हाल को आकर्षक रूप दे दिया गया है।

इस दौरान रागी और ढाडी जत्थे सिख पंथ की वीरता और शौर्य का बखान करेंगे। श्रद्धालुओं को मीठे रीठे का प्रसाद वितरित किया जाएगा।

इधर, डीएम नवनीत पांडेय के निर्देश पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए अतिरिक्त बसों की व्यवस्था की गई है। चम्पावत पुलिस ने भी मेले के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। मेला परिसर में साफ-सफाई और पार्किंग की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है।


रीठा साहिब में गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी की बैठक लेते गुरुद्वारा प्रबंधक बाबा श्याम सिंह।

# ससुराल में दामाद से मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

- भतरौंजखान थाने में ससुराल वालों के खिलाफ सौंपी तहरीर
- पत्नी की ताई, ताऊ और चचेरे भाई पर लगाया मारपीट का आरोप

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचारः** भतरौंजखान में ससुराल पक्ष के कुछ लोगों पर मारपीट का आरोप है। मामले में पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस से मिली जानकारी अनुसार पीड़ित रवि कुमार, निवासी खोड़ा कॉलोनी, गाजियाबाद यूपी ने भतरौंजखान थाने में तहरीर सौंपी। तहरीर में कहा कि वह जाटव जाति से है। उसका विवाह राजपूत भावना बिष्ट के साथ अक्टूबर 2021 में आर्य समाज कविनगर गाजियाबाद में दोनों परिवारों की सहमति से हुई थी। उसकी पत्नी दस मई को ससुराल ढोड़ी फेर भतरौंजखान आई थी। 14 मई को वह भी गांव आ गया। इस बीच पत्नी की बहन ने उसे पानी पिलाया। इस पर पत्नी की ताई कांती देवी, ताऊ बालम सिंह और चचेरे भाई कपिल ने उसे जूते-चप्पलों से पीटना शुरू कर दिया। ससुर व अन्य ने बीच-बचाव कर उसे बचाया और अगले दिन गाजियाबाद के लिए रवाना किया। इधर, पीड़ित ने मारपीट और धमकाने के संबंध में पुलिस को तहरीर सौंपी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने सुसराल पक्ष के तीन लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है।

# कांग्रेस प्रदेश सचिव आनन्द ने की नीलामी निरस्त करने की मांग



**बनबसा, अमृत विचार :** कांग्रेस प्रदेश सचिव आनन्द सिंह माहरा ने रेलवे के द्वारा पांच दुकानों की नीलामी पर दुःख व्यक्त किया है, उन्होंने कहा कि बनबसा बाजार में रेलवे की भूमि पर व्यापारी तीस-चालीस सालों से व्यापार कर रहा है।

लेकिन रेलवे के द्वारा यूपी के अखबारों में विज्ञाप्ति निकाल कर दुकानों के किराए के लिए खुली बोली बोलकर किराया तय करना उचित नहीं है। व्यापारी समय से रेलवे का किराया भी जमा कर रहा है, उसके बाबजूद भी रेलवे के द्वारा नीलामी करना उचित नहीं है। उन्होंने राज्य व केंद्र सरकार से नीलामी को रोकने की मांग की है।

## आस्था

### कार्यक्रम में चम्पावत समेत खटीमा, सितारगंज, नानकमत्ता, नेपाल से भी पहुंचे खाटू भक्त

# खाटू श्याम महोत्सव में भजनों पर थिरके भक्त

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचार :** नगर में श्री श्याम मित्र मंडल के तत्वावधान में शनिवार की देर शाम खाटू श्याम गुणगान महोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान खाटू श्याम का दरबार लगाया गया, जिसमें सैकड़ों भक्तों ने पूजा अर्चना कर मन्नत मांगी। कार्यक्रम में चम्पावत जनपद समेत खटीमा, सितारगंज, नानकमत्ता, मित्र राष्ट्र नेपाल से भी खाटू भक्त पहुंचे।

इस दौरान खाटू श्याम की भव्य आरती हुई। शामली से आए दक्ष म्यूजिकल ग्रुप के साथ दिल्ली से पहुंची प्रसिद्ध गायिका देवांसी सोलंकी ने खाटू श्याम के भजनों की शानदार प्रस्तुति दी। भजनों पर खाटू श्याम की भक्ति में लीन भक्त जमकर थिरके। सभी को प्रसाद वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया गया। इस अवसर पर दीनदयाल अग्रवाल, राजीव गर्ग, वैभव अग्रवाल, संजय गर्ग, मनीष अग्रवाल, मयंक गर्ग, मोहित अग्रवाल, अक्षत अग्रवाल, बीना अग्रवाल, हर्षवर्धन सिंह रावत, सुनील सरन अग्रवाल, सुरेंद्र शारदा, सुनील अग्रवाल, रोहिताश अग्रवाल, आलोक अग्रवाल सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।


टनकपुर में भजन प्रस्तुत करतीं प्रसिद्ध गायिका देवांसी सोलंकी। ● अमृत विचार

### सेलागढ़ी गोलू मंदिर में वार्षिक भंडारा संपन्न

**बैरती (अल्मोड़ा) :** क्षेत्र के सेलागढ़ी स्थित गोलू देवता मंदिर में आज देव पूजन और हवन यज्ञ के साथ वार्षिक भंडारे का आयोजन किया गया। हर वर्ष 8 जून को यहां गोलू देवता मूर्ति स्थापना दिवस के रूप में वार्षिक भंडारे का आयोजन होता है। इस बार मंदिर में गोलू देवता व हनुमान जी की नई मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा के बाद उन्हें स्थापित किया गया। प्रमुख धर्माचार्य कौस्तुवानंद पांडेय, भारत पांडेय व राजू पांडेय आदि द्वारा प्राण प्रतिष्ठा, हवन, यज्ञ आदि कार्यक्रम संपन्न कराये गये। बाद में वार्षिक भंडारे का आयोजन हुआ। इस दौरान भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन में समस्त सेलागढ़ी वासियों ने यथोचित सहयोग के साथ भागीदारी की।

# नागनाथ मंदिर में किसानों ने समर्पित किया नया अनाज

**चम्पावत, अमृत विचार :** चम्पावत के नागनाथ मंदिर में स्थानीय काश्तकारों ने भगवान को नया अन्न समर्पित कर भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

रविवार की सुबह नागनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ हवन यज्ञ का आयोजन हुआ। पूर्व सभासद भगवत शरण राय, चम्पावत जिला बाल कल्याण समिति के पूर्व अध्यक्ष सुधीर साह, व्यापार संघ अध्यक्ष विकास साह, नवीन लाल वर्मा, देवेन्द्र वर्मा, राजेंद्र वर्मा, सनी वर्मा, सुनील साह, जगदीश खर्कवाल, अशोक वर्मा, भानू तड़ागी, माधवानंद खर्कवाल, सामश्रमा आर्य, रोहित कुमार, चंद्रशेखर आदि ने आयोजन में सहयोग किया।

# चमड़खान गोलू मंदिर में अर्जी लगाने पहुंचे पूर्व सीएम रावत

संवाददाता, रानीखेत

**अमृत विचार :** पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत भाजपा के दो झूठ 'जुमे की नमाज़ की छुट्टी का शासनादेश व मुस्लिम यूनिवर्सिटी' ये दोनों झूठ के पर्दाफाश की अर्जी लगाने को गोलू मंदिर चमड़खान पहुंचे। कहा कि मेरे मुख्यमंत्री काल के कोई तो शासनादेश या चुनावी घोषणा पत्र होंगे, जिससे यह साबित हो कि मैंने ऐसी कोई बात कही। वरना भाजपा ऐसे झूठ से जनता को बरगलाने का काम बंद करे।

कहा कि भाजपा द्वारा हर चुनाव में जनता को गुमराह कर चुनावी लाभ लेने का प्रयास करती रही है। कहा कि मैं न्याय के देवता गोल्ज्यू महाराज के मंदिर में अपनी याचना लेकर पहुंचा हूं, कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि गोल्ज्यू न्याय करेंगे। तत्पश्चात पूर्व मुख्यमंत्री श्री स्वर्गाश्रम बिनसर महादेव गीता भवन दत्तयात्रेय मंदिर बिनसर में पहुंचकर 'शतचंडी माह यज्ञ एवं श्रीमद् देवी भागवत ज्ञान यज्ञ कथा प्रवचन 2025' में कार्यकर्ताओं के साथ भाग लिया व प्रसाद ग्रहण किया। उन्होंने उत्तराखंड वासियों के कुशल स्वास्थ्य की कामना भी की।

इस अवसर पर मंदिर समिति के सदस्य व क्षेत्र पंचायत प्रतिनिधि चंदन बिष्ट, वरिष्ठ कांग्रेसी विश्व विजय सिंह माहरा, ब्लॉक अध्यक्ष गोपाल सिंह देव, मोहन सिंह बिष्ट, चिलियानौला नगर अध्यक्ष कमलेश बोरा, महिला जिलाध्यक्ष गीता पवार, यूथ विस अध्यक्ष अंकिता पडलिया पंत, प्रमिला आर्य व मंदिर समिति के सदस्य मौजूद रहे।


बिनसर महादेव पहुंचने पर हरीश रावत का स्वागत करते कांग्रेस कार्यकर्ता।

## एक नजर

### पाकिस्तान से आई हेरोइन की खेप बरामद

**अमृतसर।** पंजाब में अमृतसर ग्रामीण पुलिस ने छह किलोग्राम हेरोइन बरामद की और दो प्रमुख ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया है। डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि विशिष्ट खुफिया सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने गुरदित्ता उर्फ कालू और कैप्टन को गांव भकना के पास गिरफ्तार किया, जब वे मोटरसाइकिल पर उच्च श्रेणी की हेरोइन की खेप ले जा रहे थे। यह खेप पाकिस्तान स्थित हैंडलरों ने पंजाब में वितरण के लिए भेजी थी।

### भारत में कोरोना के सक्रिय मामले 6000 के पार

**नई दिल्ली।** देश के विभिन्न हिस्सों में पिछले 24 घंटों में कोविड-19 के लगभग 400 नये मामले सामने आए जिसके बाद इस संक्रमण के सक्रिय मामलों की संख्या 6,000 हो गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय से उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार इस अवधि के दौरान देश में इस संक्रमण से छह लोगों की मौत हुईं, जिनमें से तीन मौतें केरल में हुईं। अभी तक, भारत में 6,133 सक्रिय मामले हैं और कुल मौतों का आंकड़ा 65 है। कोविड- 19 संक्रमण के सर्वाधिक केस भी अब तक केरल में ही हैं।

### गंगानगर में तापमान 47.4 डिग्री सेल्सियस पहुंचा

**जयपुर।** राजस्थान के अधिकांश इलाके एक बार फिर लू की चपेट में हैं। गंगानगर में रविवार को अधिकतम तापमान 47 .4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो प्रदेश में सबसे ज्यादा रहा। मौसम विभाग के अधिकारियों ने राज्य में भीषण गर्मी का दौर जारी रहने का अनुमान जताया है।

# जनादेश स्वीकार नहीं पा रहे राहुल

## महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री ने कहा- आगे की हार का बहाना तैयार कर रहे कांग्रेस नेता

**मुंबई, एजेंसी**



● बोले- खुद करें चिंतन जनता क्यों नहीं जुड़ पा रही है उनके साथ

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने रविवार को कहा कि कांग्रेस सांसद राहुल गांधी 2024 के राज्य विधानसभा चुनावों में हार पर आत्मावलोकन करने के बजाय जनादेश को अस्वीकार कर रहे हैं क्योंकि जनता ने उन्हें खारिज कर दिया है।

फडणवीस ने 'इंडियन एक्सप्रेस' और मराठी दैनिक समाचार पत्र 'लोकसत्ता' में प्रकाशित अपने लेखों में कहा कि लोकसभा में विपक्ष के नेता बिहार सहित आगामी विधानसभा चुनावों में उन्हें मिलने वाली हार के लिए बहाने तैयार कर रहे हैं। राहुल गांधी ने शनिवार को कई अखबारों में प्रकाशित एक लेख और 'एक्स' पर 'पोस्ट' साझा कर आरोप लगाया था कि 2024 का महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव लोकतंत्र में धांधली का ब्लूप्रिंट था और यह मैच फिक्सिंग अब बिहार में दोहराई जाएगी। राहुल के दावों के जवाब में फडणवीस ने अपने लेख में कहा कि कांग्रेस नेता लोकतांत्रिक प्रक्रिया और लोगों के जनादेश का लगातार अपमान कर रहे हैं।

भाजपा नेता ने आरोप लगाया, लोगों ने राहुल गांधी को खारिज कर दिया है और इसके बदले में वह लोगों और उनके जनादेश को अस्वीकार कर रहे हैं। उन्होंने कहा, एक बार हार स्वीकार कर लेना अधिक विवेकपूर्ण होगा। इस बात पर आत्मचिंतन करने की जरूरत है कि आप कहां गलत हैं, लोगों के साथ आपका जुड़ाव क्यों कम है और आपको इसके बारे में क्या करना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता बिहार सहित आगामी विधानसभा चुनावों में उन्हें मिलने वाली हार के लिए अपने बहाने तैयार कर रहे हैं। भाजपा, शिवसेना और राकांपा से मिलकर बने महायुति ने 2024 के महाराष्ट्र चुनावों में कांग्रेस, शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) और राकांपा (शरदचंद्र पवार) वाले गठबंधन महाविकास आघाडी को हराकर भारी बहुमत से जीत हासिल की थी।

### 2014 के बाद से मतदाता वृद्धि के आंकड़े बताए

पिछले साल हुए महाराष्ट्र चुनावों में मतदाताओं की संख्या में वृद्धि पर राहुल की आपत्ति का जिक्र करते हुए फडणवीस ने कहा कि युवा मतदाताओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। उन्होंने कहा, साल 2014 से 2019 के बीच 63 लाख नए मतदाता जुड़े; 2009 से 2014 तक 75 लाख नए मतदाता जुड़े और 2004 से 2009 तक एक करोड़ नए मतदाता जुड़े। इसका मतलब है कि 2024 में कुछ भी असाधारण नहीं हुआ। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2004 में विधानसभा चुनावों में लोकसभा चुनावों की तुलना में पांच प्रतिशत अधिक मतदान हुआ था।

## असम में बाढ़ से तीन और जान गईं, मृतकों की संख्या 26 हुई

**गुवाहाटी/रंगिया।** असम में बाढ़ की स्थिति में रविवार को भी सुधार हुआ और प्रभावित लोगों की संख्या घटकर 2.59 लाख हो गई। वहीं, तीन और लोगों की मौत होने से इस साल बाढ़ और भूस्खलन में मरने वालों की कुल संख्या बढ़कर 26 हो गई।

ब्रह्मपुत्र नदी में नौका सेवाएं दिन में आंशिक रूप से बहाल हो गईं। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एएसडीएमए) के बुलेटिन में कहा गया है कि 11 जिलों के 32 राजस्व क्षेत्र और 741 गांवों में बाढ़ का पानी प्रवेश कर गया है। बाढ़ प्रभावित लोगों की संख्या 2,59,093 है, जिसमें बराक घाटी के तीन जिले श्रीभूमि (1,62,108), हैलाकांडी (51,663) और कछार (36,271) सर्वाधिक प्रभावित हैं।

# मणिपुर के लोगों के लिए प्रधानमंत्री असंवेदनशील

**नई दिल्ली, एजेंसी**

● जयराम रमेश ने कहा- चौंकाने वाली है पीएम की ये असंवेदनशीलता

कांग्रेस ने मणिपुर के कुछ हिस्सों में हिंसा की घटनाएं फिर से सामने आने के बीच रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर राज्य के लोगों की पीड़ा के प्रति असंवेदनशील होने का आरोप लगाया।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि मणिपुर के लोगों का दर्द, पीड़ा और लाचारी अब भी थमने का नाम नहीं ले रही है, क्योंकि पिछले 24 घंटे में राज्य के पांच जिले इंफाल पश्चिम, इंफाल पूर्वी, थौबल, काकचिंग और बिष्णुपुर फिर से हिंसा की चपेट में आ चुके हैं। सरकार पर निशाना साधते हुए रमेश ने दावा किया, फरवरी 2022 में विधानसभा चुनावों में भाजपा ने अकेले अपने दम पर बहुमत हासिल किया। लेकिन उस जनादेश के 15 महीने बाद तीन मई 2023 की रात से मणिपुर को जलने के लिए छोड़ दिया गया।

उन्होंने कहा कि सैकड़ों निर्दोष पुरुष, महिलाएं और बच्चे मारे गये। हजारों लोग विस्थापित हो गए। पूजा स्थलों को नष्ट कर दिया गया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने चार जून 2023 को तीन-सदस्यीय जांच आयोग का गठन किया। उन्होंने कहा कि आयोग को अपनी रिपोर्ट देने के लिए बार-बार समयसीमा बढ़ाई गई है और उसे दी गई अंतिम समयसीमा 20 नवंबर 2025 है। रमेश ने कहा कि एक अगस्त 2023 को सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी की थी कि राज्य में पिछले दो महीनों से संवैधानिक व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है।

# दिल्ली: सूटकेस में मिला नौ वर्षीय बच्ची का शव

**नई दिल्ली, एजेंसी**

● परिवार ने लगाया यौन उत्पीड़न का आरोप, लोगों ने घटना के विरोध में किया प्रदर्शन

उत्तर-पूर्वी दिल्ली के दयालपुर इलाके में नौ वर्षीय एक बच्ची का शव पड़ोसी के घर सूटकेस में पाया गया, जिसके बाद परिजनों और स्थानीय लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया तथा यौन उत्पीड़न एवं हत्या का आरोप लगाया है। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए रविवार को इलाके में पुलिस और अर्धसैनिक बल के जवानों को तैनात किया गया है।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि ऐसा लगता है कि अपराधी बच्ची को सूटकेस में डालने के बाद फरार हो गया। वहीं, दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि यौन उत्पीड़न समेत सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा, हम मौत के कारण की पुष्टि के लिए पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं। मामले की अत्यंत गंभीरता से जांच की जा रही है।

नेहरू विहार निवासी बच्ची के पिता ने बताया कि वह शाम करीब सात बजे पास में रहने वाले रिश्तेदार को बर्फ देने गई थी। काफी समय तक घर नहीं लौटने पर उन्होंने उसकी तलाश शुरू की। रिश्तेदार से पता चला कि वह वहां लगभग पांच मिनट रुकी और लौट गई। अंत में किसी ने बताया कि वह पास के एक घर में गई थी। जब वह इस पड़ोसी के घर पहुंचे तो वहां ताला लगा हुआ था। संदेह होने पर उन्होंने ताला तोड़ दिया और कमरे में दाखिल हुए। उन्होंने बताया, उन्होंने अपनी बेटी को खून से सने सूटकेस के अंदर पाया। वह उसे उसे शास्त्री पार्क स्थित जग प्रवेश चंद्र अस्पताल ले गये, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### नया प्रयोग



जयपुर पुलिस ने ट्रैफिक प्रबंधन के लिए पांच सेल्फ बैलेंसिंग स्कूटर का ट्रायल शुरू किया है। रविवार को हवा महल के पास इलेक्ट्रिक सेल्फ बैलेंसिंग स्कूटर पर गश्त करते जयपुर ट्रैफिक पुलिस के जवान। एजेंसी

### छातेन में फंसे 28 लोगों और 20 सैन्यकर्मियों को निकाला

**गंगटोक।** उत्तरी सिक्किम के छातेन में भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन से सड़क संपर्क टूट जाने से फंसे 28 लोगों और 20 सैन्य कर्मियों को रविवार को हवाई मार्ग से सुरक्षित निकाल लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि एक हेलिकॉप्टर ने पहली बार में छातेन से 28 नागरिकों को बाहर निकाला, दूसरी बार में 20 सैन्यकर्मियों को पाकयोंग ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे पर उतारा गया। एमआई-17 हेलीकॉप्टर ने छातेन में तैनात भारतीय सेना के जवानों के लिए आवश्यक आपूर्ति भी पहुंचाई। अधिकारियों ने बताया कि राज्य सरकार ने हेलीकॉप्टर की व्यवस्था की और तीन नाबालिगों सहित 28 आम लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया।

# जस्टिस वर्मा पर महाभियोग से बचने को इस्तीफा ही एक विकल्प

**नई दिल्ली, एजेंसी**



● संसद की ओर से हटाया गया तो जस्टिस वर्मा को नहीं मिलेंगे पेंशन और दूसरे लाभ

जस्टिस यशवंत वर्मा के पास संसद द्वारा पद से हटाने के लिए चलाई जाने वाली कार्यवाही से बचने का एकमात्र विकल्प इस्तीफा है, क्योंकि सरकार कथित भ्रष्टाचार के मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश को हटाने के लिए एक प्रस्ताव लाने पर जोर दे रही है।

सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के न्यायाधीशों की नियुक्ति और उन्हें हटाने की प्रक्रिया से अवगत अधिकारियों ने बताया कि किसी भी सदन में सांसदों के समक्ष अपना पक्ष रखते हुए न्यायमूर्ति वर्मा यह घोषणा कर सकते हैं कि वह पद छोड़ रहे हैं और उनके मौखिक बयान को उनका इस्तीफा माना जाएगा। अगर वह इस्तीफा देने का फैसला करते हैं, तो उन्हें सेवानिवृत्त हाईकोर्ट के न्यायाधीश के बराबर पेंशन और अन्य लाभ मिलेंगे। लेकिन अगर उन्हें संसद हटाती है, तो उन्हें पेंशन और अन्य लाभों से वंचित कर दिया जाएगा।

संविधान के अनुच्छेद 217 के अनुसार हाईकोर्ट का कोई न्यायाधीश, राष्ट्रपति को संबोधित अपने हस्ताक्षर सहित पत्र लिखकर अपना पद त्याग सकता है। न्यायाधीश के त्यागपत्र के लिए किसी अनुमोदन की आवश्यकता नहीं होती। एक साधारण त्यागपत्र ही पर्याप्त है। न्यायाधीश पद छोड़ने के लिए संभावित तिथि बता सकता है। ऐसे मामलों में न्यायाधीश पद पर बने रहने के अंतिम दिन की तिथि के रूप में उल्लिखित दिनांक से पहले अपना त्यागपत्र वापस ले सकता है।

संसद से हटाना न्यायाधीश को पद से हटाने का दूसरा तरीका है। तत्कालीन सीजेआई संजीव खन्ना ने राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर जस्टिस वर्मा को हटाने के लिए कहा था, जो नकदी बरामदी से जुड़े विवाद में फंसे हैं। न्यायमूर्ति खन्ना की रिपोर्ट मामले की जांच करने वाले तीन न्यायाधीशों की आंतरिक समिति के निष्कर्षों पर आधारित थी।

### रिजीजू ने मामले को बताया था थोड़ा अलग

संसदीय कार्यमंत्री किरेन रीजीजू ने पिछले सप्ताह कहा था कि ये मामला थोड़ा अलग है, क्योंकि तत्कालीन सीजेआई द्वारा गठित आंतरिक समिति रिपोर्ट सौंप चुकी है। इसलिए क्या करना है, हम फैसला लेंगे। मंत्री ने कहा कि प्रक्रिया का पालन किया जाना चाहिए लेकिन पहले से की गई जांच को कैसे एकीकृत किया जाए, इस पर निर्णय लेने की जरूरत है। कहा, नियमानुसार एक समिति बननी चाहिए और फिर समिति को एक रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होती है, जिसे सदन में पेश किया जाएगा और न्यायाधीश को पद से हटाने के प्रस्ताव पर चर्चा शुरू होगी।

# लोको पायलट के लिए विश्राम नियम बदले

**नई दिल्ली, एजेंसी**

● लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन ने रेल मंत्रालय के आदेश को अवैध बताते हुए विरोध जताया

रेल मंत्रालय ने रेलवे के विभिन्न जोन और मंडलों में अपनाए जाने वाले अलग-अलग नियमों में एकरूपता लाने के मकसद से ट्रेन चालक दल के सदस्यों के लिए 'आउटस्टेशन' विश्राम नियमों को बदलने की घोषणा की है। ऑल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन (एआईएलआरएसए) ने रेलवे बोर्ड को पत्र लिखकर इस कदम पर विरोध दर्ज कराया है और इसे अवैध आदेश बताया है।

एसोसिएशन का कहना है कि यह आदेश मंत्रालय के पिछले आदेशों का उल्लंघन करता है। रेल सूचना प्रणाली केंद्र (क्रिस) के महाप्रबंधक के नाम मंत्रालय की ओर से तीन जून को जारी परिपत्र में कहा गया कि ट्रेन परिचालन के दौरान उसमें ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों के लिए कार्य अवधि के संदर्भ में 'आउटस्टेशन' विश्राम नियम छह प्रकार के हैं।

परिपत्र के अनुसार, ट्रेन में ड्यूटी देने वाले कर्मचारियों को आठ घंटे ड्यूटी करने पर आठ घंटे का विश्राम और पांच से आठ घंटे की ड्यूटी करने वालों को छह घंटे का विश्राम दिया जाएगा। कहा गया है कि जो कर्मचारी पांच घंटे या उससे कम की ड्यूटी करते हैं उन्हें ड्यूटी की अवधि से एक घंटा अधिक विश्राम के लिए मिलेगा।

एसोसिएशन ने कहा कि मंत्रालय का पत्र सुरक्षित रेल परिचालन को गंभीर रूप से प्रभावित करेगा क्योंकि यह 2016 में मंत्रालय से गठित उच्चाधिकार प्राप्त समिति के कार्य घंटों के नियमों की पूरी तरह अवहेलना करता है। यूनियन पदाधिकारियों ने कहा कि आठ घंटे से कम कोई भी विश्राम अपर्याप्त है क्योंकि इस अवधि के दौरान कर्मचारियों को विश्राम के अलावा कई अन्य गतिविधियों में भी काफी समय देना पड़ता है।

## कारोबार/कृषि

## एक नजर

### त्रिपुरा में किसानों की आय दोगुनी हुई: मुख्यमंत्री

**अगरतला।** त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा ने रविवार को दावा किया कि राज्य में किसानों की आय पिछले आठ वर्षों में दोगुनी हो गई है। पश्चिमी त्रिपुरा के तुफानियालुंगा चाय बागान में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने दावा किया कि राज्य में किसानों की आय 2016 में 6,580 रुपये से बढ़कर 2024 में 13,590 रुपये प्रति माह हो गई है। पूर्वोत्तर राज्य में 4 .74 लाख किसान हैं। उन्होंने कहा, सरकार किसानों के कल्याण के लिए काम कर रही है क्योंकि इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा।

### भारत की कंपनियों से बातचीत कर रही एटीआर

**नई दिल्ली।** भारत में कारोबारी अवसरों को देखते हुए यूरोपीय विमान विनिर्माता एटीआर अपने विमानों की बिक्री की संभावना तलाशने के लिए अनुसूचित और गैर-अनुसूचित एयरलाइन कंपनियों के साथ बातचीत कर रही है। एटीआर के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि अगले 10 वर्षों में देश में 300 से अधिक टर्बोप्रॉप होंगे। वर्तमान में, देश में 70 एटीआर विमान हैं जो इंडिगो, एलायंस एयर और फ्लाई91 द्वारा संचालित हैं।

### रिलायंस की नजर विमान उन्नयन कारोबार पर

**नई दिल्ली।** रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर अपने रक्षा कारोबार को विमान उन्नयन कार्यक्रमों पर ध्यान केंद्रित करने की योजना बना रही है, जिसके तहत अगले सात से 10 वर्षों में 5,000 करोड़ रुपये के अवसर प्राप्त होंगे। इस रणनीतिक कदम से रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर भारत की पहली निजी क्षेत्र की कंपनी बन गई है, जो मूल विनिर्माता बने बिना ही स्वतंत्र रूप से व्यापक विमान उन्नयन कार्यक्रम को क्रियान्वित कर रही है।

# किसानों के हितों की रक्षा करेगा भारत

## अमेरिका से व्यापार वार्ता पर कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की घोषणा

**नई दिल्ली, एजेंसी**



● कहा- अपने लाभ-हानि का आकलन कर देंगे समझौते को अंतिम रूप

कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि भारत, अमेरिका के साथ कृषि बाजार पहुंच को लेकर चल रही व्यापार वार्ता में संभावित लाभ और हानि का आकलन करते हुए अपने किसानों के हितों की रक्षा को प्राथमिकता देगा। चौहान ने एक साक्षात्कार में कहा, भारत आंखें मूंदकर काम नहीं करेगा। अपने लाभ और हानि का आकलन कर समझौते को अंतिम रूप दिया जाएगा।

कृषि मंत्री ने कहा, भारत और अमेरिका के बीच चर्चा चल रही है। एक बात स्पष्ट है, हम अपने किसानों के हितों की रक्षा करेंगे। जब हम दो देशों के बारे में बात करते हैं, तो हमें समग्र व्यापार को देखने की जरूरत होती है। नीति आयोग की रिपोर्ट 'नई अमेरिकी व्यापार व्यवस्था के तहत भारत-अमेरिका कृषि व्यापार को बढ़ावा देना' के अनुसार, 2024 में समाप्त होने वाली त्रैवार्षिक अवधि में भारत को अमेरिकी कृषि और संबद्ध उत्पाद निर्यात का मूल्य लगभग 2.22 अरब डॉलर था। इसी अवधि में, भारत ने अमेरिका को 5.75 अरब डॉलर मूल्य के कृषि उत्पादों का निर्यात किया।

अमेरिका को भारत के मुख्य कृषि निर्यात में जमे हुए झींगा, बासमती चावल, मसाले, प्रसंस्कृत अनाज और अन्य मूल्यवर्धित उत्पाद शामिल हैं। अमेरिका मक्का, सोयाबीन और पशु आहार जैसे अधिक कृषि उत्पादों का निर्यात करना चाहता है, लेकिन उसे भारत से, विशेष रूप से कृषि में उच्च शुल्क का सामना करना पड़ रहा है, जहां औसत शुल्क 39-50 प्रतिशत तक पहुंच सकता है। मंत्री की टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब भारत और अमेरिका कृषि व्यापार के विस्तार पर बातचीत जारी रखे हुए हैं, जिसमें वाशिंगटन भारतीय बाजार में अपने कृषि उत्पादों के लिए कम शुल्क और बेहतर बाजार पहुंच की मांग कर रहा है। भारत, ग्रामीण समुदायों से संभावित प्रतिक्रिया की चिंता और घरेलू उत्पादकों को वैश्विक मूल्य अस्थिरता से बचाने की आवश्यकता के कारण अपने कृषि और डेयरी बाजारों को पूरी तरह से खोलने के प्रति सतर्क है।

### वैश्विक रुझानों और मुद्रास्फीति से तय होगी इस सप्ताह बाजार चाल

**नई दिल्ली।** इस सप्ताह शेयर बाजारों की चाल वैश्विक रुझानों, मुद्रास्फीति के आंकड़ों और विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधियों से तय होगी। इसके अलावा मानसून की प्रगति और व्यापार वार्ता से संबंधित घटनाक्रमों पर भी निवेशकों की नजर रहेगी। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजीत मिश्रा ने कहा, कारोबारियों की नजर प्रमुख वृहद आर्थिक आंकड़ों पर होगी। मांग के रुझान और केंद्रीय बैंक के अगले कदमों का अनुमान लगाने के लिए सीपीआई मुद्रास्फीति जैसे उच्च आवृत्ति संकेतकों पर बारीकी से नजर रखी जाएगी।

## 26 रियल्टी कंपनियों ने 1.62 लाख करोड़ रुपये की संपत्ति बेची

**नई दिल्ली।** भारत की 26 प्रमुख सूचीबद्ध रियल एस्टेट कंपनियों ने वित्त वर्ष 2024-25 में 1.62 लाख करोड़ रुपये की संपत्तियां बेची हैं। इनमें गोदरेज प्रॉपर्टीज 30,000 करोड़ रुपये की बिक्री बुकिंग के साथ सबसे बड़ी कंपनी बन गई।

रियल एस्टेट कंपनी डीएलएफ लिमिटेड 2024-25 के दौरान 21,000 करोड़ रुपये से अधिक की बिक्री बुकिंग के साथ दूसरे स्थान पर है। इसके बाद मैक्रोटेक डेवलपर्स (लोढ़ा ग्रुप), प्रेस्टीज एस्टेट्स प्रोजेक्ट्स और सिग्नेचर ग्लोबल हैं। निवेशकों की प्रस्तुतियों और शेयर बाजार से जुटाए आंकड़ों के अनुसार, 26 प्रमुख सूचीबद्ध रियल एस्टेट कंपनियों ने पिछले वित्त वर्ष में 20% से अधिक वृद्धि के साथ 1,61,722 करोड़ रुपये की संयुक्त बिक्री बुकिंग या बिक्री बुकिंग की सूचना दी।

# आत्मसंतुष्टि का कारण नहीं हो सकता जापान को पीछे छोड़ना

**नई दिल्ली, एजेंसी**

● विश्व आर्थिक मंच के पूर्व एमडी ने कहा- जापान की प्रति व्यक्ति आय अब भी भारत से बहुत आगे

विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) के पूर्व प्रबंध निदेशक (एमडी) क्लॉड स्मदजा ने कहा कि भारत, जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लिए तैयार है, लेकिन उसे आत्मसंतुष्ट नहीं होना चाहिए, क्योंकि प्रति व्यक्ति जीडीपी के मामले में देश जापान से बहुत पीछे है।

अप्रैल, 2025 के आईएमएफ आंकड़ों के अनुसार भारत की प्रति व्यक्ति जीडीपी 2,878.4 डॉलर है जो जापान की प्रति व्यक्ति जीडीपी 33,955.7 डॉलर का लगभग 8.5 प्रतिशत है। इसका अर्थ है कि जापान की प्रति व्यक्ति आय भारत की तुलना में लगभग 11.8 गुना अधिक है। स्मदजा ने विशेष बातचीत में कहा, अर्थव्यवस्था का आकार एक अच्छा संकेतक है क्योंकि यह वैश्विक संतुलन पर देश के आर्थिक भार का एक विचार देता है लेकिन मायने रखता है वह प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) है।

प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद के मामले में, भारत जापान से बहुत नीचे है। इसलिए भारत ने वैश्विक आर्थिक संतुलन में यह चौथा स्थान हासिल किया है या नहीं, यह प्रगति का एक अच्छा संकेतक है, लेकिन यह किसी भी तरह से आत्मसंतुष्टि का कोई कारण नहीं है। स्मदजा ने तर्क दिया कि भारत की नई आर्थिक स्थिति को सुधारों में तेजी लाने के लिए उत्प्रेरक के रूप में काम करना चाहिए तथा तय करना चाहिए कि वृद्धि सभी नागरिकों के लिए उच्च जीवन स्तर में परिवर्तित हो, न कि केवल शहरी और ग्रामीण केंद्रों में उभरते मध्यम वर्ग के लिए।

# रेपो दर में कटौती के बाद बैंक ऑफ बड़ौदा ने 0.50% घटाई ब्याज दर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

● एचडीएफसी ने आरएलएलआर में 0.10% कटौती की घोषणा की

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ बड़ौदा ने रविवार को कहा कि उसने आरबीआई की ब्याज दरों में कटौती के अनुरूप रेपो दर से जुड़ी अपनी प्रमुख उधारी दर में 0.50 प्रतिशत की कटौती की है। निजी क्षेत्र के एचडीएफसी बैंक ने अपनी कोष की सीमांत लागत आधारित उधार दर में विभिन्न अवधियों में 0.10 प्रतिशत की कटौती की है, जिससे उन उधारकर्ताओं को लाभ होगा जिनके ऋण इस बेंचमार्क से जुड़े हैं।

बीओबी ने एक बयान में कहा कि आरबीआई द्वारा नीतिगत रेपो दर में कटौती के अनुरूप, बैंक ने सात जून से अपनी रेपो से संबद्ध ऋण रेट (आरएलएलआर) में 0.50 प्रतिशत की कटौती की है। बैंक ने कहा कि अब उसकी आरएलएलआर 8.15 प्रतिशत है। इसके साथ ही बीओबी ने आरएलएलआर में आरबीआई की कटौती को पूरी तरह लागू कर दिया है। एचडीएफसी बैंक की वेबसाइट के अनुसार, नई एमसीएलआर दरें सात जून से प्रभावी हैं।

## छह माह में दर्जन भर आईपीओ पेश होंगे

**नई दिल्ली।** साल 2025 की सुस्त शुरुआत के बाद एक दर्जन से अधिक कंपनियों ने अगले तीन से छह महीनों में अपना आईपीओ पेश करने की तैयारी कर ली है, जो कि द्वितीयक बाजार में स्थिरता और भू-राजनीतिक तनाव में कमी के कारण संभव हो पाया है। मर्चेंट बैंकरों ने कहा कि पूंजी बाजार में उतरने की तैयारी कर रही कंपनियों में एचडीएफसी बैंक की अनुषंगी कंपनी एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज, नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल), कल्पतरु, रूबिकॉन रिसर्च, ऑल टाइम प्लास्टिक्स, रीग्रीन-एक्सेल ईपीसी इंडिया और परमेसु बायोटेक शामिल हैं।

# पई का इशारा भारतीय स्टार्टअप के लिए घरेलू पूंजी की कमी की ओर

**नई दिल्ली, एजेंसी**



● पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के लिए नीतिगत सुधारों का आह्वान

दिग्गज उद्योगपति और एरिन कैपिटल के चेयरमैन मोहनदास पई का कहना है कि सरकार के प्रतिबंधात्मक नियमों के कारण पर्याप्त घरेलू निवेश की कमी के चलते भारतीय स्टार्टअप पीछे रह गए हैं। उन्होंने पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के लिए नीतिगत सुधारों और अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) में निवेश का आह्वान किया।

पई ने आगाह किया कि भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप केंद्र है इसके बावजूद अगर इन चुनौतियों का समाधान नहीं किया गया तो देश वैश्विक नवाचार में पिछड़ सकता है। पई ने पीटीआई-भाषा को दिए साक्षात्कार में कहा, हमारे पास 1,65,000 पंजीकृत स्टार्टअप हैं, 22,000 को वित्त पोषण मिला है। उन्होंने 600 अरब डॉलर का मूल्य बनाया है। हमें 121 यूनिकॉर्न और शायद 250-300 सूनिकॉर्न मिले।

उन्होंने कहा, स्टार्टअप के लिए सबसे बड़ी समस्या पर्याप्त पूंजी की कमी है। उदाहरण के लिए, चीन ने 2014 से 2024 के बीच स्टार्टअप और उद्यमों में 835 अरब डॉलर का निवेश किया, अमेरिका ने 2.32 लाख करोड़ डॉलर का निवेश किया। हमने सिर्फ़ 160 अरब डॉलर का निवेश किया, जिसमें से संभवतः 80 प्रतिशत विदेशों से आया। इसलिए स्थानीय पूंजी नहीं आ रही है। पई ने बताया कि अमेरिका के विपरीत, जहां बीमा कंपनियां और विश्वविद्यालय निधियां स्टार्टअप कोष के प्रमुख स्रोत हैं, भारतीय कोषों को सरकारी नीति द्वारा स्टार्टअप में निवेश करने से प्रतिबंधित किया गया है, और अधूरे नियामकीय सुधारों के कारण बीमा कंपनियां बड़े पैमाने पर अनुपस्थित रहती हैं।

उन्होंने बीमा कंपनियों को 'फंड-ऑफ-फंड' में भाग लेने की अनुमति देने के लिए विनियामकीय बदलाव लाने की वकालत की और उनके निवेश ढांचे में अधिक लचीलेपन का आह्वान किया। पई ने सरकार के 'फंड-ऑफ-फंड' कार्यक्रम को 10,000 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 50,000 करोड़ रुपये करने का भी सुझाव दिया। उन्होंने आगे कहा कि 40-45 लाख करोड़ रुपये के कोष वाले भारत के पेंशन कोष रूढ़िवादी दृष्टिकोण और प्रतिबंधात्मक नियमों के कारण स्टार्टअप में निवेश करने में असमर्थ हैं। पई ने भारतीय विश्वविद्यालयों में अनुसंधान एवं विकास कोष में पर्याप्त वृद्धि के महत्व पर जोर दिया और डीआरडीओ जैसे संगठनों को अपनी प्रौद्योगिकियों को निजी क्षेत्र के लिए सुलभ बनाने के लिए प्रोत्साहित किया।

## खेल डायरी

### सप्तक तलवार का स्विटजरलैंड में अच्छा प्रदर्शन जारी

**ल्यूसर्न (स्विट्जरलैंड) :** भारत के सप्तक तलवार ने अंतिम पांच होल में चार बर्डी के साथ तीसरे दौर में तीन अंडर 68 का कार्ड खेला, जिससे वह यहां स्विस चैलेंज गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त 16वें स्थान पर पहुंच गए। तलवार ने पहले दो दिन 69-69 का स्कोर बनाया था। तीसरे दौर के बाद उनका कुल स्कोर सात अंडर हो गया है और वह शीर्ष पर काबिज स्वीडन के टोबियास जोनसन से छह शॉट पीछे हैं, जिन्होंने तीसरे दिन 67 का स्कोर बनाया था। गोल्फ़ सेम्पाच में तलवार ने 13वें होल में दिन की एकमात्र बोगी की। इसके बाद उन्होंने हालांकि शानदार वापसी करके आखिरी पांच होल में चार बर्डी लगाई। उन्होंने 14वें और 15वें होल और फिर 17वें और 18वें होल में भी लगातार बर्डी लगाई।

### केन ने एंडोरा के खिलाफ इंग्लैंड को शर्मसार होने से बचाया

**बार्सिलोना :** इंग्लैंड ने कुछ विषम पलों से गुजरने के बाद हैरी केन के दूसरे हाफ में किए गए गोल की मदद से विश्व कप फुटबॉल के यूरोपीय क्वालीफाइंग मैच में एंडोरा पर 1-0 से जीत दर्ज की। इंग्लैंड ने इस जीत से हालांकि अपना विजय अभियान जारी रखा। यह उसकी लगातार तीसरी जीत है जिससे उसके नौ अंक हो गए हैं और वह ग्रुप के में शीर्ष पर काबिज है। इंग्लैंड की टीम विश्व में 173वें स्थान पर काबिज टीम के सामने तब तक गोल नहीं कर सकी जब तक कि 50वें मिनट में नोनी मदुके के पास को केन ने गोल में नहीं बदल दिया। केन का इंग्लैंड की तरफ से यह 106 मैच में 72वां गोल था। केन ने कहा हमें निश्चित रूप से बेहतर प्रदर्शन करना होगा। यह ऐसा प्रदर्शन नहीं है जिसे बहुत से लोग याद रखेंगे। हमें खुशी है कि हम तीन अंक हासिल करने में सफल रहे। अल्बानिया और सर्बिया के बीच कड़ी सुरक्षा के बीच मैच गोलरहित बराबरी पर समाप्त हुआ। अल्बानिया तीन मैचों के बाद चार अंकों के साथ ग्रुप के में इंग्लैंड के बाद दूसरे स्थान पर है।


फ्रेंच ओपन में महिला एकल का खिताब जीतने वाली अमेरिका की कोको गौफ पेरिस के प्लेस डे ला कॉनकॉर्ड में ट्राफी के साथ फोटो खिंचाती हुईं। ● एजेंसी

### चक्रवर्ती, नारायणन, सिवुक तालिका में शीर्ष पर

**नई दिल्ली :** भारत के शीर्ष वरीयता प्राप्त नारायणन एस एल ने 21वें दिल्ली इंटरनेशनल ओपन ग्रैंड मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के तीसरे दौर में रविवार को यहां अर्नव अग्रवाल पर जीत के साथ तालिका में संयुक्त रूप से शीर्ष पर अपना स्थान बरकरार रखा है। नारायणन के साथ शुरुआती तीन मुकाबलों में तीन जीत दर्ज करने वाले ग्रैंड मास्टर दीपन चक्रवर्ती, विटाली सिवुक, मिहेल निकितेंको, कार्तिक वेंकटरमन, अभिजीत गुप्ता और अंतरराष्ट्रीय मास्टर आर्सेन दावत्यान भी संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। अंतरराष्ट्रीय मास्टर आरण्यक घोष ने भी गुरु प्रकाश पर जीत के साथ अपना शानदार खेल जारी रखा है। इस 1.21 करोड़ रुपये पुरस्कार राशि वाले टूर्नामेंट में 20 देशों के 24 ग्रैंडमास्टर सहित 2500 से ज्यादा खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

### निधीश ने टीएनपीएल में स्पार्टन्स को पैंथर्स पर जीत दिलाई

**कोयंबटूर :** निधीश राजगोपाल के अर्धशतक की बदौलत एसकेएम सलेम स्पार्टन्स ने रविवार को यहां तमिलनाडु प्रीमियर लीग (टीएनपीएल) में सीचैम मदुरै पैंथर्स को छह विकेट से हरा दिया। स्पार्टन्स के गेंदबाजों ने प्रभावी प्रदर्शन करते हुए पैंथर्स को छह विकेट पर 164 रन के स्कोर पर रोक दिया। तमिलनाडु के तेज गेंदबाज एम मोहम्मद ने स्पार्टन्स की ओर से 27 रन देकर दो विकेट चटकाए। इसके जवाब में स्पार्टन्स ने निधीश (60 रन, 41 गेंद, सात चौके, दो छक्के) के अर्धशतक और आर केविन (नाबाद 48, 39 गेंद, चार छक्के, एक चौका) के साथ उनकी तीसरे विकेट की 73 रन की साझेदारी से आठ गेंद शेष रहते चार विकेट पर 167 रन बनाकर जीत दर्ज की। पैंथर्स के लिए आईपीएल खिलाड़ियों मुरुगन अश्विन और गुरजपनीत सिंह ने दो-दो विकेट चटकाए।

### भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने बेल्जियम को 3-2 से हराया

**एंटवर्प :** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने रविवार को बेल्जियम के खिलाफ शानदार जीत के साथ यूरोप दौरे की शुरुआत की। आज यहां एंटवर्प में हॉकी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, विलरिजके प्लीन में खेले गये मुकाबले में भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बेल्जियम को 3-2 हराया। मैच की शुरुआत में भारत ने गीता यादव ने (11वें) मिनट में गोलकर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। हालांकि, दूसरे क्वार्टर में मेजबान बेल्जियम की मैरी गोएन्स ने (25वें) मिनट में गोलकर स्कोर 1-1 बराबर कर दिया। इसके तुरंत बाद बेल्जियम ने लुईस वैन हेके के (34वें) मिनट में किये गये गोल की बदौलत 2-1 से बढ़त बना ली। भारत की सोनम ने (40वें) मिनट में गोलकर स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया। इसके बाद भारत ने लगातार आक्रमण जारी रखे और बेल्जियम पर दबाव बनाये रखा। थोड़ी देर बाद भारत को पेनल्टी कॉर्नर मिला और लालथंतलुंगी ने (45वें मिनट) गोल कर अपनी टीम एक बार फिर से बढ़त दिला दी।

# रिंकू सिंह संग सांसद प्रिया सरोज की हुई सगाई


क्रिकेटर रिंकू सिंह और सपा सांसद प्रिया सरोज रिंग दिखाते हुए। ● एजेंसी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार।** क्रिकेटर रिंकू सिंह और सपा सांसद प्रिया सरोज की रिंग सेरेमनी रविवार को राजधानी में हुई। दोनों ने एक दूसरे को अंगूठी पहनाई। इस दौरान सपा प्रमुख अखिलेश यादव और अन्य अतिथियों ने बधाई दी।

लखनऊ के निजी सेंट्रम होटल में संपन्न हुई रिंग सेरेमनी में प्रिया सरोज ने पिंक कलर का लहंगा पहन रखा था, जबकि रिंकू सिंह ने डिजाइनर कुर्ता और पायजामा पहना हुआ था। सेरेमनी के दौरान रिंकू द्वारा अंगूठी पहनाएं जाने पर सांसद प्रिया सरोज भावुक हो गईं। जिन्हें क्रिकेटर रिंकू सिंह से ठिठोली कर हंसाया और फिर अतिथियों के बीच आकर लोगों से बधाई ली। साथ ही संगीत के माहौल में रिंकू सिंह व प्रिया सरोज ने जमकर ठुमके भी लगाए। इसके बाद स्टेज पर परिवार के सदस्यों के साथ अतिथियों के बधाई देने का सिलसिला शुरू हो गया। बधाई देने वालों में सपा प्रमुख के अलावा रिंग सेरेमनी में सपा नेता रामगोपाल वर्मा, महासचिव शिवपाल सिंह यादव, सांसद जिया उर्रहमान बर्क, सांसद जया बच्चन, सांसद धर्मेन्द यादव, और बीसीसीआई के राजीव शुक्ल समेत कई हस्तियां शामिल रहे।


रिंग सेरेमनी के दौरान स्टेज पर मौजूद सपा प्रमुख अखिलेश यादव व अन्य अतिथि। ● एजेंसी

मालूम हो कि सेंट्रम होटल में सगाई के लिए 15 कमरे बुक थे। इसमें पांच कमरे रिंकू सिंह के परिवार व दोस्तों के लिए थे। रिंकू का परिवार शनिवार को ही होटल पहुंच गया था, रात को बच्चों के साथ चहलकदमी करते रिंकू के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए थे। रिंग सेरेमनी में 300 खास मेहमानों को न्योता था।

# इरानी-पाओलिनी ने जीता महिला युगल का खिताब

## फ्रेंच ओपन : पुरुष युगल के चैंपियन बने ग्रैनोलर्स-जेबालोस, जूनियर खिताब टैगर और मैकडोनाल्ड ने जीता

पेरिस, एजेंसी

ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता सारा इरानी और जैस्मीन पाओलिनी की इटली की जोड़ी ने पहली बार फ्रेंच ओपन महिला युगल खिताब जीता तो वहीं पुरुष युगल में मार्सेल ग्रानोलर्स और होरासियो जेबालोस की जोड़ी उम्र को धता बताते हुए चैंपियन बनी।

पिछले साल की उपविजेता रही दूसरी वरीयता प्राप्त इरानी और पाओलिनी ने रविवार को अन्ना डैनिलिना और अलेक्जेंड्रा क्रुनिक को 6-4, 2-6, 6-1 से हराया। इटली की इस जोड़ी ने पिछले साल इसी स्थल पर ओलंपिक का स्वर्ण पदक जीता था। यह इरानी का महिला युगल में छठा ग्रैंड स्लैम जबकि दूसरा फ्रेंच ओपन खिताब है।

इस 38 वर्षीय खिलाड़ी ने इससे पहले रॉबर्टा विंची के साथ एक बेहद सफल जोड़ी बनाकर अमेरिकी ओपन, विंबलडन और ऑस्ट्रेलियन ओपन में खिताबी जीत दर्ज की थी। इरानी के लिए यह फ्रेंच ओपन में इस साल का दूसरा खिताब है। उन्होंने इससे पहले एन्ड्रा वावसोरी के साथ मिश्रित युगल खिताब भी जीता है। पाओलिनी एकल वर्ग की शानदार खिलाड़ी हैं। वह पिछले साल इस क्ले-कोर्ट ग्रैंड स्लैम में उपविजेता रहीं थी। पुरुष युगल में स्पेन के 39 वर्षीय ग्रैनोलर्स और अर्जेंटीना के 40 वर्षीय जेबालोस की जोड़ी चौथी बार किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंची थी और पहली बार चैंपियन बनने में सफल रही। फ्रेंच ओपन में पांचवी वरीयता प्राप्त इस जोड़ी ने फाइनल में जो सैलिसबरी और नील स्कूप्स्की की ब्रिटिश जोड़ी को 6-0, 6-7 (5), 7-5 से हराया। ग्रैनोलर्स और ज़ेबालोस 2019 में अमेरिकी ओपन और 2021 और 2023 में विंबलडन में उपविजेता रहे थे। सेलिसबरी और स्कूप्स्की ओपन युग में ग्रैंड स्लैम पुरुष युगल फाइनल में पहुंचने वाली पहली ब्रिटिश जोड़ी थी।


विजेता इटली की जैस्मीन पाओलिनी (बाएं) और सारा ईरानी। ● एजेंसी


स्पेन के मार्सेल ग्रैनोलर्स और अर्जेंटीना के होरासियो जेबालोस ट्राफी के साथ। ● एजेंसी

**टैगर और मैकडोनाल्ड ने फ्रेंच ओपन जूनियर खिताब जीते :** ऑस्ट्रिया की लिली टैगर ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए एक भी सेट गंवाए बिना फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट में लड़कियों का एकल खिताब जीता। पहली बार फ्रेंच ओपन के जूनियर वर्ग में खेल रही 17 वर्षीय टैगर ने शनिवार को फाइनल में ब्रिटेन की आठवीं वरीयता प्राप्त हन्ना क्लुगमैन को 6-2, 6-0 से हराया। टैगर ने पांच ब्रेक प्वाइंट बचाए तथा 19 विनर्स लगाए। वह फ्रेंच ओपन में जूनियर एकल खिताब जीतने वाली पहली ऑस्ट्रियाई खिलाड़ी हैं। किसी बड़े टूर्नामेंट में उनका पिछला सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन इस साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचना था। लड़कों के एकल वर्ग के फाइनल में नील्स मैकडोनाल्ड ने जर्मनी के हम वतन खिलाड़ी मैक्स शोनेहॉस के खिलाफ़ तीन सेट तक चले मुकाबले में 6-7 (5), 6-0, 6-3 से जीत हासिल की। मैकडोनाल्ड 2014 में ऑस्ट्रेलियाई ओपन में जूनियर खिताब जीतने वाले अलेक्जेंडर के बाद जर्मनी के पहले ऐसे खिलाड़ी है जिन्होंने किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में एकल खिताब जीता।

### म्यूनिख विश्व कप

## भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे स्वप्निल व इलावेनिल

**म्यूनिख :** वापसी कर रहे पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता निशानेबाज स्वप्निल कुसाले और इलावेनिल वलारिवान मंगलवार से यहां शुरू हो रहे सत्र के तीसरे आईएसएसएफ विश्व कप में भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे। विश्व कप में कई अंतरराष्ट्रीय सितारे हिस्सा लेंगे।

कुसाले ने घरेलू सर्किट में अच्छे प्रदर्शन के दम पर पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन (थ्री पी) स्पर्धा में वापसी की। दो बार की ओलंपियन इलावेनिल पेरिस के बाद पहली बार अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में नजर आएंगी। हालांकि वह आरपीओ (केवल रैंकिंग अंक) निशानेबाज के तौर पर ब्यूनस आयर्स और लीमा गई थीं।

महिला एयर पिस्टल में एशियाई खेलों की मौजूदा चैंपियन पलक की भी टीम में वापसी हुई है। हाल ही में महिला एयर राइफल राष्ट्रीय चैंपियन बनी अनन्या नायडू जैसे कुछ निशानेबाज विश्व कप में पदार्पण करेंगे। पुरुष एयर पिस्टल में आदित्य मालरा और निशांत रावत के रूप में दो नए चेहरे होंगे।

# भारतीय टीम ने इंग्लैंड में अभ्यास शुरू किया

लंदन, एजेंसी

भारतीय क्रिकेट टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ 20 जून से लीड्स में शुरू होने वाली पांच टेस्ट मैचों की सीरीज से पहले लॉर्ड्स में अभ्यास करके दौरे की शुरुआत की।

जसप्रीत बुमराह, प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज और अर्शदीप सिंह की तेज गेंदबाजी चौकड़ी के अलावा नवनियुक्त कप्तान शुभमन गिल, ऋषभ पंत और ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने मुख्य कोच गौतम गंभीर के मार्गदर्शन में अभ्यास किया। रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे दिग्गजों के संन्यास लेने के बाद गिल को भारत का 37वां टेस्ट कप्तान बनाया गया। वह एक अपेक्षाकृत युवा टीम की अगुआई कर रहे हैं जिसका लक्ष्य 2007 के बाद से इंग्लैंड में अपनी पहली टेस्ट शृंखला जीतना है।


इंग्लैंड में अभ्यास सत्र के दौरान आराम फरमाते भारतीय खिलाड़ी। ● एजेंसी

शृंखला हेडिंग्ले में शुरू होगी जिसके बाद एजबेस्टन, लॉर्ड्स, ओल्ड ट्रैफर्ड और ओवल में टेस्ट मैच खेले जाएंगे। भारतीय टेस्ट टीम में शामिल कुछ खिलाड़ी अभी भारत ए की तरफ से नॉर्थम्पटन में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दूसरे अनधिकृत टेस्ट मैच में खेल रहे हैं।

## भारत ए को पहली पारी के आधार पर इंग्लैंड लॉयन्स पर 21 रन की बढ़त

**नॉर्थम्पटन (इंग्लैंड) :** बाएं हाथ के तेज गेंदबाज खलील अहमद (70 रन पर चार विकेट) के चार विकेट से भारत ए ने रविवार को यहां दूसरे अनौपचारिक टेस्ट के तीसरे दिन चाय तक इंग्लैंड लॉयन्स को 327 रन पर समेटकर पहली पारी के आधार पर 21 रन की बढ़त बनाई। इंग्लैंड की टीम ने दिन की शुरुआत तीन विकेट पर 192 रन से की और सुबह के सत्र में एक समय सिर्फ 10 रन जोड़कर चार विकेट गंवाए।

तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज (56 रन पर दो विकेट) और तुषार देशपांडे (62 रन पर दो विकेट) ने खलील का अच्छा साथ निभाते हुए दो-दो विकेट चटकाए। भारत ए ने पहली पारी में 348 रन बनाए थे। सुबह के सत्र में जोर्डन कॉक्स (45) और कप्तान जेम्स रेव (10) ने मेजबान टीम को सतर्क शुरुआत दिलाई। कॉक्स ने शारदुल ठाकुर पर चौका जड़ा लेकिन खलील ने दिन के पांचवें और पारी के 51वें ओवर में उन्हें विकेटकीपर ध्रुव जुरेल के हाथों कैच कराके अर्धशतक से वंचित किया। खलील ने 55वें ओवर में कप्तान रेव को करुण नायर के हाथों कैच कराया और फिर अगली गेंद पर यॉर्कर पर जॉर्ज हिल (00) को बोल्ड किया।

# आखिरी क्षणों में गोल खाने से बचना चाहेगा भारत

### एफआईएच प्रो लीग

एम्सटलवीन, एजेंसी

भारतीय पुरुष हॉकी टीम को अगर नीदरलैंड के खिलाफ वापसी करनी है और एफआईएच प्रो लीग में शीर्ष स्थान की दौड़ में बने रहना है तो उसे सोमवार को यहां होने वाले महत्वपूर्ण मैच में आखिरी क्षणों में गोल खाने से बचना होगा।



भारत शनिवार को नीदरलैंड के खिलाफ 1-2 से हार के बाद प्रो लीग तालिका में चौथे स्थान पर खिसक गया है। नीदरलैंड नौ मैचों में 17 अंक लेकर शीर्ष पर है। उसके बाद इंग्लैंड (आठ मैचों में 16 अंक), बेल्जियम (आठ मैचों में 16 अंक) और भारत (नौ मैचों में 15 अंक) का नंबर आता है। प्रो लीग का यूरोपीय चरण भारत के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। शीर्ष स्थान पर रहने से भारत अगले साल बेल्जियम और नीदरलैंड की संयुक्त मेजबानी में होने वाले विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई कर जाएगा। भारतीय टीम अगर इसमें नाकाम रहती है तो उसे पांच से 14 सितंबर तक बिहार के राजगीर में होने वाले एशिया कप के जरिए विश्व कप में जगह बनाने का एक और मौका मिलेगा।

# भारत ने ताइवान ओपन एथलेटिक्स में दूसरे दिन छह स्वर्ण पदक जीते

● **विथ्या रामराज, रोहित यादव, पूजा, अन्नू रानी और कृष्ण कुमार को मिली सफलता**

ताइपे सिटी, एजेंसी

भारत ने रविवार को ताइवान ओपन अंतरराष्ट्रीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप के दूसरे और अंतिम दिन दबदबा बनाते हुए महिलाओं के 800 मीटर फाइनल और लंबी कूद प्रतियोगिता में दोहरे पदक सहित छह स्वर्ण पदक जीते। तीन बार की राष्ट्रीय चैंपियन विथ्या रामराज, रोहित यादव, पूजा, अन्नू रानी और कृष्ण कुमार ने अपने-अपने मुकाबलों में स्वर्ण पदक जीते जिससे भारतीय दल ने प्रभावशाली प्रदर्शन किया।


संतोष टी, विशाल टीके, धर्मवीर चौधरी और मनु टीएस की पुरुष चार गुणा 400 मीटर रिले टीम ने भी तीन मिनट 5.58 सेकेंड के चैंपियनशिप रिकॉर्ड समय के साथ स्वर्ण पदक जीतते हुए भारत के अभियान का सकारात्मक अंत किया। यशास पलाक्ष ने पुरुषों की 400 मीटर बाधा दौड़ में 42.22 सेकेंड के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय के साथ रजत पदक जीता। इस परिणाम से 2025 एशियाई चैंपियनशिप से चूकने के बाद उनके आत्मविश्वास को बढ़ावा मिलेगा।

विथ्या ने महिलाओं की 400 मीटर बाधा दौड़ में 56.53 सेकेंड का समय लेकर स्वर्ण पदक जीता जो इस साल का उनका तीसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। तमिलनाडु की इस एथलीट ने फेडरेशन कप फाइनल में 56.04 सेकेंड और एशियाई चैंपियनशिप फाइनल में 56.46 सेकेंड का समय लिया था।

रोहित पुरुषों की भाला फेंक प्रतियोगिता में 75 मीटर का आंकड़ा पार नहीं कर सके लेकिन 74.42 मीटर का उनका सर्वश्रेष्ठ प्रयास उन्हें इस स्पर्धा में स्वर्ण पदक दिलाने के लिए पर्याप्त था। ताइपे के हुआंग शिह फेंग ने 74.04 मीटर के प्रयास से रजत जबकि उनके हमवतन चेंग चाओ टीसुन ने 73.95 मीटर के प्रयास से कांस्य पदक जीता। पूजा ने महिलाओं के 800 मीटर फाइनल में दो मिनट 2.79 सेकेंड के चैंपियनशिप रिकॉर्ड समय के साथ जीत हासिल की और हमवतन ट्विंकल चौधरी को पीछे छोड़ दिया।

# आईपीएल के लिए भी होनी चाहिए 16 सप्ताह की विंडो

● **पंजाब किंग्स के सह-मालिक मोहित बर्मन ने नेशनल फुटबॉल लीग से बराबरी करने के लिए समय बढ़ाने पर दिया जोर**



आईपीएल की मौजूदा आठ सप्ताह के तुलना में प्रीमियर लीग (अगस्त से मई), एनबीए (सात महीने) और एनएफएल (4 .5 महीने) की बहुत लंबी विंडो है, जो उनके मूल्य को भी बढ़ाती है।

नई दिल्ली, एजेंसी

पंजाब किंग्स के सह-मालिक मोहित बर्मन का मानना है कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) को एनएफएल (नेशनल फुटबॉल लीग, अमेरिका), एनबीए (नेशनल बास्केटबॉल एसोसिएशन , अमेरिका) और यूरोपीय देशों की बड़ी फुटबॉल लीग सहित दुनिया की शीर्ष खेल लीगों के ब्रांड मूल्य से मेल खाने के लिए 12 से 16 सप्ताह की विंडो (टूर्नामेंट के आयोजन का समय) की आवश्यकता है।

आईपीएल के प्रति मैच का मूल्य लगभग 16.8 मिलियन डॉलर है जो दुनिया भर के विभिन्न खेलों की शीर्ष लीग में सिर्फ एनएफएल (36.8 मिलियन डालर) से पीछे है, लेकिन जब समग्र ब्रांड मूल्य की बात आती है तो यह एनएफएल और यूरोप की शीर्ष फुटबॉल लीग से काफी पीछे है।

प्रमुख निवेश बैंक हौलिहान लॉकी के अनुसार आईपीएल का ब्रांड मूल्य लगभग 16 बिलियन डॉलर है, जबकि एक एनएफएल फ्रेंचाइजी डलास काउबॉय की कीमत ही नौ बिलियन डॉलर है, इसके बाद न्यूयॉर्क यांकीस की कीमत 7.1 बिलियन डॉलर है। एनबीए फ्रेंचाइजी न्यूयॉर्क निक्स का मूल्य सात बिलियन डॉलर है, जबकि शीर्ष फुटबॉल क्लब रियाल मैड्रिड और मैनचेस्टर यूनाइटेड ने का मूल्य लगभग छह बिलियन डॉलर है। बर्मन ने आईपीएल के आगे की राह और पंजाब किंग्स के उल्लेखनीय बदलाव के बारे में पीटीआई से बात की। पंजाब की टीम 11 साल के लंबे अंतराल के बाद आईपीएल फाइनल में पहुंची। 'डाबर इंडिया' के प्रमुख बर्मन ने कहा हम प्रति मैच मूल्य के मामले में पहले से ही एनएफएल के बाद दुनिया में दूसरे स्थान पर हैं। लेकिन जब बात ब्रांड मूल्य की आती है तो आंकड़े कुछ और होता है। यह एक अलग पहलू है। मुझे लगता है कि हमें वहां पहुंचने के लिए इस लीग का आयोजन 12 से 16 सप्ताह तक कराने की जरूरत है। उन्होंने कहा इससे हमें बेहतर माहौल बनाने, प्रतिद्वंद्विता बनाने और सभी (प्रशंसक, प्रायोजक, प्रसारक) के लिए अधिक मूल्य बनाने का मौका मिलता है। लेकिन यह सिर्फ आयोजन का समय बढ़ाने के बारे में नहीं है। यह इस बारे में है कि हम उस समय में क्या करते हैं। हम किस तरह की सामग्री पेश करते हैं, हम साल भर प्रशंसकों को कैसे जोड़ते हैं, हम सत्र से परे लीग का निर्माण कैसे करते हैं।

पंजाब किंग्स ने इस सत्र में अपना दूसरा फाइनल खेला और 2014 के बाद से लीग तालिका में शीर्ष पर रहने के बाद यह टीम का पहला फाइनल था। पिछले कुछ साल से खराब प्रदर्शन करने वाली इस टीम की सफलता का श्रेय कोच रिकी पोंटिंग और कप्तान के तौर पर श्रेयस अय्यर को दिया जा रहा है। बर्मन ने कहा रिकी पोंटिंग को टीम का कोच बनाना हमारे बदलाव का पहला कदम था।

# जयशंकर यूरोप रवाना, द्विपक्षीय संबंध व आतंक होगा प्रमुख मुद्दा

- विदेश मंत्री फ्रांस, यूरोपीय संघ और बेल्जियम के नेताओं के साथ करेंगे वार्ता

नई दिल्ली, एजेंसी

विदेश मंत्री एस जयशंकर रविवार को यूरोप की एक सप्ताह की यात्रा पर रवाना हुए जहां वह फ्रांस, यूरोपीय संघ और बेल्जियम के नेताओं के साथ वार्ता करेंगे ताकि द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा दिया जा सके और आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की भारत की नीति को पुनः पुष्ट किया जा सके। जयशंकर की यूरोप यात्रा पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में भारत द्वारा 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू किए जाने के एक महीने बाद हो रही है।

ऐसी अपेक्षा है कि जयशंकर यूरोपीय नेताओं को सीमा पार आतंकवाद से निपटने को लेकर नई दिल्ली के दृष्टिकोण से अवगत कराएंगे। अपने



दौरे के पहले चरण में जयशंकर फ्रांस जाएंगे। फ्रांस एक ऐसा देश है जो भारत का सदाबहार मित्र बनकर उभरा है। विदेश मंत्री पेरिस और मार्सिले की यात्रा करेंगे जहां वह यूरोप और विदेश मामलों के अपने समकक्ष मंत्री जीन नोएल बैरट के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। जयशंकर मार्सिले शहर में आयोजित होने वाले मेडिटरेनीयन रायसीना डायलॉग के पहले संस्करण में भी भाग लेंगे। जयशंकर ब्रसेल्स में यूरोपीय संघ की उच्च प्रतिनिधि व उपाध्यक्ष काजा कलास से रणनीतिक वार्ता करेंगे। विदेश मंत्रालय ने कहा, भारत-यूरोपीय संघ की रणनीतिक साझेदारी पिछले कुछ साल में विभिन्न क्षेत्रों में मजबूत हुई है तथा इस साल फरवरी में यूरोपीय संघ के कॉलेज ऑफ कमिश्नर्स की पहली भारत यात्रा से इसे और बढ़ावा मिला है। थिंक टैंक व मीडिया से बातचीत करने के अलावा यूरोपीय आयोग और यूरोपीय संसद के वरिष्ठ नेतृत्व से भी मिलेंगे। अपनी यात्रा के तीसरे और अंतिम चरण में विदेश मंत्री बेल्जियम के नेताओं के साथ व्यापक बातचीत करेंगे।

# कहीं आपके फोन की जासूसी तो नहीं हो रही

कुछ हट के

ऑनलाइन की दुनिया आज के वक्त में खतरे से खाली नहीं है। बाजार में इतने सॉफ्टवेयर हैं कि किसी की भी जासूसी हो सकती है। वैसे एंड्रॉयड के मुकाबले आईफोन को हैक करना काफी मुश्किल है, लेकिन ऐसा नहीं है कि हैक नहीं हो सकता है। दुनिया का कोई भी गैजेट हैकप्रूफ नहीं है। आपकी एक गलती हैकर्स को आपके बैंक अकाउंट तक पहुंचने का रास्ता दे सकती है।, या आपका निजी डेटा लीक हो सकता है। इसको लेकर हैकर्स नए-नए पैंतरे निकालते हैं। प्ले स्टोर में ऐसे बहुत से फर्जी ऐप्स और जासूसी सॉफ्टवेयर हैं जो चुपके से आपके मैसेज, फोटो, कॉल, लोकेशन और बाकी जानकारी चुरा सकते हैं। ये ऐप्स अक्सर बिना आपकी जानकारी के आपके फोन में डाल दिए जाते हैं और पकड़े न जाएं इसलिए होम स्क्रीन से गायब हो जाते हैं, जिससे इन्हें ढूंढना मुश्किल हो जाता है। इन्हें 'स्टॉकरवेयर' भी कहा जाता है।




## बचाव के आसान उपाय

- **सेटिंग्स देखे :** एक्सेसिबिलिटी सेटिंग्स, नोटिफिकेशन एक्सेस व डिवाइस एडमिन ऑप्शन्स में देखें कि कोई अजीब ऐप तो नहीं है। स्टॉकरवेयर डिवाइस हेल्थ या सिस्टम सर्विस जैसे नाम रखकर छिप जाते हैं।
- **गूगल प्ले प्रोटेक्ट चालू करें :** ये फीचर आपके ऐप्स को स्कैन करके खतरे का पता लगाएगा और जासूसी करने वाले ऐप्स से बचाएगा।
- **अज्ञात ऐप्स बंद करें :** अगर आपको कोई ऐसा ऐप मिले जिसे आपने डाउनलोड नहीं किया है और बहुत सारी परमिशन है, तो उसे तुरंत बंद करें और अनइंस्टॉल कर दें।

## इस तरह गतिविधियों पर रखते नजर

- **स्क्रीनशॉट :** यह डिवाइस की स्क्रीन के स्क्रीनशॉट लेता है, जिससे उपयोगकर्ता की गतिविधियों का पता चलता है।
- **लोकेशन ट्रैकिंग :** यह डिवाइस की लोकेशन को ट्रैक करता है, जिससे उपयोगकर्ता की भौतिक स्थिति का पता चलता है।
- **कॉल और मैसेज लॉगिंग :** यह कॉल लॉग, मैसेज आदि को रिकॉर्ड करता है, जिससे उपयोगकर्ता की गतिविधियों का पता चलता है।
- **कैमरा व माइक्रोफोन एक्सेस :** कुछ स्पाइवेयर कैमरा व माइक्रोफोन को एक्सेस कर सकते है और आपकी बातें लीक हो सकती हैं।

## ग्रीन सिग्नल दिखे तो हो जाएं अलर्ट



- स्मार्टफोन कंपनियों ने अब फोन में ग्रीन लाइट सिग्नल की सुविधा देना शुरू कर दिया है। इस लाइट का मतलब है कि आपके फोन में माइक या कैमरे का इस्तेमाल किया जा रहा है। ऐसे में यदि सभी एप बंद रखें हैं और फिर भी आपको ग्रीन लाइट दिख रही है तो आप हैकर्स के निशाने पर हैं और जासूसी की जा रही है। तुरंत अनजान एप को फोन से डिलीट करें।

## एक नजर

### पश्चिमी भारतीय-अंटार्कटिक रिज पर 6.2 तीव्रता का भूकंप

**बीजिंग।** अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने बताया कि शनिवार को 2320 बजे पश्चिमी भारतीय-अंटार्कटिक रिज पर 6.2 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप का केंद्र 10.0 किमी की गहराई पर था, जिसे शुरू में 47.83 डिग्री दक्षिण अक्षांश और 116.02 डिग्री पूर्वी देशांतर पर निर्धारित किया गया था।

### अमेरिका में लोकप्रिय टिकटॉकर हिरासत में

**वॉशिंगटन।** अमेरिका की एक संघीय कानून प्रवर्तन एजेंसी दुनिया के सबसे प्रसिद्ध टिकटॉकरों में से एक खाबी लैम को वीज़ा समाप्त होने के कारण हाल ही में हिरासत ले लिया। अमेरिकी आव्रजन और सीमा शुल्क प्रवर्तन (आइसीई) ने यूनिसेफ गुडविल राजदूत एवं लगभग 1380 करोड़ अधिक फॉलोअर्स वाले लोकप्रिय टिकटॉकर को 6 जून को लास वेगास के हैरी रीड अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हिरासत में लिया था।

### अमेरिका ने नेपाल का अस्थायी संरक्षित दर्जा किया समाप्त

**काठमांडू।** अमेरिका ने 2015 के विनाशकारी भूकंप के बाद नेपाल को दिया गया अस्थायी संरक्षित दर्जा (टीपीएस) समाप्त कर दिया है। स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी। अमेरिका के गृह मंत्रालय द्वारा शनिवार को जारी अधिसूचना में कहा गया कि इस वर्ष 24 जून को टीपीएस की मियाद समाप्त होने के बाद इसे नेपाल के लिए नहीं बढ़ाया जाएगा। हिमालयन टाइम्स में छपी खबर के मुताबिक, अमेरिका की गृह मंत्री क्रिस्टी नोएम ने कहा कि लाभार्थियों को मियाद समाप्त होने के बाद, पांच अगस्त तक 60 दिन का समय दिया जाएगा।

### परमाणु केंद्रों के निरीक्षण को तैयार पर दबाव स्वीकार नहीं

**तेहरान।** ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेज़ेशकियान ने शनिवार को कहा कि उनका देश अपने परमाणु संयंत्रों के निरीक्षण के लिए तैयार है, लेकिन किसी भी तरह के दबाव को स्वीकार नहीं करेगा। पेज़ेशकियान ने यह बात कज़ाखस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री मुरात नुर्तलेउ से तेहरान में मुलाक़ात के दौरान कही। यह टिप्पणी ईरान और अमेरिका के बीच अप्रत्यक्ष परमाणु वार्ताओं के संदर्भ में की गई, जिसकी जानकारी वेबसाइट पर दी गई है।

# अप्रवासन नीति के खिलाफ लॉस एंजिल्स में लोगों का हिंसक प्रदर्शन

## ट्रंप के खिलाफ अमेरिका में लोगों का भड़का गुस्सा, पुलिस पर पटाखे-पत्थर फेंके

- पुलिस ने भीड़ पर आंसू गैस के गोले दागे, ट्रंप ने 2000 गार्ड्स भेजे
- गवर्नर ने सरकार के इस कदम पर जताई आपत्ति

पैरामाउंट (अमेरिका), एजेंसी

अमेरिका में ट्रंप प्रशासन की अप्रवासन नीति के खिलाफ लोगों का विरोध बढ़ता जा रहा है। शनिवार को कैलिफोर्निया के लॉस एंजिल्स में आव्रजन और सीमा शुल्क प्रवर्तन की ओर से की गई छापेमारी के जवाब में हजारों प्रदर्शनकारी सड़कों पर उतर आए और पुलिस पर पटाखे-पत्थर फेंके। प्रदर्शनकारी पुलिस और अप्रवासन विभाग के लोगों से भिड़ गए। पुलिस ने लाठी चार्ज कर और आंसू गैस के गोले छोड़कर भीड़ को नियंत्रित किया। राष्ट्रपति ट्रंप ने भी इस पर कड़ी नाराजगी जताई है। इससे पहले शुक्रवार को भी लॉस एंजेलिस में ऐसे ही हंगामा हुआ था।

राष्ट्रपति ट्रंप ने प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए कैलिफोर्निया नेशनल गार्ड के 2,000 जवानों को तैनात की है। जबकि गवर्नर ने सरकार के इस कदम पर आपत्ति जताई है। लॉस एंजिलिस में संघीय आव्रजन अधिकारियों ने आव्रजन नियमों के उल्लंघन को लेकर शुक्रवार को 44 लोगों को गिरफ्तार किया जिसके बाद एक संघीय हिरासत केंद्र के बाहर उस समय झड़प हुई जब इस कार्रवाई का विरोध करने जुटे लोगों को तितर-बितर करने के लिए अधिकारियों ने आंसू गैस के गोले दागे। कैलिफोर्निया के गवर्नर एवं डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता गैविन न्यूसम ने इस कदम पर आपत्ति जताई और कहा कि रिपब्लिकन पार्टी के नेता एवं राष्ट्रपति ट्रंप का यह कदम जानबूझकर भड़काने वाला है और इससे केवल तनाव बढ़ेगा।



अमेरिका में लॉस एंजेलिस में प्रदर्शनकारियों पर आंसू गैस के गोले दागते सुरक्षाबल के जवान।

## कोलंबिया में हथियारबंदों ने सांसद को गोली मारी, गंभीर

**बोगोटा।** कोलंबिया की राजधानी बोगोटा में शनिवार को एक चुनाव प्रचार अभियान रैली के दौरान हथियारबंद बदमाशों ने सांसद मिगुएल उरीबे टर्बे को गोली मार दी जिससे वह घायल हो गए। प्राधिकारियों ने यह जानकारी दी। देश के ऊपरी सदन सीनेट के सदस्य उरीबे अगले साल होने वाले राष्ट्रपति पद के चुनाव के संभावित प्रत्याशी हैं। उनकी पार्टी डेमोक्रेटिक सेंटर ने एक बयान जारी कर इस घटना को हिंसा का अस्वीकार्य कृत्य बताया। उनकी पार्टी ने बताया कि यह घटना फोंटिबोन के एक पार्क में हुई जब हथियारबंद हमलावरों ने सांसद को पीछे से गोली मार दी। सोशल मीडिया पर प्रसारित तस्वीरों में खून से लथपथ उरीबे को कई लोगों द्वारा पकड़े देखा जा सकता है। संभवत: उनके सिर पर चोट आई है। अभी तक सीनेटर की हालत के बारे में कोई आधिकारिक जानकारी साझा नहीं की गई है। बोगोटा के मेयर कार्लोस गैलन ने एक्स पर पोस्ट साझा कर बताया कि संदिग्ध हमलावर को पकड़ लिया गया है लेकिन संघीय सरकार ने कहा कि इस हमले के जिम्मेदार लोगों को पकड़ने के लिए इनाम घोषित किया गया है।

## यूक्रेन पर सैनिकों के शवों को सौंपने में देरी करने का आरोप

**मॉस्को।** रूस के अधिकारियों ने रविवार को कहा कि युद्ध में मारे गए 6,000 सैनिकों के शवों को योजनाबद्ध तरीके से एक-दूसरे को सौंपे जाने के लिए मॉस्को अब भी कीव से आधिकारिक पुष्टि का इंतजार कर रहा है। इसके साथ ही रूस ने अपने उस आरोप को दोहराया कि यूक्रेन ने इस प्रक्रिया को स्थगित कर दिया है।

रूस की सरकारी मीडिया ने रूसी वार्ताकार समूह के प्रतिनिधि लेफ्टिनेंट जनरल अलेक्जेंडर जोरिन के हवाले से कहा कि रूस ने सीमा पर विनिमय स्थल पर यूक्रेनी सशस्त्र बलों के सैनिकों के 1,212 शवों को पहुंचा दिया है और यूक्रेनी अधिकारियों से पुष्टि की प्रतीक्षा कर रहा है। जोरिन ने कहा कि ऐसे संकेत मिले हैं कि शवों को सौंपने की प्रक्रिया अगले सप्ताह तक स्थगित कर दी जाएगी। रूस और यूक्रेन ने शनिवार को एक-दूसरे पर युद्ध में मारे गए 6,000 सैनिकों के शवों की अदला-बदली की योजना को खतरे में डालने का आरोप लगाया, जिस पर सोमवार को इस्तांबुल में आमने-सामने की वार्ता के दौरान सहमति बनी थी। हालांकि, इस वार्ता में युद्ध को समाप्त करने की दिशा में कोई प्रगति नहीं हुई थी। रूसी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने वाले पुतिन के सहयोगी व्लादिमीर मेडिंस्की ने कहा कि कीव ने शवों को सौंपने की प्रक्रिया को अंतिम समय में रोक दिया।

# अमेरिका में भारत का दबदबा, दो भारतवंशी उम्मीदवार चुनाव जीते

- टेक्सास नगर परिषद चुनाव में संजय सिंघल व सुख कौर ने शुगर लैंड तथा सैन एंटोनियो में जीत हासिल की



ह्यूस्टन (अमेरिका), एजेंसी

अमेरिका के टेक्सास नगर परिषद चुनावों में दो भारतीय-अमेरिकी उम्मीदवारों ने अपने-अपने शहर में जीत दर्ज की। संजय सिंघल और सुख कौर ने क्रमशः शुगर लैंड तथा सैन एंटोनियो में नगर परिषद चुनावों में जीत हासिल की। प्रारंभिक चरण का चुनाव तीन जून को हुआ था जिसके बाद अंतिम दो उम्मीदवारों के बीच चुनावी (रनऑफ) मुकाबले के लिए मतदान शनिवार को हुआ।

शुगरलैंड के 'डिस्ट्रिक्ट 2' में सिंघल ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी भारतीय-अमेरिकी नासिर हुसैन को हराकर चुनाव जीता। 'फोर्ट बेंड काउंटी' के अनौपचारिक परिणामों के अनुसार, सिंघल को 2,346 वोट मिले जबकि हुसैन को 777 वोट मिले। आईआईटी दिल्ली के पूर्व छात्र सिंघल ने अपना चुनाव प्रचार अभियान पारदर्शी शासन, बुनियादी ढांचे में सुधार और सामुदायिक जुड़ाव पर केंद्रित किया। सिख-अमेरिकी और शिक्षा सुधारक सुख कौर ने सैन एंटोनियो में भारी जीत हासिल कर 'डिस्ट्रिक्ट 1' की अपनी परिषद सीट बरकरार रखी। कौर सैन एंटोनियो में अपने पति और दो बच्चों के साथ रहती हैं।

एक गैर-लाभकारी संस्था की नेता कौर ने अपने प्रतिद्वंद्वी पैटी गिबन्स को 65 प्रतिशत मतों से हराया। स्टैनफोर्ड और हार्वर्ड से स्नातक तथा सैन एंटोनियो शहर परिषद के लिए चुनी गईं पहली सिख महिला कौर ने अपने प्रचार अभियान को किफायती आवास, सार्वजनिक परिवहन विस्तार और समावेशी शहरी विकास पर केंद्रित किया।

# ग्रेटा थनबर्ग और 12 अन्य को गाजा पहुंचने से रोकेगा इजराइल

- समुद्र के रास्ते नाव से निकली जलवायु संरक्षण कार्यकर्ता

तेल अवीव, एजेंसी

इजराइल के रक्षा मंत्री ने पर्यावरण कार्यकर्ता ग्रेटा थनबर्ग और अन्य कार्यकर्ताओं को ले जा रही राहत सहायता नौका को गाजा पट्टी तक पहुंचने से रोकने की प्रतिबद्धता जताई। रक्षा मंत्री इजराइल कैट्ज ने रविवार को कहा कि इजराइल किसी को भी फलस्तीनी क्षेत्र पर अपनी नौसैनिक नाकेबंदी तोड़ने की अनुमति नहीं देगा, जिसका उद्देश्य हमास को हथियार आयात करने से रोकना है।

ग्रेटा थनबर्ग और 12 अन्य कार्यकर्ता मैडलीन नामक नौका पर सवार हैं। नौका का संचालन संचालन फ्रीडम फ्लोटिला गठबंधन द्वारा किया जाता है। यह नौका पिछले रविवार को सिसिली से गाजा की समुद्री नाकेबंदी तोड़ने और मानवीय सहायता पहुंचाने के मिशन के साथ रवाना हुई थी। इसका मकसद



फलस्तीनी क्षेत्र में बढ़ते मानवीय संकट के बारे में दुनिया को जागरूक करना भी है। कार्यकर्ताओं ने कहा था कि उनकी योजना रविवार को ही गाजा के जलक्षेत्र में पहुंचने की है। जहाज पर मौजूद अन्य लोगों में यूरोपीय संसद की फ्रांसीसी सदस्य एवं फलस्तीनी मूल की रीमा हसन भी शामिल हैं। फलस्तीनियों के प्रति इजराइल की नीतियों का विरोध करने के कारण उन्हें इजराइल में प्रवेश करने से रोक दिया गया है।

## राहत सहायता स्थल के पास इजराइली गोलीबारी में 5 की मौत

**गाजा पट्टी।** गाजा पट्टी में इजराइल और अमेरिका समर्थित समूह द्वारा संचालित राहत सहायता वितरण केंद्र से लगभग एक किलोमीटर दूर इजराइली गोलीबारी में कम से कम पांच लोग मारे गए और कुछ अन्य घायल हुए हैं। फलस्तीनी स्वास्थ्य अधिकारियों और प्रत्यक्षदर्शियों ने यह जानकारी दी।

इजराइली सेना ने कहा कि उसने अपने सैनिकों के नजदीक आने वाले लोगों पर चेतावनी के तौर पर गोलियां चलाईं। गाजा के दक्षिणी शहर खान यूनिस के नासिर अस्पताल में चार शव लाए गए। वहां मौजूद फलस्तीनी प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि इजराइली सेना ने उन पर एक गोल चक्कर पर गोलीबारी की थी जो पास के शहर राफा में गाजा ह्यूमेनिटेरियन फाउंडेशन द्वारा संचालित एक राहत सहायता केंद्र से करीब एक किलोमीटर दूर है।

## रिवर राफ्टिंग




गर्मी के मौसम में हिल स्टेशन सैलानियों से गुलजार हो उठे हैं। हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में रविवार को ब्यास नदी में पर्यटकों ने राफ्टिंग का आनंद लिया। एजेंसी

## असम: अवैध रूप से मवेशियों के वध के आरोप में 16 गिरफ्तार

**गुवाहाटी/नगांव।** असम के मुख्यमंत्री ने रविवार को कहा कि राज्य में एक दिन पहले ईद के दौरान अवैध रूप से मवेशियों के वध के आरोप में 16 लोगों को गिरफ्तार किया गया। कई स्थानों से मवेशियों के अंगों की बरामदगी हुई है। बराक घाटी के दो जिलों- कछार के गुमराह, सिलचर व लखीपुर और करीमगंज के बदरपुर व बंगा में 5 अवैध वध स्थल पाए गए। एक अधिकारी ने बताया कि हिंदू समुदाय के लोगों ने होजाई में दिन में सड़कें अवरुद्ध की और आरोप लगाया कि शनिवार रात को कुछ शरारती तत्वों ने मांस के टुकड़े फेंके थे जबकि मुस्लिमों ने भी सड़क जाम की। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर किया। कहा कि हमारा संविधान धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार की गारंटी देता है लेकिन यह कानून के शासन एवं सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने की बात भी समान रूप से करता है।


**दीदार** जम्मू-कश्मीर में नदी के ऊपर बने दुनिया के सबसे ऊंचे पुल को लेकर गजब का जुनून देखने को मिल रहा

# पायलट बोला- हम चिनाब ब्रिज के ऊपर हैं, तस्वीर लेने को मची होड़

नई दिल्ली, एजेंसी

जम्मू-कश्मीर में चिनाब नदी पर बने दुनिया के सबसे ऊंचे रेल पुल की तस्वीर लेने को लेकर श्रीनगर जाने वाले विमान यात्रियों के बीच गजब का जुनून देखने को मिल रहा है। इस पुल का उद्घाटन छह जून को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया था।

रेल मंत्रालय द्वारा जारी एक प्रेस बयान के अनुसार, विमान के पायलट विशेष घोषणाएं कर रहे हैं और यात्री दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे पुल (मेहराबदार पुल) की तस्वीरें लेने के प्रति काफी उत्सुकता दिखा रहे हैं। रेलवे बोर्ड के सूचना और प्रचार मामलों के कार्यकारी निदेशक दिलीप कुमार ने रविवार



को कहा, चिनाब नदी पर बना पुल हर ऊंचाई से प्रशंसा प्राप्त करता है, जहां धरती से उठे गर्व की गूंज बादलों के बीच गूंजती है। उन्होंने कहा, इन दिनों जम्मू-कश्मीर की शानदार घाटियों से गुजरने वाली हर उड़ान एक खास पल का गवाह बनती है। जैसे ही विमान चिनाब घाटी के पास पहुंचता है, पायलट की आवाज केबिन में गूंजती है: आपके नीचे दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे-मेहराब पुल (चिनाब पुल) है।

## घोषणा होती है, यात्री खिड़कियों की ओर दौड़ पड़ते हैं

जैसे ही यह घोषणा होती है, यात्री खिड़कियों की ओर दौड़ पड़ते हैं और अपने मोबाइल फोन पर इस ऐतिहासिक चमत्कार का वीडियो रिकॉर्ड करना और तस्वीरें लेना शुरू कर देते हैं। केबिन में गर्व की भावना का प्रसार होता है- यात्री ताली बजाते हैं, मुस्कुराते हैं और भारतीय इंजीनियरिंग के चमत्कार के लिए प्रशंसा के शब्द साझा करते हैं। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि आस-पास के गांवों और पहाड़ी क्षेत्रों के स्थानीय लोग अलग-अलग जगहों से पुल की तस्वीरें लेते और वीडियो रिकॉर्ड करते देखे जा सकते हैं। इस संबंध में एक अधिकारी ने कहा, कुछ लोग इस पल को सीधे प्रसारित कर रहे हैं, जबकि अन्य इसे इंस्टाग्राम और फेसबुक पर तुरंत साझा कर रहे हैं। कुमार के अनुसार, आसमान में उड़तीं उड़ानें चिनाब पुल को देखने का झरोखा बन गई हैं, जमीन पर भी लोग इस विस्मयकारी रचना को कैद करने में व्यस्त हैं जो भविष्य की पीढ़ियों के साथ साझा करने के लिए इतिहास के एक भाग को संरक्षित करती है। महत्वाकांक्षी उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक (यूएसबीआरएल) परियोजना के हिस्से के रूप में चिनाब पुल दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे-मेहराब पुल है।

## भारतीय मूल के दम्पति को न्यूजीलैंड में शाही सम्मान

**मुंबई।** महाराष्ट्र के सुनीत प्रकाश और उनकी गुजराती पत्नी ललिता कासंजी को सूचना प्रौद्योगिकी उद्योग और वहां के भारतीय प्रवासियों के लिए सेवा करने को लेकर न्यूजीलैंड ऑर्डर ऑफ मेरिट के सदस्य सम्मान के लिए चुना गया है। न्यूजीलैंड का यह पुरस्कार भारत के शीर्ष पद्म राष्ट्रीय पुरस्कारों के समान है।

दोनों सदस्यों को गवर्नर-जनरल डेम सिंडी कीरो द्वारा जल्द ही सम्मानित किया जाएगा। कीरो यूनाइटेड किंगडम के राजा चार्ल्स तृतीय के प्रतिनिधि हैं। न्यूजीलैंड ब्रिटिश सम्राट को अपने राष्ट्राध्यक्ष के रूप में मान्यता देता है। न्यूजीलैंड ऑर्डर ऑफ मेरिट नामक पुरस्कारों के व्यापक समूह की स्थापना 30 मई, 1996 को तत्कालीन ब्रिटिश सम्राट महारानी एलिजाबेथ द्वितीय द्वारा जारी एक रॉयल वारंट द्वारा की गई थी।

# पोप लियो ने राजनीतिक राष्ट्रवाद की आलोचना की

- मेल-मिलाप व संवाद के लिए प्रार्थना की



वेटिकन सिटी, एजेंसी

कैथोलिक ईसाई धर्म के सर्वोच्च नेता पोप लियो 14वें ने रविवार को मेल-मिलाप व संवाद के लिए प्रार्थना की। उन्होंने विश्व में राष्ट्रवादी राजनीतिक आंदोलनों के उभार की भी आलोचना की। पोप का यह संदेश कैथोलिक चर्च को शांति का प्रतीक बनाने के उनके संकल्पों के अनुरूप है।

पोप ने हजारों श्रद्धालुओं के सामने सेंट पीटर्स स्क्वायर में सामूहिक प्रार्थना की और पवित्र आत्माओं से बाधाओं को तोड़ने, उदासीनता और घृणा की दीवारों को गिराने का आह्वान किया। अमेरिकी मूल के पहले पोप लियो-14वें ने कहा, जहां प्रेम है, वहां पूर्वाग्रह के लिए, हमें अपने पड़ोसियों से अलग करने वाले सुरक्षा क्षेत्रों के लिए, बहिष्कार की मानसिकता के लिए कोई स्थान नहीं है, जिसे, दुर्भाग्य से, हम अब राजनीतिक राष्ट्रवाद में भी उभरते हुए देख रहे हैं। उन्होंने हालांकि, किसी विशिष्ट देश या नेता का नाम नहीं लिया। लियो ने दिवंगत पोप फ्रांसिस के शब्दों को भी याद किया, जिन्होंने मई 2023 में पेंटेकोस्ट के मौके पर कहा था कि हमारी दुनिया में हम सभी जुड़े हुए हैं, फिर भी हम खुद को एक-दूसरे से अलग पाते हैं, उदासीनता से सुन्न हो जाते हैं और एकांत से अभिभूत हो जाते हैं।